राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 टाइगर प्रिंट ड्रेस में दिशा पाटनी ने ...



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन पहुंचे लद्दाख... 12

गाजियाबाद, शनिवार 20 जून 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 103, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

# स्विट्ज़रलैंड में अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली वार्ता अचानक रद्द, इजरायल-हिज्बुल्लाह के हमले जारी

**वाशिंगटन ।** अमेरिका और ईरान के बीच 14 सूत्रीय समझौता होने के बाद स्विट्जरलैंड जिनेवा में 19 जून शुक्रवार को दोनों देशों की बैठक होनी थी, जिसे अचानक रद्द कर दिया गया है। स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्रालय ने बताया कि वार्ता छोटे से गांव ओबबर्गेन के बर्गेंस्टॉक पर्वतीय रिसॉर्ट में होने वाली थी, जो अब नहीं होगी। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस बातचीत के लिए वहां पहुंचने वाले थे, जो नहीं पहुंचे हैं। ईरान की ओर से भी कोई अधिकारी नहीं पहुंचा।

व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिका जितनी जल्दी हो सके तकनीकी वार्ता शुरू करने



के लिए उत्सुक है, और साथ ही यह घोषणा की कि ट्रंप प्रशासन की ओर से वार्ता का नेतृत्व कर रहे वेंस अब यात्रा नहीं करेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि इन वाताओं की व्यवस्था कभी भी सरल या पूर्वानुमानित नहीं रही है। फिलहाल उपराष्ट्रपति आज रात रवाना नहीं हो रहे हैं। ईरान ने कोई बयान नहीं दिया है।

यह बातचीत ऐसे समय रद्द हुई है, जब इजरायल ने लेबनान के कई शहरों में रुक-रुककर गोलाबारी शुरू की है। इसके बाद, गुरुवार देर रात ईरान समर्थित हिज्बुल्लाह ने नबातीह शहर के पास इजरायली सेना को रॉकेटों से निशाना बनाया। इसके बाद, इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए शहर और आसपास के कस्बों पर हवाई हमले किए, जिनमें बच्चों समेत 16 लोग मारे गए हैं। इजरायली सेना का कहना है कि उसने युद्धविराम के उल्लंघन पर जवाब दिया है। अमेरिका-ईरान समझौता होने के बाद सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने बयान जारी कर बताया कि उन्होंने ईरानी रक्षा अधिकारों के आश्वासन पर समझौते को मंजूरी दी है। इसके बाद समझौते के शीर्ष वार्ताकार और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गलिबाफ ने एक्स पर चेतावनी दी कि अगर अमेरिका गलत नीयत, कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने और बहुत ज्यादा मांग की जाती है, तो हमें दुश्मन को करारा जवाब देने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी।

## दुश्मन के अड्डों को तबाह करने में सक्षम ड्रोन सिस्टम पर बड़ा करार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। स्वदेशी रक्षा उत्पादक कंपनी एसएमपीपी ने यूरोप की अग्रणी सैन्य उपकरण निमार्ता कंपनी केएनडीएस के साथ अत्याधुनिक लॉइटरिंग म्यूनिशन्स (आसमान में मंडराने वाले आत्मघाती ड्रोन) के स्वदेशी निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीकी सहयोग समझौता किया है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित प्रतिष्ठित यूरोसैटरी रक्षा प्रदर्शनी के दौरान इस ऐतिहासिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इस रणनीतिक साझेदारी का प्राथमिक उद्देश्य भारत में घरेलू रक्षा विनिर्माण को सुदृढ़ करना और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों को तत्काल पूरा करना है।



## न्यूज डायरी

### दिल्ली के मंगोलपुरी में फर्नीचर दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया. संजय गांधी अस्पताल के पीछे स्थित ऑटो मार्केट के पास एक फर्नीचर की दुकान में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया. दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकान मालिक को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा.

घटना रात करीब तीन बजे की है. स्थानीय लोगों ने अचानक दुकान से उठती आग की लपटें और धुआं देखा, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई. लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी. सूचना मिलते ही दमकल विभाग की करीब



आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया. दुकान में बड़ी मात्रा में लकड़ी और फर्नीचर का सामान रखा हुआ था. ज्वलनशील सामग्री अधिक होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया. दमकलकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे आसपास की अन्य दुकानों तक फैलने से रोक दिया। राहत की बात यह रही कि घटना देर रात हुई, जब पूरा बाजार बंद था और वहां लोगों की आवाजाही नहीं थी. यदि यह हादसा दिन के समय होता तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी. आग लगने से दुकान का लगभग पूरा सामान नष्ट हो गया, जिससे दुकान मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है. शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा. मंगोलपुरी की इस घटना ने एक बार फिर राजधानी के बाजारों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा मानकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं. गनीमत रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन आग ने लाखों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है. दमकल विभाग और संबंधित एजेंसियां मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई हैं।

### 56 साल के हुए राहुल गांधी, पीएम मोदी ने जन्मदिन पर दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को 56 साल के हो गए। उनका जन्म साल 1970 में हुआ था। राहुल ने महज 14 साल की उम्र में अपनी दादी इंदिरा गांधी को खो दिया था। इसके बाद उनके पिता की भी हत्या कर दी गई थी। इस राहुल काफी छोटे थे। लंबे समय बाद राहुल ने 2004 में राजनीति में कदम रखा और अब वह विपक्ष का सबसे अहम चेहरा हैं। हालांकि, राहुल के राजनीति में आने के बाद से कांग्रेस पार्टी एक-एक कर अधिकतर राज्य खो चुकी है। अब केरल, कर्नाटक और हिमाचल जैसे



चुनिंदा राज्यों में ही कांग्रेस सत्ता में है।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। उनकी अच्छी सेहत और लंबी उम्र की प्रार्थना करता हूं। पीएम मोदी के अलावा बीजेपी, कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों के कई नेताओं ने राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।केरल में कांग्रेस नेताओं ने सोशल मीडिया पर राहुल के राजनीतिक सफर और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनके कमिटमेंट की तारीफ करते हुए मैसेज और तस्वीरें शेयर कीं। राज्य के हायर एजुकेशन मिनिस्टर रोजी एम जॉन ने गांधी को एक ऐसा लीडर बताया, जिन्होंने आज के भारतीय राजनीतिक इतिहास में बेमिसाल संकटों, बुरे चरित्र हनन कैंपेन और बदनाम करने वाले हमलों का सामना किया।जॉन ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, यहां तक कि जब उनकी पार्लियामेंट की मेंबरशिप रद्द होने और उनके सरकारी घर से निकाले जाने की चुनौती मिली।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने नीट परीक्षा से पहले टेलीग्राम पर प्रतिबंध बरकरार रखा

**न्यायमूर्ति तेजस कारिया ने शुक्रवार सुबह फैसला सुनाया**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को टेलीग्राम की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया और राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 से पहले अस्थायी प्रतिबंध को बरकरार रखा है। टेलीग्राम ने केंद्र सरकार के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें 21 जून को होने वाली नीट 2026 की पुनर्परीक्षा से पहले पेपर लीक को रोकने के लिए मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को 22 जून तक प्रतिबंधित किया गया है। न्यायमूर्ति तेजस कारिया ने शुक्रवार सुबह फैसला सुनाया।

न्यायमूर्ति तेजस कारिया ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार के उपाय सबसे कम प्रतिबंधात्मक हैं। यह नहीं कहा जा सकता कि आदेश असंगत है। बता दें कि राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी और शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की सिफारिशों के बाद टेलीग्राम पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश पारित किया गया था। सरकार को चिंता थी कि टेलीग्राम का इस्तेमाल नीट-यूजी विवाद में शामिल संगठित नकल नेटवर्क द्वारा किया जा रहा था।





टेलीग्राम ने कोर्ट में दावा किया कि उसने गैर-कानूनी नीट संबंधित सामग्री वाले 900 से अधिक लिंक को हटाकर सक्रिय उपाय लागू किए हैं। इसके तहत, प्लेटफॉर्म पर गैर-कानूनी जानकारी से निपटने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग टूल का उपयोग किया जा रहा है। इस पर केंद्र ने कहा कि प्लेटफॉर्म की तकनीकी और वास्तुशिल्पीय विशेषताएं ऐसी हैं कि बॉट्स के जरिए स्वचालित खाते बनाना संभव है, जो निरंतर मानवीय हस्तक्षेप के बिना संचार कर सकता है।

सुनवाई के दौरान, न्यायाधीश ने केंद्र से मौखिक रूप से पूछा था कि क्या 15 करोड़ उपयोगकताओं के अधिकारों को केवल इसलिए अवरुद्ध किया जा सकता है क्योंकि नीट अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। टेलीग्राम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पावेल ड्यूरोव ने भी एक बयान में कहा था कि केंद्र की कार्रवाई भारत में 15 करोड़ से अधिक आम टेलीग्राम उपयोगकताओं को दंडित करती है, न कि उन 'अंदरूनी लोगों' को जिन्होंने परीक्षा सामग्री लीक की थी।

## सुप्रीम कोर्ट से सीएम विजय को राहत! विश्वास मत में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु विधानसभा में 13 मई को हुए विश्वास मत में कथित अनियमितताओं



और भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी मोहना की बेंच ने इस याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए टिप्पणी की कि यह दावे की पुष्टि करने के लिए रिकॉर्ड पर बिना किसी विश्वसनीय सामग्री के 'अस्पष्ट, अनर्गल और आरोपों' पर आधारित है। बेंच ने साफ कर दिया कि वह याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार नहीं है. तमिलनाडु में 13 मई को, सी जोसफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) सरकार ने द्रविड़ मुनेत्र कझगम (द्रमुक) के वॉकआउट के बीच अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कझगम (अन्नाद्रमुक) के 25 बागी विधायकों के समर्थन से विश्वास मत हासिल कर एक बड़ी बाधा को पार कर लिया था।

## मध्य प्रदेश की भूमिका अहम: सिकल सेल उन्मूलन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बयान



**खंडवा (ओंकारेश्वर) (आरएनएस)।** विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर मध्य प्रदेश की पवित्र नगरी ओंकारेश्वर में एक राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिकल सेल जैसी गंभीर स्वास्थ्य चुनौती पर गहरी चिंता व्यक्त की। इसके साथ ही उन्होंने इस बीमारी के समूल नाश (उन्मूलन) के लिए विभिन्न स्तरों पर युद्धस्तर पर काम कर रही मध्य प्रदेश सरकार के प्रयासों की खुलकर सराहना की। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस विशेष आयोजन को स्वास्थ्य क्षेत्र की सबसे गंभीर चुनौती से निपटने की दिशा में एक अत्यंत सार्थक कदम बताया। उन्होंने कहा कि विश्व सिकल सेल उन्मूलन अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश ने जो अभूतपूर्व और बहुआयामी उपलब्धियां हासिल की हैं, उसके लिए वह राज्य सरकार की हृदय से आभारी हैं।

**गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में मध्य प्रदेश की पहल सबसे मिसाल**

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2023 में जब इस राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत की गई थी, तब स्क्रीनिंग (जांच) को लेकर जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, उसे मध्य प्रदेश सरकार ने समय सीमा से काफी पहले ही हासिल कर लिया है।

## लंदन में दर्जनों जजों के बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की खबरों को हटाने की मांग,हाईकोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पिछले दिनों लंदन में दर्जनों जजों के बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की खबरों को मनगढ़ंत और झूठा बताते हुए बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. बैडमिंटन एसोसिएशन ने इन खबरों को फर्जी बताते हुए इन्हें हटाने की मांग की है. हाईकोर्ट ने इस याचिका पर आज दोपहर बाद सुनवाई करने का आदेश दिया है। शुक्रवार को बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से पेश वकील अपूर्व कुरुप ने इस याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की. उन्होंने कहा कि दर्जनों जजों के लंदन में बैडमिंटन खेलने की खबरें वायरल हो गई हैं. इन खबरों से ये खेल बदनाम हो रहा है. मेंशनिंग के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें याचिका की एडवांस कॉपी मिल चुकी है और इस








संबंध में फर्जी खबर कई गुणा तेज गति से वायरल हो रही है। वायरल सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया है कि चीफ जस्टिस सूर्यकांत और कुछ केंद्रीय मंत्रियों के साथ देश के करीब 75 जज लंदन जाकर बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लिया. ये सारा आयोजन देश के करदाताओं के पैसे से किया गया. इस वायरल पोस्ट से देश की न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे। लोग बैडमिंटन टूनामेंट में हिस्सा लेने वाले जजों की ईमानदारी पर भी सवाल उठाने लगे. हालांकि सरकार की फैक्ट चेकिंग यूनिट ने इस खबर को खारिज करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन मेघवाल और किरण रिजिजू के लंदन जाकर बैडमिंटन टूनामेंट में हिस्सा लेने की खबरें फर्जी हैं. फैक्ट चेकिंग यूनिट ने कहा कि जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई हैं वे 2025 में दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम की हैं न कि लंदन की।

**आलोचना** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 62वें सत्र में पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की

# यूएन में भारत ने जम्मू-कश्मीर को अभिन्न अंग बताया, कहा-पाकिस्तान आतंकवाद का निर्यात करता है

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 62वें सत्र में पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए जम्मू और कश्मीर के संबंध में इस्लामाबाद के आरोपों को खारिज कर दिया। भारत ने पाकिस्तान को एक फ्रैंकस्टीन राज्य बताया, जिसने आतंकवाद को अपनी नीति के रूप में बढ़ावा दिया और अब अपने ही कर्मों का फल भुगत रहा है। भारत ने कहा कि जब उसका अपना ही आतंकवाद रूपी राक्षस पलटवार करता है तो वह चौंक जाता है।

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने जम्मू-कश्मीर के संबंध में पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) द्वारा किए गए बयानों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा,हम ओआईसी द्वारा जम्मू-कश्मीर के संदर्भों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। पाकिस्तान का दुष्प्रचार उसकी घरेलू विफलताओं और आतंकवाद को समर्थन देने को छिपाने के लिए रचा गया है। ओआईसी समन्वयक की भूमिका का उसका दुरुपयोग इस



धोखे को और भी पुष्ट करता है।

पीओके में हिंसा को लेकर भारत ने कहा, रावलकोट में जारी त्रासदी, सैकड़ों नागरिकों की हत्या और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में क्रूर कार्रवाई, जबरन कब्जे पर आधारित और आर्थिक मंदी के जरिए कायम रखी गई व्यवस्था का नतीजा है। दशकों से चले आ रहे सैन्य अतिक्रमण, जनसांख्यिकीय हेरफेर और बुनियादी स्वतंत्रताओं से वंचित करने के कारण स्थिति ऐसी हो गई है कि रोटी, बिजली, अधिकार और सम्मान जैसी मांगों का भी गोलियों और क्रूरता से सामना करना पड़ता है। सिंह ने कहा, पाकिस्तान वह देश है जहां मौजूदा रक्षा मंत्री आतंकवादियों को पनाह देने, प्रशिक्षण देने और तैनात करने को राज्य नीति बताते हैं और फिर भी पाकिस्तान खुद को आतंकवाद का शिकार कहता है। यह एक फ्रेंकस्टीन राज्य का जीता-जागता उदाहरण है, जो तब हैरान रह जाता है जब उसका अपना ही राक्षस पलटवार करता है। यह एक ऐसा विरोधाभास है जिसे केवल पाकिस्तान ही कायम रख सकता है। भारत ने कहा, सिंधु जल संधि पर हमारा रुख सर्वविदित है। यह तर्कहीन है कि एक ऐसा देश जो नीति के साधन के रूप में आतंकवाद का निर्यात करता है, सद्भावना और मित्रता पर आधारित सहयोग के विशेषाधिकारों की मांग करता रहे। यह भी निर्विवाद है कि संधि अब अप्रचलित हो चुकी है। कोई भी तकनीकी व्यवस्था समय के साथ स्थिर नहीं रह सकती जबकि उसके आसपास की दुनिया बदलती रहती है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान बढ़ाएं आय, स्वस्थ रखें धरती: राजस्व राज्य मंत्री सुरेंद्र दिलेर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर** । कृषि विज्ञान केंद्र, बुलंदशहर में कृषि विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुक्रवार को सफल समापन हुआ। कार्यशाला के दूसरे एवं अंतिम दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व राज्य मंत्री सुरेंद्र दिलेर ने की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में डिबाई विधायक चंद्रपाल सिंह, सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह तथा बुलंदशहर विधायक प्रदीप कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा पदाधिकारी, किसान मोर्चा के प्रतिनिधि, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक सहित कृषि विभाग के अनेक अधिकारी मौजूद रहे।



कार्यशाला के दौरान कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम होती है, जिससे खेती की लागत घटती है और भूमि की उर्वरा शक्ति में सुधार होता है। वैज्ञानिकों ने किसानों को जीवामृत एवं बीजामृत के महत्व से अवगत कराया तथा गाय के गोबर और गोमूत्र जैसे स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर जैविक खाद एवं प्राकृतिक कीटनाशक तैयार करने की विधियों का प्रदर्शन किया। साथ ही रासायनिक खेती से मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया।

# खुर्जा के मीट कारोबारी अनवर हुसैन समेत दो गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़/खुर्जा।** अलीगढ़ जनपद के चंडौस थाना पुलिस ने प्रतिबंधित गौमांस से जुड़े एक मामले में खुर्जा के बड़े मीट कारोबारी अनवर हुसैन और असफाक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस की यह कार्रवाई जनवरी 2026 में दर्ज किए गए एक मामले के संबंध में की गई है।

जनवरी 2026 में चंडौस क्षेत्र में पुलिस द्वारा की गई चेकिंग के दौरान एक मीट फैक्ट्री के ट्रक की जांच की गई थी। जांच के दौरान ट्रक में कथित रूप से प्रतिबंधित गौमांस मिलने का मामला सामने आया था। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस जांच के आधार पर चंडौस थाना पुलिस ने खुर्जा स्थित अल-हम्द मीट फैक्ट्री के स्वामी अनवर हुसैन तथा असफाक को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि अनवर हुसैन पूर्व केंद्रीय मंत्री सरवर हुसैन के भाई हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में पेश किया। मामले में आगे की कार्रवाई न्यायिक प्रक्रिया के तहत की जा रही है। चंडौस थाना पुलिस का कहना है कि प्रतिबंधित पशु वध और गौमांस तस्करी से जुड़े मामलों में कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा मामले की जांच जारी है। फिलहाल पुलिस द्वारा की गई जांच और न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# कांग्रेसियों ने बैंड की धुन पर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन,प्रधानमंत्री बनाने का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जननायक, नेता विपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में ऊअश कालेज पर बैंडबाजे की धुन पर हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया। कांग्रेस कार्यकताओं ने बैंड-बाजों की धुन पर डांस करते हुए केक काटकर एक-दूसरे को खिलाया। कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट ने कहा कि राहुल गांधी देश में लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने नफरत के माहौल में मोहब्बत और भाईचारे का संदेश देकर देश की राजनीति को नई दिशा दी है। कांग्रेस कार्यकर्ता उनके विचारों और संघर्षों से प्रेरणा लेकर संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि देश और संविधान बचाने के लिए आज राहुल गांधी जी और कांग्रेस को मजबूती देना वक्त की जरूरत है।




पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, राकेश भाटी, राजकुमार पंडित, भजनलाल और साजिद गाजी ने कहा कि राहुल गांधी आज देश के करोड़ों युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज बनकर उभरे हैं। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस नेता वीरेंद्र शर्मा, नरेंद्र चौधरी, मनोज शर्मा, मनीष चतुवेर्दी और नईम मंसूरी ने कहा कि राहुल गांधी का संघर्ष केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि देश के संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक सद्भाव की रक्षा के लिए है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबूती के साथ जनता के मुद्दों को उठाती रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने एकजुट होकर राहुल गांधी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया तथा आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का निर्णय लिया। कार्यकताओं ने संगठनात्मक एकता, बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प भी लिया। इस अवसर सुभाष गांधी, राकेश भाटी, नरेंद्र चौधरी, किशन चौधरी, राजकुमार पंडित, भजनलाल, आदर्श देव शर्मा, नईम मंसूरी, साजिद गाजी, सचिन वशिष्ठ, लुकमान चौहान, विनेश बाल्मिकी, देशदीपक भारद्वाज, अनुपम भारद्वाज, इस्लामुद्दीन सैफी, इशू शर्मा, गुरुबचन सिंह, राजकुमार बघेल, जुबेर फारूकी आदि मौजूद रहे ।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने किया वृक्षारोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर** । नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बुलंदशहर द्वारा जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान (एडवोकेट) के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय पर 11 वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकताओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि राहुल गांधी जी सदैव प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की बात करते रहे हैं। उनके जन्मदिन पर वृक्षारोपण कर कांग्रेस कार्यकताओं ने समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष अनेक पीढ़ियों को जीवन देता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपाय है। कांग्रेस पार्टी सामाजिक सरोकारों और जनहित के मुद्दों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



# सीओ दीपक कुमार कर्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील और जनहित को समर्पित अधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** सिकंदराबाद क्षेत्र में इसी सप्ताह तैनात क्षेत्राधिकारी (सीओ) दीपक कुमार अपनी कार्यशैली, विनम्र व्यवहार और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के कारण लोगों के बीच विशेष पहचान बना रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी के रूप में वे कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के साथ-साथ जनता और पुलिस के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का भी निरंतर प्रयास कर रहे हैं। सीओ दीपक कुमार का मानना है कि पुलिस का कार्य केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण तैयार करना भी उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यही कारण है कि वे विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सार्वजनिक आयोजनों से पहले संबंधित समितियों, गणमान्य नागरिकों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुनते हैं।हाल ही में मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत आयोजित बैठकों में भी उनकी कार्यशैली देखने को मिली, जहां उन्होंने सभी समुदायों के लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की और प्रशासन के साथ सहयोग करने का आग्रह किया।



उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी समस्या या विवाद की स्थिति में पुलिस प्रशासन जनता के साथ खड़ा है और तत्काल सहायता उपलब्ध कराएगा।उनका व्यवहार सरल, सहज और मिलनसार माना जाता है। फरियादियों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुनना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देना उनकी कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यही वजह है कि उनके सर्किल के लोग उन्हें एक संवेदनशील और जिम्मेदार अधिकारी के रूप में देख रहे हैं। कानून व्यवस्था के प्रति उनकी सतर्कता और प्रशासनिक दक्षता भी उल्लेखनीय है। अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए वे लगातार क्षेत्र का भ्रमण करते हैं तथा पुलिस बल को सक्रिय और जवाबदेह बनाए रखने पर विशेष ध्यान देते हैं।सीओ दीपक कुमार की कार्यशैली यह दशार्ती है कि एक प्रभावी पुलिस अधिकारी वही है जो कठोरता और संवेदनशीलता के बीच संतुलन स्थापित करते हुए जनता के विश्वास को सर्वोपरि रखे। उनकी सक्रियता, सकारात्मक सोच और जनहितकारी दृष्टिकोण निश्चित रूप से पुलिस-जनता संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगा हैं।

यहाँ से पूर्व सीओ साहब सम्भल जनपद में चन्दौसी, बहजोई आदि में अपनी कार्य प्रणाली से लोगों के अलग छवि बनाई वहां के लोग आज भी इनकी प्रशंसा करते हैं। सीओ साहब ने वहां 3 महीने में लगभग एक दर्जन महिलाओं को जेल भिजवाया जिन्हों ने झूठे मुकदमे लिखाए थे।

# 21 जून को यमुनापुरम स्टेडियम में मनाया जाएगा 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को यमुनापुरम स्टेडियम में जनपद स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने जनपद के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालयों, चिकित्सा इकाइयों तथा आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में योग कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ और निरोग बनाता है, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक शांति भी प्रदान करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि योग दिवस को जनभागीदारी का उत्सव बनाने के लिए प्रतिभागी अपने योग सत्रों की फोटो, वीडियो एवं अनुभव योग संगम पोर्टल पर भी साझा कर सकते हैं। इससे समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक लोग योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित होंगे।





# छोटे हाथी चालक ने बाइक में मारी टक्कर,चार घायल एक की हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर के खुर्जा रोड पर शुक्रवार को अनियंत्रित छोटा हाथी चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने छोटा हाथी को कब्जे में ले लिया है। खुर्जा थाना देहात के गांव नगला शेखू निवासी विकास पुत्र तेजवीर अपनी पत्नी ममता पुत्र आरुष और महक पुत्र भूपेंद्र के साथ शिकारपुर के मोहल्ला मूर्ति विहार एक पार्टी से अपने गांव लौट रहा था। शिकारपुर से खुर्जा मार्ग पर मोहल्ला खेड़ा के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे छोटा हाथी ने मोटरसाइकिल सवारों को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें मोटरसाइकिल सवार चारों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहीं छोटा हाथी चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को नगर के अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान विकास की हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक मामले की थाने पर तहरीर नहीं दी गई थी।

**उपचार के दौरान विकास की हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक मामले की थाने पर तहरीर नहीं दी गई थी**

# व्यापारी अधिशासी अधिकारी से मिले, घटना से कराया अवगत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** वीरवार को नगर पालिका परिषद की अतिक्रमण हटाने को लेकर आई टीम के द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान खुर्जा बस स्टैंड के पास सुरेश चंद सैनी की चाय की दुकान है सुरेश सैनी के पुत्र करण के घायल होने पर शुक्रवार को व्यापारी नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह से मिले और उन्हें कहा कि इस तरह की घटना शर्मनाक है उन्हें ज्ञापन दिया। जिसमें घटना से संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया। इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल 'भारत' के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गर्ग ने कहा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो जिससे कोई व्यापारी घायल हो । इस अवसर पर पुरुषोत्तम वार्ष्णेय, सत्येंद्र सैनी, मोहित शर्मा, सुरेश सैनी, लक्ष्मण सैनी, अजय प्रजापति, दुर्गा प्रसाद सैनी, संजय सैनी, संतोष कश्यप, राहुल आदि अनेक व्यापारी रहे।




# प्रापर्टी डीलर के आफिस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई, एक युवक घायल अस्पताल में इलाज जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पुलिस मौके पर मामूली कहासुनी के बाद हुआ हमला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित तमाम आला अधिकारियों ने किया मौका मुआयना**

**औरंगाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव रजवाना निवासी एक युवक को दूसरे समुदाय के आधा दर्जन बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर घायल कर दिया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस की टीमें हमलावरों की सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई हैं। सभी हमलावर फरार होने में कामयाब रहे। घटना का कारण एक दिन पूर्व दो समुदायों के युवकों के बीच हुआ मामूली विवाद बताया जाता है। रिपोर्ट अभी दर्ज नहीं कराई गई है।

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चरौरा मुस्तफाबाद के सामने स्टेट हाइवे स्थित खान प्राप्र्टी डीलर निसार के आफिस पर शुक्रवार दोपहर लगभग ग्यारह बजे लगभग आधा दर्जन बाइक सवार लाठी डंडों तमंचे से लैस हमलावरों ने ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। और फायरिंग शुरू कर दी। आफिस में बैठे गुलजार पुत्र निसार उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी ग्राम रजवाना के पेट में गोली लगी जिसके चलते वह बुरी तरह जख़्मी हो गया। हमले में आफिस को भी नुकसान पहुंचा है। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है।

बताया जाता है कि गुरुवार को गांव के रास्ते पर आमने-सामने आ रही दो गाड़ी चालकों में गाड़ी हटाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। लोगों ने मामला रफा दफा कर दिया। लेकिन उसके बाद गैर समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर दूसरे समुदाय के एक युवक को घेर कर मारपीट कर जख़्मी कर दिया था। मामला थाने पहुंचा और पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में ले लिया था। इसी परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को दूसरे समुदाय के हमलावरों ने खान प्रापर्टी डीलर के आफिस पर हमला बोला।



घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,एस पी सिटी सी ओ स्याना और सी ओ सिटी ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और पुलिस को हमलावरों को अविलंब कानून के हवाले करने के सख्त निर्देश दिए। उच्चाधिकारियों ने अनेक टीमें गठित कर हमलावरों की सरगर्मी से तलाश शुरू कराई।

पुलिस की टीमें हमलावरों की तलाश में जुटी हुई हैं। घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। दो समुदायों से जुड़े होने के चलते गांव में तनाव बना हुआ है। जिले के आला अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। भारी पुलिस बल मौके पर तैनात है। घायल गुलजार की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे मेरठ रैफर कर दिया है।

**रचा इतिहास** गोल्ड मेडल जीत, स्टेट चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

# सिकंदराबाद के 8 खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जनपद के खुर्जा मार्शल आर्ट्स एकेडमी में आयोजित 11 वीं बुलन्दशहर डिस्ट्रिक्ट वुशु चैंपियनशिप एवं स्टेट ट्रायल में द स्पोर्ट्स एंड मार्शल आर्ट्स एकेडमी, सिकंदराबाद के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया।

एकेडमी के कोच मास्टर जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में 8 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी 8 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीतकर न केवल एकेडमी, सिकंदराबाद बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया। सभी चयनित खिलाड़ी अब 25 से 28 जून तक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, शामली में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय वुशु चैंपियनशिप एवं नेशनल सिलेक्शन ट्रायल में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं,रिहान कुरैशी, समीर इंडियन, कारी अम्मार कुरैशी, मोहसिन पहलवान, अरहान अंसारी, शेर खान,और कशाफ, हम्माद। इस उपलब्धि पर कोच मास्टर जाकिर हुसैन ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए गौरव का विषय है। गुरुवार को बच्चों के घर वापस आने पर कस्बा निवासियों एवं अभिभावकों ने उनका माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है।

इस अवसर पर उस्ताद मकसूद अहमद, मौलाना आरिफ कासमी, हाफिज फारूक मंसूरी और मकसूद जालिब आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।






# 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: भव्य जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मुख्य विकास अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं वृहद जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।




यह कार्यक्रम दिनांक 21 जून 2026 (शनिवार) को प्रातः 5:30 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित होगा। आयोजन स्थल आई० एम० एस० कॉलेज परिसर, एन० एच० 9, डासना, गाजियाबाद निर्धारित किया गया है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में लगभग 1500 से 2000 योग साधकों के सहभाग करने की प्रबल संभावना है। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से जन-जन को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ भारत झ सशक्त भारत के संकल्प को आगे बढ़ाना है।अतः आपसे अनुरोध है कि इस अवसर पर आयोजित होने वाले इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का कष्ट करें, जिससे अधिक से अधिक नागरिक इस पावन आयोजन से जुड़कर लाभान्वित हो सकें।

# राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में 21 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में 21 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ संस्थान के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एवं एनसीआर के लगभग 40 इंजीनियरिंग कॉलेज के 200 से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं ' कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में समर कैंप के संयोजक एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के विभाग अध्यक्ष डॉ अमित सिंघल ने सभी का स्वागत किया और छात्रों को नई तकनीक की जानकारी सीखने के लिए प्रेरित किया ' छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि सीएसई विभाग 2026 से एनबीए मान्यता प्राप्त हो गया है, साथ ही विभाग ने एम.टेक (सीएसई) का स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया है, जिससे छात्रों के लिए उच्च शिक्षा एवं शैक्षणिक प्रगति के नए द्वार खुलेंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में बढ़ती हुई डिमांड को देखते हुए संस्थान ने घोषणा की है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को पूरे चार वर्षों तक 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।







छात्रों को संबोधित करते हुए नेटकैम्प सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर शांतू पुरकैत ने नेटवर्किंग ,वेब डेवलपमेंट, एथिकल हैकिंग तथा एंड्रॉयड पर सभी विद्यार्थियों को जानकारी दी कि पूरे सत्र में लाइव ट्रेनिंग और प्रोजेक्ट पर काम कराया जाएगा' संस्थान के डीन डॉ आर के यादव ने छात्रों को पूरे अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सीखने के लिए प्रेरित किया जिससे वह अधिक से अधिक तकनीकी जानकारी प्राप्त कर सके और भविष्य में अपने रोजगार को सुरक्षित कर सकें। कार्यक्रम के संचालन में विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार सागर का अहम योगदान एवं सहयोग रहा। कॉलेज के वाइस चेयरमैन, अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान, डीन स्टूडेंट वेल्फेयर के एचजी गर्ग एवं डॉ रामेंद्र सिंह ने इस तकनीकी कैंप के आयोजन के लिए कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग को शुभकामनाये दी।

# शारदा विश्वविद्यालय ने एडवांस्ड समर ट्रेनिंग प्रोग्राम 2026 का आयोजन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** सेंट्रल इंस्ट्रुमेंटेशन फैसिलिटी (CIF), शारदा विश्वविद्यालय ने सफलतापूर्वक एडवांस्ड समर ट्रेनिंग प्रोग्राम 2026 का शुभारंभ किया है। शारदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सिबाराम खारा और शोध संकाय के डीन प्रो. भुवनेश कुमार ने उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाई। यह कार्यक्रम एक व्यापक कौशल-विकास कि पहल है, जिसे छात्रों, शोधार्थियों और शोधकताओं को उन्नत विश्लेषणात्मक उपकरणों तथा गुड लैबोरेटरी प्रैक्टिस (GLP)- आधारित अनुसंधान कार्यप्रणालियों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह कार्यक्रम 1 जून 2026 को शुरू हुआ और 15 जुलाई 2026 तक जारी रहेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक विश्लेषणात्मक विज्ञान में व्यावहारिक दक्षताओं को मजबूत करना है, जिसके लिए गहन प्रयोगशाला अनुभव और वास्तविक शोध कार्य प्रदान किया जा रहा है। प्रतिभागियों को यूवीझविज़िबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर (UV–Vis), एटॉमिक एब्जॉर्प्शन स्पेक्ट्रोस्कोपी (अअर), एक्स-रे डिफ्रैक्शन (XRD) और हाई-परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (HPLC) सहित उन्नत उपकरणों के संचालन, विश्लेषण और डेटा व्याख्या का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शारदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सिबाराम खारा ने कहा कि यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला, जो समकालीन वैज्ञानिक चुनौतियों का समाधान कर सकें। एडवांस्ड समर ट्रेनिंग प्रोग्राम 2026 शारदा विश्वविद्यालय की अनुभवात्मक शिक्षा, वैज्ञानिक नवाचार और शोध उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसका उद्देश्य युवा



विश्लेषणात्मक मानकों और कार्यप्रणालियों पर केंद्रित है। यूनाइटेड स्टेट्स फामाकोपिया, ब्रिटिश फामाकोपिया और इंडियन फामाकोपिया के दिशानिदेशों के आधार पर फार्मास्युटिकल उत्पादों के विश्लेषण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें पैरासिटामोल, इबुप्रोफेन, एटेनोलोल और एल्बेंडाजोल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, खाद्य विश्लेषण प्रशिक्षण इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर स्टैंडर्डाइजेशन, ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स, AOAC इंटरनेशनल और फूड केमिकल्स कोडेक्स द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जा रहा है, जिसमें बिस्कुट जैसे खाद्य उत्पादों को मॉडल नमूनों के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इस अवसर , प्रो. भुवनेश ने कहा कि सक्षम शोधकताओं के विकास में व्यावहारिक शोधकताओं को उद्योग-प्रासंगिक विश्लेषणात्मक और तकनीकी कौशल से सशक्त बनाना है।

इस पहल के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक प्रयोगशाला प्रथाओं का मूल्यवान अनुभव प्राप्त होता है, जो अकादमिक, शोध, फार्मास्युटिकल, खाद्य विश्लेषण और औद्योगिक गुणवत्ता आश्वासन में भविष्य के करियर के लिए उनकी नींव को मजबूत करता है। इस कार्यक्रम का समन्वयन सेंट्रल इंस्ट्रुमेंटेशन फैसिलिटी (CIF) के प्रमुख डॉ. अतुल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में किया जा रहा है, जिसमें डॉ. अफसर अली के सक्रिय वैज्ञानिक मार्गदर्शन और प्रशिक्षण समर्थन ने प्रतिभागियों के लिए अनुसंधान क्षमताओं और व्यावहारिक सीखने के अवसरों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# 2027 चुनाव की तैयारी में जुटा पश्चिम प्रदेश निर्माण संयुक्त मोर्चा की हुई रणनीतिक बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** स्थित पश्चिम प्रदेश कार्यालय में पश्चिम प्रदेश निर्माण संयुक्त मोर्चा एवं पश्चिमाञ्चल निर्माण पार्टी के पदाधिकारियों और सदस्यों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर व्यापक रणनीतिक विचार-विमर्श किया गया।बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष सत्यपाल यादव ने की।

इस अवसर पर केंद्रीय महासचिव कर्नल सुधीर चौधरी, पश्चिमाञ्चल निर्माण पार्टी के अध्यक्ष डॉ. सतेन्द्र सिंह, केंद्रीय संगठन महासचिव ओमबीर सिंह बीरवाल सहित कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास, क्षेत्रीय असंतुलन, रोजगार, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता लंबे समय से उपेक्षा का सामना कर रही है और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अलग पश्चिम प्रदेश का गठन आवश्यक है।साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान को मजबूत करने तथा क्षेत्रीय जनभावनाओं को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और पश्चिम प्रदेश निर्माण के आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



# नगर निगम पहुंचे डिप्टी सीएम,VTMS,ITMS तथा कंट्रोल रूम का लिया जायजा,महापौर तथा नगर आयुक्त ने चल रहे कार्यों की दी जानकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम मुख्यालय पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का जायजा लिया गया महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया साथ ही जनहित में किया जा रहे कार्यों पर भी जानकारी दी गई जिसके क्रम में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया गया मौके पर स्क्रीन के माध्यम से शहर की यातायात व्यवस्था को देखा गया डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की मॉनिटरिंग को लेकर विस्तार से नगर आयुक्त द्वारा बताया गया, जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कॉल सेंटर के माध्यम से बेहतर कार्य किया जा रहा है मौके पर माननीय डिप्टी सीएम द्वारा देखा गया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा बताया गया कि शहर वासियों की समस्याओं का समाधान, यातायात व्यवस्था मॉनिटरिंग, घरों से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण हेतु प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाना सभी कार्य नगर निगम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहे है प्रशंसा की गई, मौके पर विधायक संजीव शर्मा तथा पार्षद गण भी उपस्थित रहे।





# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विशेष: योग चित्त वृत्ति निरोध एवं मानवता की अमूल्य धरोहर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विशेषः योगासनः शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का एक संपूर्ण विज्ञान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विशेषः योग भारत की प्राचीन संस्कृति व स्वस्थ जीवनशैली की अनमोल धरोहर दिव्य गुरु आशुतोष महाराज (संस्थापक एवं संचालक, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान) योग प्राचीन भारतीय संस्कृति की सम्पूर्ण विश्व की अनमोल धरोहर है। पर हजारों साल की इस वैदिक परम्परा को कुछ साल पूर्व ही वैश्विक मंच मिला। पहली बार 21 जून 2015 को ह्यअंतर्राष्ट्रीय योग दिवसह्ल मनाया गया। इसी तिथि को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में चुनने के पीछे भी एक विशेष कारण था। इस दिन ग्रीष्म संक्रांति होती है, जो दक्षिणायन के नाम से भी बहु-प्रचलित है। दरअसल इस दिन पृथ्वी की दृष्टि से सूर्य कर्क रेखा से मकर रेखा (उत्तर से दक्षिण) की ओर बढ़ना शुरू करता है। इस दौरान सूर्य की किरणें अधिक समय तक धरती पर पड़ती हैं। इसलिए इस दिन सूर्य न केवल जल्दी उदित होता है, बल्कि देर से ढलता है। यह दिन पूरे वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। दीर्घ दिन पर मानव कैसे दीघार्यु हो, यही 21 जून पर योग-दिवस का खास संदेश है। साथ ही, प्रकृति की सकारात्मक ऊर्जा सक्रिय होने के कारण इस दिन योग द्वारा मानव को प्रकृति का विशेष सहयोग प्राप्त होता है।

अब प्रश्न उठता है, भारत में ह्ययोगह्ल का आविर्भाव कहाँ से हुआ? कौन है योग का असली जनक? बहुत से लोग महर्षि पतंजलि को योग का जनक मानते हैं। असल में, जिस प्रकार श्री राम कलियुग के नहीं थे पर गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस रचकर हर कलियुगी हृदय तक त्रेता के श्री राम को आसानी से पहुँचा दिया था। ठीक ऐसे ही, सृष्टि के आदिकाल से चले आ रहे योग को जनमानस तक पहुँचाने का उत्तम कार्य किया- महर्षि पतंजलि ने अपने योगशास्त्र के द्वारा।ह्ययोगह्ल एक विशुद्ध एवं प्रायोगिक विज्ञान है, जो शरीर



और मन के बीच सामंजस्य बनाकर आत्मा को पूर्णता तक पहुँचाता है। प्रसिद्ध व्याकरणाचार्य पाणिनि ने ह्ययोगह्ल शब्द की व्युत्पत्ति तीन धातुओं- ह्ययुजि 'योगे = जोड़ह्ल, ह्ययुज संयमने = सामंजस्यह्ल तथा ह्ययुज समाधौ = समाधिह्ल से वर्णित की है। योग वह व्यापक, विशद प्रक्रिया है जो कई चरणों से गुजारकर व्यक्ति को पूर्णता तक ले जाती है। शास्त्र-ग्रंथों में योग के इन समस्त चरणों का विस्तारपूर्वक विवरण मिलता है। महर्षि पतंजलि ने समग्र योग को आठ अंगों में बाँटा, जिसे अष्टांग योगसूत्र का नाम दिया गया- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधि योग के आठ अंग हैं।

योग के इन आठ अंगों को साधने से चित्त की वृत्तियों का समूल निरोध होता है। अष्टांग योग की यह यात्रा मनुष्य को स्थूल से सूक्ष्म जगत की ओर ले जाती है। उसकी वृत्तियों को बहिमुर्खी से अंतमुर्खी करते हुए स्थिरता की ओर यानी शून्य की ओर अग्रसर करती है। अष्टांग योग के पहले पाँच भाग बहिरंग (एक्सटेरिक ) योग और अंतिम तीन भाग अंतरंग (एसोटेरिक ) योग कहलाते हैं। बहिरंग योग को बाहरी जगत में और अंतरंग योग को अंतर्जगत में साधा जाता है।

चित्त शुद्धि के लिए शरीर (इन्द्रियों), मन तथा बुद्धि की शुद्धता अनिवार्य है। समाधि-अष्टांग योग की सर्वोच्च अवस्था है। योग की वह अवस्था जिसमें चित्त वृत्तियों का पूरी तरह निरोध हो जाए, वह समाधि है। आप भी इस अवस्था को प्राप्त कर सकते हैं। आवश्यकता है एक पूर्ण गुरु के सान्निध्य की। गुरु गीता में भगवान शिव कहते हैं- जो चित्त का त्याग करने में प्रयत्नशील हैंड्ड उन्हें आगे बढ़कर गुरु दीक्षा की विधि प्राप्त करनी चाहिए। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा संस्थान की विश्वभर की शाखाओं में नियमित रूप योग शिविर के आयोजन किए जाते है, अधिक जानकारी हेतु आप संस्थान की वेबसाईट पर विजिट कर सकते है: "https://www.djjs.org/

# मारेन्गो एशिया हॉस्पिटल्स ने 'प्रॉक्टर रोबोटिक सर्जरी' प्रोग्राम शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रोबोटिक-असिस्टेड नी रिप्लेसमेंट सर्जरी ऑथोर्पेडिक देखभाल में बदलाव ला रही है, एक्सपर्ट टेली-प्रॉक्टरिंग सफल अपनाव, मरीज की सुरक्षा और सर्जरी के बेहतरीन नतीजों को सुनिश्चित करने में एक अहम कारक बनकर उभरी है। टियर 2 और टियर 3 शहरों में रहने वाले मरीजों के लिए रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी को सुलभ बनाने के लिए, मारेन्गो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद ने "टेली-प्रॉक्टर रोबोटिक सर्जरी" पर एक मेंटरशिप प्रोग्राम शुरू किया है। यह मरीज-केंद्रित, लोकल या घर-आधारित देखभाल प्रोग्राम है जिसका मकसद यात्रा का बोझ कम करना, पहुंच बेहतर बनाना और लागत कम करना है। मारेन्गो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद देश का पहला अस्पताल है जिसने रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट के लिए यह टेली-प्रॉक्टरिंग सर्विस शुरू की है। इस प्रोग्राम के तहत, हरियाणा के पलवल में एक 67 वर्षीय महिला की टेली-प्रॉक्टर रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। यह प्रक्रिया डॉ. इंदरजीत सिंह ने पलवल में अपने सेंटर पर की, जिसमें उन्हें डॉ. अनुराग अग्रवाल (जो मारेन्गो एशिया हॉस्पिटल, फरीदाबाद में बैठे थे) से रियल-टाइम रिमोट गाइडेंस मिली। मारेन्गो एशिया हॉस्पिटल्स के क्लिनिकल डायरेक्टर और हेड - ऑथोर्पेडिक्स एंड रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट, डॉ. अनुराग अग्रवाल ने कहा, "आज टेली-प्रॉक्टरिंग अनुभवी रोबोटिक एक्सपर्ट्स की देखरेख में लाइव प्रक्रियाओं के दौरान सर्जनों को गाइड करके तकनीकी प्रशिक्षण और वास्तविक दुनिया में सर्जिकल महारत के बीच की खाई को पाट रही है। रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट प्रक्रियाओं के दौरान, यह सर्जन के आत्मविश्वास, प्रक्रिया की सटीकता और मरीज के समग्र अनुभव को काफी बेहतर बनाती है।" डॉ. अनुराग अग्रवाल ने आगे कहा, "प्रॉक्टर के तौर पर हमने पलवल जैसे शहरों में रोबोटिक तकनीक का इस्तेमाल करके नी रिप्लेसमेंट के 3-4 केस किए हैं। इस नई एडवांसमेंट को 'टेली-प्रॉक्टरशिप' कहा जाता है, जिसमें एक कुशल रोबोटिक सर्जन दूर से सर्जरी कर सकता है। यह नई एडवांसमेंट मरीज और सर्जन दोनों के लिए फायदेमंद स्थिति है। रोबोटिक



जॉइंट सर्जरी की मुख्य चुनौतियों में से एक है प्री-ऑपरेटिव प्लानिंग (यह लिंब अलाइनमेंट, इम्प्लांट साइज़िंग और इम्प्लांट पोजिशनिंग तय करती है।

और गैप बैलेंसिंग की गणना करना (यह मूवमेंट की पूरी रेंज के दौरान घुटने को स्थिरता देती है), जो असल में सर्जरी के नतीजे को साबित करती है।" टेली-प्रॉक्टरशिप में, कुशल सर्जन ये सभी काम दूर से ही करते हैं और नतीजे भी अच्छे होते हैं।

फरीदाबाद के मैरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स के फैसिलिटी डायरेक्टर, डॉ. नवनीत सिंह छाबड़ा ने कहा, "हमें टियर-2 और टियर-3 शहरों में घुटने के जोड़ों की समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के इलाज के लिए टेली-प्रॉक्टरिंग जैसी खास सेवाएं देने पर गर्व है। यह उपलब्धि लोगों की ज़िंदगी बदलने और उन्हें वर्ल्ड-क्लास हेल्थकेयर सेवाओं और क्लिनिकल विशेषज्ञता के जरिए बेहतर जीवन स्तर देने पर हमारे लगातार फोकस को दिखाती है। हम एडवांस्ड, सुरक्षित और मरीज-केंद्रित देखभाल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**उमड़ा जनसैलाब** | **मोदीनगर 57 ठाकुर बाहुल्य ग्रामों में उमड़ा जनसैलाब**

# देवव्रत धामा का स्वागत सम्मान है मोदीनगर वासी हुए शामिल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

"**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मोदीनगर ठाकुर बाहुल्य ग्रामों में उमड़ा जनसैलाब, देवव्रत धामा जनता से किया जनसंपर्क उनकी समस्याओं को लेकर वातालार्प की और सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रयास रत जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत"- देवव्रत धामा मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनावों के मद्देनजर वरिष्ठ समाजसेवी एवं जननेता देवव्रत धामा ने व्यापक जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। इस दौरान ग्राम अतरौली, कनकपुर, दतेड़ी, जोया, अखाड़ा, बड़ायला, किन्हापुर और नहाली सहित अनेक ठाकुर बाहुल्य गांवों में उन्हें उम्मीद से कहीं अधिक जनसमर्थन और स्नेह प्राप्त हुआ। गांवों में पहुंचते ही युवाओं, बुजुर्गों एवं महिलाओं ने जोरदार नारों और फूल-मालाओं के साथ देवव्रत धामा का स्वागत किया। जनसभाओं में लोगों ने एक स्वर में कहा कि क्षेत्र को ऐसा जनप्रतिनिधि चाहिए जो प्रशासन की आंखों में आंख डालकर जनता की बात कह सके, अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ा हो और हर समय आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध रहे।







जनसंपर्क अभियान के दौरान देवव्रत धामा ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई मामलों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर मौके पर ही समस्याओं का समाधान कराया, जबकि कुछ जटिल मामलों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर देवव्रत धामा ने कहा कि, "नेता की असली ताकत उसके पद में नहीं, बल्कि उसके साथ खड़े जन-जन के विश्वास में होती है। पिछले डेढ़ दशक से आप सभी का प्रेम, विश्वास और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति रहा है। मैं वचन देता हूं कि जनता के सुख-दुख, संघर्ष और अधिकारों की लड़ाई में हमेशा इसी तरह आपके साथ मजबूती से खड़ा रहूंगा।"उन्होंने कहा कि आज का दिन जनता की आवाज सुनने, उनकी समस्याओं को समझने तथा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक के सम्मान, अधिकार और विकास के लिए नए संकल्प लेने का दिन रहा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता के सहयोग और आशीर्वाद से मोदीनगर विधानसभा विकास, सम्मान और जनहित की नई पहचान बनेगी।

जनसभाओं के आयोजन में विपिन तोमर एवं विकास तोमर (अतरौली), राहुल राजपूत (कनकपुर), शौकत अली, सोनू कश्यप एवं रविन्द्र सिंह (अखाड़ा), प्रधान मनोज तोमर (दतेड़ी), बिट्टू प्रधान (बड़ायला), इमरान (किन्हापुर), अहसान प्रधान एवं सहरी तोमर (नहाली) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत धामा के साथ विधानसभा सचिव बादल, विधानसभा उपाध्यक्ष सचिन जाटव, सलीम तोमर, वासु धामा, राजेश जाटव, विधानसभा सचिव सहरी तोमर, विकास तोमर, विपिन तोमर, मास्टर जावेद त्यौड़ी, राहुल राजपूत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।"जनता का विश्वास, जनसेवा का संकल्प यही है देवव्रत धामा की पहचान।

## शाहजमल बड़ी मस्जिद के सामने केक काटकर मौजूद लोगों के साथ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी का 56 वा जन्मदिन मनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** शहर विधानसभा में शाहजमल बड़ी मस्जिद के सामने केक काटकर मौजूद लोगों के साथ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद माननीय राहुल गांधी का 56 वा जन्मदिन मनाया। कांग्रेस नेता सागर सिंह तोमर ने कहा GenZ की आवाज, देशवासियों की उम्मीद और जल-जंगल-जमीन के रक्षक, जननायक श्री राहुल गांधी जी को जन्मदिन के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएँ कभी कभी लगता है इस नफरत वाले माहौल में तुम सियासत के लिये बने ही नहीं हो, फिर सोचता हूँ काश मुल्क की बागडोर तुम्हारे हाथ में आ जाये तो अवाम के जख़्मों पर अपनेपन का मरहम तो जरूर लगेगा कुछ तो खासियत होगी तेरी शख्सियत में वरना इतनी आलोचना के बाद तेरे इतने दीवाने न होते आज देश बहुत कठिन दौर से गुजर रहा है संविधान पर लगातार आक्रमण हो रहा है जनप्रतिनिधियों की बोली लग रही है, संस्थानों को



खत्म कर दिया गया है लोकतंत्र पर हर रोज प्रहार हो रहा है ऐसे में हमें गर्व है कि हमारे नेता राहुल गांधी एक प्रतिरोध बनकर अड़े हैं डटे हैं ईश्वर आपको शक्ति दे देश आपके साथ खड़ा है तानाशाही ताकतों का अंत आपके नेतृत्व में ही सुनिश्चित है हम सब आपके सुदीर्घ सुखमय एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव नासिर अली अनवर शकील समीम सलमान मुकीम साकिब साबिर आदि उपस्थित रहे।

## करणी सेना प्रमुख सूरजपाल अम्मू ने राम मंदिर के मुद्दे पर सरकार को घेरा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू ने रामघाट रोड स्थित एक निजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार के आसपास मौजूद नेताओं व अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने अलीगढ़ के विकास कार्यों, सड़कों की स्थिति, नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार और राम मंदिर से जुड़े मामलों को लेकर तीखी टिप्पणियां कीं।

सूरजपाल अम्मू ने कहा कि कभी दावा किया गया था कि अलीगढ़ की सड़कें अभिनेत्री हेमा मालिनी और ऐश्वर्या राय के गालों की तरह चिकनी होंगी, लेकिन वर्तमान में शहर की सड़कें बेहद खराब स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि पहले वह सोहना से अलीगढ़ दो घंटे में पहुंच जाते थे, जबकि अब चार घंटे का समय लग रहा है। इसके लिए उन्होंने सांसदों, विधायकों और मंत्रियों को



जिम्मेदार ठहराया। करणी सेना प्रमुख ने आरोप लगाया कि नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है और इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के कार्यकाल में बनी सड़कें आज भी बेहतर स्थिति में हैं, जबकि वर्तमान जनप्रतिनिधि विकास के दावों पर खरे नहीं उतर रहे। उन्होंने अलीगढ़ के विधायकों की संपत्तियों की जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि जनता को उनके आय के स्त्रोतों की जानकारी मिलनी चाहिए। राम मंदिर से जुड़े कथित चोरी और घोटाले के मुद्दे पर बोलते हुए अम्मू ने कहा कि इस मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करोड़ों राम भक्तों की आस्था राम मंदिर से जुड़ी हुई है और किसी भी प्रकार की अनियमितता लोगों की भावनाओं को आहत करती है। इस दौरान उन्होंने कुछ व्यक्तियों द्वारा मामले में दी गई कथित क्लीन चिट पर भी सवाल उठाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन उनके आसपास मौजूद लोगों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं। अम्मू ने कहा कि यदि सरकार व्यवस्था में सुधार चाहती है तो उसे अपने आसपास के ऐसे लोगों को हटाना होगा जो उसकी छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। राजनीतिक मोर्चे पर बड़ा ऐलान करते हुए सूरजपाल अम्मू ने कहा कि करणी सेना आगामी चुनावों में उत्तर प्रदेश की 50 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने दावा किया कि संगठन अब सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ राजनीतिक स्तर पर भी सक्रिय भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर करणी सेना के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव चौहान, प्रदेश अध्यक्ष आशीष चौहान, किसान शक्ति ब्रज प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष वीरू भदौरिया, भारती सिंह सिसौदिया, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. दिनकल सिंह परिहार, कवि राणा मुनि प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष सुमित तोमर, युवा शक्ति जिलाध्यक्ष अंकित सैनी सहित बड़ी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ के सांसद का विवादित ऑडियो वायरल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिले से एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसने सियासी गलियारों से लेकर आम जनता के बीच भूचाल ला दिया है। सोशल मीडिया पर इस समय एक कथित ऑडियो क्लिप आग की तरह फैल रही है, जिसमें भाजपा सांसद सतीश गौतम एक लाचार और रोते हुए पिता को धमकाने के लहजे में बात करते सुनाई दे रहे हैं। मामला एक मासूम बिटिया के गायब होने से जुड़ा है, लेकिन बात अब जातिगत समीकरणों और आपसी रंजिश तक पहुँच चुकी है।

एक तरफ सत्ता का घमंड है, तो दूसरी तरफ एक लाचार पिता के दर्द की गुहार, सांसद की सत्ता के घमंड की आवाज साफ सुनाई दे रही है...रजाई ओढ़कर सो रहे हो? तुम चंडौस गए थे, मेरे पास क्या हुआ? दूसरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट क्यों दर्ज कराई? तुम लड़की देख रहे हो या अपने लिए गुंडा पाल रहे हो? सांसद पहले मेरी बात सुनो, तुम्हारी लड़की बरामदगी के लिए बोल दिया है। किसी प्रधानी के चक्कर में मत पड़ो। गांव में अकेले वामन (ब्राह्मण) का घर है, जाटन (जाटों) से पिटना चाह रहे हो क्या? वो संजय दलाल बहुत बड़ा माफिया है, वो तुम्हें यूज कर रहा है। अभी थाने जाओ और कहो कि मेरा किसी से यह पूरा मामला इगलास क्षेत्र के सहारा गांव का है। पीड़ित पिता के मुताबिक, कहानी की शुरूआत 7 जून की सुबह हुई थी। सुबह साढ़े सात बजे हम लोग खेत में खरबूजा तोड़ रहे थे। तभी अचानक मेरी हाईस्कूल पास बिटिया लापता हो गई। जब काफी दिनों तक कोई सुराग नहीं मिला, तो मैंने शक के आधार पर कुछ



लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी। बस, इसी बात पर सांसद जी का फोन आ गया और वह मुझे ही डांटने लगे। इस मामले के सामने आते ही बयानों का दौर शुरू हो गया है और हर पक्ष अपनी-अपनी दलीलें दे रहा है। सहारा गांव के प्रधान संजय कुमार ने सीधे सांसद पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, एक गरीब ब्राह्मण पिता की बेटी हफ्त भर से गायब है और उसे न्याय दिलाने के बजाय धमकाया जा रहा है कि रिपोर्ट क्यों दर्ज कराई? हैरान करने वाली बात यह है कि सांसद के पास बैठकर जो व्यक्ति बात कर रहा है।

## 21 जून पतंजलि का विशाल योग शिविर धनीपुर मंडी में मुख्य अतिथि महापौर प्रशांत सिंघल होंगे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** पतंजलि योगपीठ संगठन अलीगढ़ द्वारा 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून का आयोजन धनीपुर मंडी जीटी रोड में किया जा रहा है। इस बार का थीम योग स्वस्थ जीवन के लिए रहेगा। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी एडवोकेट राकेश कुमार शर्मा एवं पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी हरिओम सूर्यवंशी ने बताया पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव एवं भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से विश्व के लगभग 200 देश में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है, योग भारतीय प्राचीन परंपरा एवं वैदिक संस्कृति की अमूल देन है। योग अभ्यास केवल व्यायाम ही नहीं अपितु स्वयं को विश्व




और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है, योग प्रकृति के परिवर्तन के साथ से शरीर में होने वाले बदलावों को राहत देने में सहायक होता है। 21 जून धनीपुर मंडी परिसर में भव्य आयोजन की तैयारी चल रही है। योग साधक प्रभात फेरी निकालकर एवं गली-गली, मोहल्ले में संपर्क कर रहे हैं, जन सामान्य को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। 21 जून के कार्यक्रम धनीपुर में अलीगढ़ के महापौर प्रशांत सिंघल मुख्य अतिथि रहेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान रेशम पाल सिंह बाबा, प्रणवीर सिंह, नरेंद्र सिकरवार, संध्या सिंह, ललिता वर्मा, मनोज झा जिला प्रभारी युवा भारत, भूपेन्द्र शर्मा जिला मीडिया प्रभारी मौजूद रहे।

## इग्नू ने दिया पीएचडी का अवसर 36 विषय में खोलें दाखिले

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र अलीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ अजय वर्धन आचार्य ने बताया कि इग्नू ने जुलाई सत्र 2026 के लिए 36 विषयों में

**यूजीसी नेट व प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयन, 1 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन का मौका**

पीएचडी कार्यक्रमों के दाखिले शुरू कर दिए हैं इग्नू शोध एवं और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण अवसर प्रदान कर रहा है पीएचडी करने के इच्छुक विद्यार्थी शिक्षक और पेशेवर दिनांक 1 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं पात्रता विषयवार सीटों आरक्षण नीति एवं प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी इग्नू विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है आवेदन की प्रक्रिया 10 जून से प्रारंभ कर दी गई है अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट और पीएचडी प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी के पीएचडी विनय विनयम 2022 के अनुसार संचालित की अभ्यर्थी यूजीसी नेट जेआरएफ यूजीसी नेट असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीएचडी पत्र तथा विश्वविद्यालय स्तर की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे सभी श्रेणियां के अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार अनिवार्य रहेगा पूर्णकालिक पूर्ण अंशकालिक दोनों विकल्प उपलब्ध है दोनों प्रकार के पीएचडी कार्यक्रम उपलब्ध है। चयनित शोधार्थियों को नई दिल्ली इग्नू मुख्यालय में कोर्स वर्क पूरा करना होगा।



जिसमें न्यूनतम 80: उपस्थित अनिवार्य होगी। आवेदन शुल्क 2000 रुपए निर्धारित किया गया है इग्नू कुल 36 विषय में पीएचडी कार्यक्रम संचालित कर रहा है। जिसमें मनोविज्ञान, मानव विज्ञान, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, रसायन विज्ञान, भूगोल, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, संस्कृत, सांख्यिकी गणित, संस्कृत, हिंदी ,अंग्रेजी कंप्यूटर विज्ञान, शिक्षा दूर शिक्षा, पर्यावरण विज्ञान, ललित कला रंगमंच, कला, संगीत, नृत्य प्रबंधन, वाणिज्य पोषण विज्ञान बाल विकास गृह विज्ञान वेबसाइट शिक्षा विकास अध्ययन, अनुवाद, अध्ययन फ्रेंच, अरबी, तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार शामिल है।

## पिता के साथ मां पर कातिलाना हमला करने वाला बेटा पुलिस की गिरफ्त से दूर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** इगलास थाना क्षेत्र के ग्राम सेवनपुर में पिता के साथ मिलकर अपनी मां पर कातिलाना हमला करने वाले बेटे को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। घटना 14 जून की महिला अपनी बेटी के साथ अपने घर पर थी। उसके ने पति और बेटे पर लोहे के डंबल व चाकू से हमला कर दिया था। पुलिस ने आरोपी पति अनीत को गिरफ्तार के करके जेल भेज चुकी है, लेकिन आरोपी बेटे अमनदीप को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया। पीडिता रानी का कहना है कि उसको बेटे अमनदीप जो कि



अभी तक फरार है, कहीं वह उसकी बेटी श्वेतान्जली पर जानलेवा हमला न करदे। महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से फरार बेटे को गिरफ्तार किये जाने की गुहार लागई है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्राधिकरण सचिव ने वृद्धाश्रम छर्रा का किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ व जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पंकज कुमार अग्रवाल के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती साक्षी गर्ग द्वारा गुरूवार को वृद्धाआश्रम छर्रा का निरीक्षण किया गया।



वृद्धाआश्रम के निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका वृद्धाआश्रम गिरजेश यादव द्वारा अवगत कराया गया कि वृद्धाआश्रम में 82 वृद्ध रजिस्टर्ड है और गुरूवार को 79 वृद्ध आवासित है। जिसमें 28 महिला एवं 51 पुरूष आवसित है। सचिव द्वारा 03 वृद्धजनों के बारे में पूछे जाने पर अधीक्षिका द्वारा बताया गया कि तीनों वृद्धजनो को उनके परिवारीजन अपने साथ अपने-अपने घर ले गये है। वृद्धआश्रम की अधीक्षिका ने बताया कि वृद्धजनो के स्वास्थ्य व चिकित्सा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छर्रा द्वारा कैम्पों के आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी वृद्धजनो का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। निरीक्षण में रसोईघर में गन्दगी व मक्खियॉ मिलने पर अधीक्षिका को निर्देशित किया गया कि वृद्धाआश्रम के रसोईघर की साफ-सफाई नियमित रूप से कराना सुनिश्चित करे। प्राधिकरण सचिव द्वारा इसके अतिरिक्त समर इंटर्नशिप विधि छात्रों की एक बैठक ली गयी बैठक में विद्यार्थियों को विभिन्न आपराधिक कानूनों (क्रिमिनल लॉ) की जानकारी देते हुए न्यायिक प्रणाली की कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला और उन्हें अधिवक्ताओं के कार्य एवं न्यायिक प्रक्रिया के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी प्राप्त कराई। सचिव साक्षी गर्ग ने यह भी बताया कि न्यायिक व्यवस्था के व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना तथा उनके विधिक कौशल का विकास करना है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए न्यायिक प्रक्रिया को नजदीक से समझने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### अकराबाद में सिपाही धर्मपाल हेड कांस्टेबल बने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अकराबाद कोतवाली में तैनात सिपाही धर्मपाल को हेड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नत किया गया है। शासन से मिले प्रमोशन के बाद उन्हें यह नई जिम्मेदारी मिली है।



इस अवसर पर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने उनके बाजू पर तीन फीते लगाकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने धर्मपाल को मिठाई खिलाकर भी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस मौके पर एसएसआई कोमल सिंह, संजीव कुमार, अनिल कुमार, ब्रजेश कुमार सिंह, हेड मोहर्रिर कुलदीप सिंह यादव, आशीर्वाद शिवाजी और संजीव कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### पतंग उड़ाते समय करंट लगने से बच्चे की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।**.जिले के अतरौली नगर के आरके पुरम मोहल्ले में पतंग उड़ाते समय 33 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आए सात वर्षीय आयुष की उपचार के दौरान मौत हो गई। दिल्ली के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती आयुष ने घटना के नौ दिन बाद शुक्रवार सुबह अंतिम सांस ली। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा 11 जून को हुआ था। आयुष अपने चार वर्षीय चचेरे भाई आदित्य के साथ घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान पतंग छत के ऊपर से गुजर रही 33 केवी हाईटेंशन लाइन से छू गई। पतंग के संपर्क में आते ही आयुष को तेज करंट लगा और वह गंभीर रूप से झुलस गया।

## होमगाड्र्स जवानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता, आयुष्मान व कैशलेस चिकित्सा सुविधा से होंगे आच्छादितः डीजी होमगाड्र्स

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक एवं कमाण्डेन्ट जनरल होमगाड्र्स डी.के.



ठाकुर ने मंडल का औचक निरीक्षण कर विभागीय कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। सर्किट हाउस पहुंचने के बाद उन्होंने आयुक्त सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अलीगढ़, हाथरस, एटा और कासगंज जनपदों के अधिकारियों के साथ विभागीय गतिविधियों, स्वयंसेवकों के कल्याण, टर्न-आउट और संगठन को अधिक व्यावसायिक एवं प्रभावी बनाने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अलीगढ़ मंडल के मण्डलीय कमाण्डेन्ट राजेश कुमार सिंह, डिप्टी कमाण्डेन्ट जनरल पश्चिम परिक्षेत्र आगरा संजीव कुमार शुक्ला, चारों जिलों के जिला कमाण्डेन्ट सहित वैतनिक एवं अवैतनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर आयुक्त ने ताजियों के जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** ताजियों को सुपुदेर्खाक करने के साथ-साथ नगरीय क्षेत्र में कर्बला, ताजियों, जुलूस के मार्गो पर नगर निगम व्यवस्थाओं को समय से पूरा कराये जाने के लिये नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने जुलूस के परंपरागत रूट व कर्बला पर नगर निगम संबंधी व्यवस्थाओ का निरीक्षण करते किया।



शुक्रवार को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने मोहर्रम के जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गूलर रोड से गुजरने वाले मोहर्रम के जुलूस के परंपरागत मार्ग पर सड़क खोदकर पुलिया निर्माण को देखकर नगर आयुक्त ने तत्काल जलकल विभाग, निर्माण विभाग और संबंधित ठेकेदार को बुलाकर दिन-रात एक करके 26 तारीख से पूर्व इस पुलिया का निर्माण को पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने ऊपर कोट कोतवाली, जामा मस्जिद रोड, शमशाद मार्केट, जेल पुल, गूलर रोड देहलीगेट आदि मोहर्रम के परंपरागत रूट का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को 25 जून से पूर्व सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने व अधीनस्थों को मोहर्रम पर चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखते हुये बेहतर इंतजाम जुलूस/ताजियों के लिये किये करने के निर्देश दिए। उन्होने बताया कि मोहर्रम पर परम्परागत जुलूस/ताजियों पर नगर निगम की व्यवस्थाओं को कराने के लिए 5 सेक्टर बनाये गए है। हर सेक्टर में 1 सेक्टर प्रभारी सहित 30 अधिकारी, 650 कर्मचारियों की 40 टीम बनाई गई है इसके साथ साथ मोहर्रम के परंपरागत जुलूस की व्यवस्थाओं के लिए 01 वरिष्ठ नोडल अधिकारी बनाया गया है।

नगर आयुक्त ने बताया मोहर्रम पर व्यवस्थाओं को समय से कराए जाने व करबला में पूरे एहतराम के साथ सफाई का विशेष अभियान चलाये जाने व ताजियों को दफनाने के लिए गड्ढा खोदने के लिए प्रभारी निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए है हाई मास्क लाइट व चरखवालान से करबला तक स्ट्रीट लाइट ठीक कराये जाने के लिये प्रभारी अधिकारी पथ प्रकाश व करबला आने जाने वाले व ताजियों के जुलूस मार्गो पर पैचवर्क का जिम्मा मुख्य अभियन्ता व करबला, ताजियों के स्थल व जुलूस के मार्गो पर परम्परागत रूप से पेयजल टैंकर लगाने की जिम्मेदारी महाप्रबंधक जल को दी गयी है।

**विशेष प्रबंधन** एक रेडियोलॉजिस्ट, 80 से अधिक अल्ट्रासाउंड प्रतिदिनरू सीमित संसाधनों में भी मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर राहत

## गंभीर, भर्ती व गर्भवती मरीजों के लिए तत्काल अल्ट्रासाउंड सुविधा, बढ़ते मरीज भार के बीच अस्पताल का विशेष प्रबंधन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** पं. दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय में बढ़ती मरीज संख्या के बावजूद अल्ट्रासाउंड सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंधन व्यवस्था लागू की गई है। चिकित्सालय प्रशासन के अनुसार अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 1500 से 2000 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं, जबकि रेडियोलॉजी विभाग में वर्तमान में केवल एक रेडियोलॉजिस्ट तैनात हैं।

इसके बावजूद प्रतिदिन औसतन 65 से 90 मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए जा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 महेंद्र कुमार माथुर द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार गंभीर, आपातकालीन, भर्ती एवं गर्भवती मरीजों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उसी दिन अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, ताकि उनके उपचार में किसी प्रकार की देरी न हो। सामान्य मरीजों को उनकी चिकित्सीय आवश्यकता एवं सुविधा के अनुसार समयबद्ध तिथि प्रदान



की जाती है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि अल्ट्रासाउंड सेवाएं प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित की जा रही हैं। पिछले एक सप्ताह के आंकड़े दशार्ते हैं कि 70 से 89 तक मरीजों के प्रतिदिन अल्ट्रासाउंड किए गए, जिनमें बड़ी संख्या गर्भवती मरीजों की भी रही। 18 जून को 84, 17 जून को 80, 16 जून को 70, 15 जून को 78, 13 जून को 85, 12 जून को 89 और 11 जून को 73 मरीजों का अल्ट्रासाउंड किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि सीमित मानव संसाधनों के बावजूद अधिकतम मरीजों को समय पर जांच सुविधा उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। अस्पताल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी गंभीर अथवा आवश्यक मरीज के उपचार में जांच संबंधी विलंब बाधा न बने और सभी को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों।

# चेकिंग में दो अभियुक्त गिरफ्तार,चोरी की दो बाइक व दो चाकू बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,धौलाना।** जनपद के थाना धौलाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे चोरी की दो बाइक व दो चाकू बरामद किये है। थाना धौलाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थाना पुलिस द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया फेस-2 मसूरी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो चोरी की बाइक व दो चाकू बरामद किये है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम दीपांशु पुत्र हरेन्द्र सिंह निवासी बागवानी कालोनी महेन्द्रा एन्कलेव थाना कवि नगर जनपद गाजियाबाद व वासिल पुत्र जाहिद खान निवासी सोनी कालोनी ग्राम शेखपुर खिचरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ है।



# मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश ढेर,हेड कांस्टेबल घायल, मृतक व घायल कारोबारी के घर हुई डकैती की घटना में शामिल थे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शहर के प्रमुख कारोबारी नरेंद्र अग्रवाल के घर पर परिजनों को बंधक बनाकर डकैती डालने वाले फरार व 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश को पुलिस ने देर रात मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मुठभेड़ में एक हेड कांस्टेबल घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से एक अवैध पिस्टल,9 जिन्दा कारतूस,6 खोखा,स्पलेडर बाइक बरामद की है। आपको बता दें,कि शहर के गिरधारी नगर निवासी व प्रमुख कारोबारी नरेन्द्र अग्रवाल के घर में गत एक जून को हथियारबंद बदमाशों ने घुसकर परिजनों को बंधक बना लिया था। बदमाश सवा किलो सोने के आभूषण,नकदी, बाइक और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जय सिंह ने बताया कि थाना हापुड़ देहात व थाना हापुड़ नगर की संयुक्त टीम सादिकपुर गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर जंगल ग्राम गोंदी में वाहन चेकिंग की जा रही थी,तभी एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया,जिसके द्वारा पुलिस को देखकर देकर भागने का प्रयास किया गया,तो पुलिस पार्टी ने पीछा करते हुए मैसेज फ्लैश किया,तो हापुड़ देहात पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर बदमाश को ग्राम गोदी की साइड से घेर लिया दोनों तरफ से पुलिस टीम द्वारा अपने स्वयं को घिरता देख टयूवैल की आड़ लेकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी,आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में बदमाश गोली लगने से गंभीर रुप से घायल हुआ,जिसे उपचार हेतु सीएससी नगर भेजा गया, जहां पर चिकित्सकों द्वारा बदमाश को मृत घोषित किया गया तथा मौके से एक अवैध पिस्टल मय जिन्दा व खोखा कारतूस व एक स्पलेण्डर मोटरसाइकिल बरामद हुई है । मुठभेड़ के दौरान हेड कांस्टेबल मनोज कुमार भी घायल हो गए। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

उन्होंने बताया कि मृतक लूट में फरार चल रहा 50 हजार रुपए का ईनामी बदमाश श्याम पुत्र वीरेन्द्र निवासी सूरजपुर थाना पटवाई जनपद रामपुर के रूप में हुई है,मृतक बदमाश के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद में डैकती व गैंगस्टर एक्ट के केस दर्ज है।

- **एक अवैध पिस्टल,9 जिन्दा कारतूस,6 खोखा, स्पलेडर बाइक बरामद की**
- **मृतक बदमाश के खिलाफ जनपद मुरादाबाद में डकैती व गैंगस्टर एक्ट के अभियोग दर्ज**





# एचपीडीए ने 36500 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग कराई ध्वस्त, एचपीडीए की कार्यवाही से अवैध निर्माणकर्ताओं में मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्र के निर्देश पर प्राधिकरण के अधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से हापुड़ विकास क्षेत्र में चार स्थानों पर 36500 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने की कार्यवाही कराई गयी। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माणकत्र्ताओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है।

**जनता से अपील,मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य व प्लाटिंग करें**



हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया कि हापुड़ विकास क्षेत्र में ग्राम गोयला निकट पोस्टमार्टम हाउस कुलदीप,धर्मेन्द द्वारा 2500 वर्ग मीटर,मोदीनगर रोड से ग्राम श्यामनगर को जाने वाले मार्ग पर राकेश त्यागी,महावीर त्यागी,गजेन्द्र त्यागी द्वारा 8000 वर्ग मीटर,ग्राम गोयना पदम सिंह,रूप सिंह द्वारा 16000 वर्ग मीटर व ग्राम गोयना से पहले अशोक अग्रवाल द्वारा 10000 वर्ग मीटर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई।

उन्होंने अवैध निर्माणकताओं व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निमार्णों को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निमार्णों को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी।

प्रभारी सचिव ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा गत जून माह में अलग-अलग तिथियों में अभियान चलाकर अवैध निर्माण व प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण किया जायेगा।

# कांग्रेसी ने बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र को सम्मानजनक स्थान देने की उठाई मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/धौलाना।** शुक्रवार को कांग्रेस के नोएडा कोऑर्डिनेटर नरेश कुमार भाटी ने धौलाना तहसील स्थित एसडीएम कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि संविधान निमार्ता एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का चित्र कार्यालय में एक टेबल पर नीचे रखा हुआ है, जबकि अन्य संवैधानिक पदों पर आसीन नेताओं के चित्र दीवार पर सम्मानजनक स्थान पर प्रदर्शित किए गए हैं। इस स्थिति पर उन्होंने गहरी आपत्ति एवं चिंता व्यक्त की।

कांग्रेस के निवर्तमान सभासद नरेश कुमार भाटी ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के महान पुरोधा तथा करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके योगदान को देखते हुए उनके चित्र को भी पूर्ण सम्मान एवं गरिमा के अनुरूप स्थान मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी राष्ट्रीय महापुरुषों का सम्मान करना लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बाबा साहब का योगदान किसी एक वर्ग या समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र उनके प्रति कृतज्ञ है। इसलिए उनके चित्र के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। कांग्रेसजनों ने इस विषय पर अपना विरोध दर्ज कराते हुए प्रशासन से मांग की कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र को कार्यालय में उचित एवं सम्मानजनक स्थान पर स्थापित किया जाए तथा भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो। श्री भाटी ने कहा कि बाबा साहब के प्रति सम्मान, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की मूल भावना की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है और आगे भी रहेगी।



# भाजपा सांसद ने पिलखुवा में टेक्सटाइल एवं हैंडलूम मेगा क्लस्टर की स्थापना की मांग की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,पिलखुवा।** मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद ने केन्द्र सरकार में वस्त्र एवं सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के मंत्री गिरिराज सिंह को पत्र भेजकर पिलखुवा में टेक्सटाइल एवं हैंडलूम क्लस्ट की स्थापना कराने की मांग की है।

**केन्द्रीय मंत्री को भाजपा सांसद ने भेजा मांग पत्र**




केन्द्रीय मंत्री को भेजे गये मांग पत्र में सांसद अरुण गोविल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का वस्त्र और एमएसएमई क्षेत्र आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे विजनरी अभियानों ने देश के पारंपरिक शिल्पकरों और लघु उद्यमियों को वैश्विक पहचान दी है। इस अद्वितीय कला को वैश्विक बाजार से जोडने हेतु उनका विजन प्रस्ताव है,कि पिलखुवा में एक आधुनिक टेक्सटाइल एवं हैंडलूम मेगा क्लस्टर स्थापित किया जाये।

# किसानों को समय से पशु चिकित्सा सुविधाएं मिलें: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शुक्रवार को जिलाधिकारी कविता मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में पशुपालन विभाग के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक में जनपद में निमार्णाधीन पशु चिकित्सालय, वृहद गौ-संरक्षण केंद्र, गौशाला, कृत्रिम गभार्धान केंद्र एवं बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा केंद्रों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की।

जिलाधिकारी कविता मीना ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। अनावश्यक विलंब के लिए उत्तरदायी संस्था के विरुद्ध शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। कार्यदाई संस्था को लंबित कार्यों को जल्द ही शुरू कराने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने कहा कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु निमार्णाधीन वृहद गौ-संरक्षण केंद्रों में चारा, पानी, शेड, भूसा गोदाम एवं बाउंड्री वॉल का कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण करें। प्रत्येक केंद्र में बायो-गैस प्लांट भी लगाया जाए। पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों को समय से पशु चिकित्सा सुविधाएं मिलें, इसके लिए सभी निर्माण कार्य युद्धस्तर पर पूर्ण कराएं।

## तालाबंदी — किया जोरदार प्रदर्शन, रजिस्ट्री कार्यालय में की तालाबंद

# धौलाना तहसील में अधिवक्ताओं और स्टांप वेंडरों का फूटा गुस्सा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** सरकार के फ्रंट कार्यालय द्वारा जारी किए गए नए आदेशों के विरोध में तहसील धौलाना परिसर में अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों और स्टांप वेंडरों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए सर्वप्रथम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा । जिसके बाद अधिवक्ताओं ने तय अनुसार रजिस्ट्री कार्यालय में तालाबंदी कर दी । जिसके उपरांत समस्त तहसील में उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

**धौलाना एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, रहा भारी पुलिस बल तैनात**

अधिवक्ताओं का आरोप है कि फ्रंट कार्यालय से जुड़े नए नियम पूरी तरह से अव्यावहारिक हैं, जिससे उनके व्यवसाय और रोजमर्रा के काम-काज पर गहरा असर पड़ रहा है। इस दौरान "अधिवक्ता एकता जिंदाबाद" के नारों से पूरा तहसील परिसर गूंज उठा।अधिवक्ता संघ और बैनामा लेखकों के प्रतिनिधियों ने इस आदेश को वापस न लेने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस फैसले को तुरंत वापस नहीं लिया गया, तो वे अपने इस विरोध को राष्ट्रव्यापी और उग्र आंदोलन में बदलने के लिए बाध्य होंगे। इस प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस बल धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा के नेतृत्व में मुस्तैद नजर आया।





# विकास प्राधिकरण क्षेत्र में जिला पंचायत द्वारा स्वीकृत मानचित्रों को वैध माना जायेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** विकास प्राधिकरण क्षेत्र में जिला पंचायत द्वारा स्वीकृत किये गये मानचित्रों को वैध माना जायेगा। इस सम्बंध में नगर विकास विभाग और आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद ने प्रमुख सचिव पंचायती राज विभाग,उपाध्यक्ष समस्त विकास प्राधिकरण,आवास आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं विकास परिषद को पत्र भेजकर निर्देशित किया है।

नगर विकास विभाग और आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद ने भेजे गये पत्र में कहा कि जिला पंचायतों द्वारा विकास प्राधिकरण के क्षेत्रों में मानचित्र स्वीकृत किये गये है,और मौके पर निर्माण भी हो चुका है,अथवा निर्माण कार्य गतिमान है। उनके सम्बंध में विकास प्राधिकरण द्वारा भवन स्वामियों को उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 के प्राविधानों के आलोक में नोटिस,ध्वस्तीकरण आदेश जारी किए जा रहे है। जिससे प्राधिकरण क्षेत्रों में जिला पंचायतों द्वारा स्वीकृत किये गये मानचित्रों की वैधता पर प्रश्न चिन्ह लग रहे है। उन्होंने कहा कि उक्त के समाधान हेतु गत एक अप्रैल 2026 की कट ऑफ डेट निर्धारित करते हुए 12 माह की अवधि के तहत विकास प्राधिकरणों द्वारा शमन किये जायेंगे। प्राधिकरण द्वारा भू उपयोग परिवर्तन शुल्क जमा कराकर इसे वैध मानकर पंजीकरण किया जायेगा,शमन हेतु निर्धारित अवधि तक भू उपयोग परिवर्तन शुल्क में 75 प्रतिशत छूट होगी। जिला पंचायतों द्वारा स्वीकृत मानचित्रों का विवरण प्राधिकरणों को उपलब्ध कराया जायेगा।

- **प्राधिकरण द्वारा भू उपयोग परिवर्तन शुल्क जमा कराकर वैध मानकर पंजीकरण किया जायेगा**
- **200 वर्ग मीटर के भूखंड पर निर्मित आवासीय भवन भूउपयोग परिवर्तन में मिलेगी शत प्रतिशत छूट**
- **प्रमुख सचिव ने पंचायती राज विभाग,आवास आयुक्त,समस्त प्राधिकरण उपाध्यक्षों को भेजा पत्र**

प्रमुख सचिव ने कहा कि जलाशय महायोजना मार्ग एवं शासकीय भूमि पर विनियमितीकरण नहीं किया जायेगा,200 वर्ग मीटर तक भूखंडों पर निर्मित आवासीय भवनों को भू उपयोग परिवर्तन में शत प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

1 अप्रैल 2026 तक स्वीकृत मानचित्रों की प्रमाणिक सूची शासनादेश निर्गत करने के 15 दिन के अंदर सम्बंधित प्राधिकरण तथा शासन को उपलब्ध कराया जायेगा,ताकि जिला पंचायतों द्वारा कट ऑफ डेट की बेक डेटिंग संभव नहीं हो सके।

## सम्पादकीय

# मानवीय त्रासदी की आखिर चिंता किसे



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

बड़े पर्यटन स्थल के रूप में उभरने की भारत की महत्त्वाकांक्षा पहले ही चोटिल हो चुकी है। अब ये धारणा बनी कि यहां सुरक्षित स्थितियां नहीं हैं, तो मेडिकल टूरिज्म भी प्रभावित हो सकता है। दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में हुए अग्निकांड ने राष्ट्रीय राजधानी में आम प्रशासन के ध्वस्त हो चुके सिस्टम की पोल खोली है। इस दर्दनाक घटना में 21 लोगों की जान गई, जिनमें दर्जन भर विदेशी हैं। दिल्ली में बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) स्कीम के तहत आवासीय इलाकों में मकानों को होटल की तरह चलाने की छूट मिली हुई है। मगर, इसके लिए नियम और शर्तें तय हैं। बुधवार को हुए हादसे ने बताया कि इन नियम- शर्तों की किस धड़ल्ले से और कितना बेखौफ होकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जिस बीएंडबी होटल में आग लगी, उसे छह कमरे देने की इजाजत थी, मगर वहां 26 कमरों में आगंतुक रखे जा रहे थे।

फायर संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की जरूरत उसके मालिक नहीं समझी थी! और अब यह साफ है कि दिल्ली सरकार या एमसीडी के अधिकारियों ने निगरानी या औचक निरीक्षण की या तो जरूरत नहीं समझी, या फिर उनकी मिलीभगत से यह गोरखधंधा चल रहा था। अब मीडिया रिपोर्टों से यह भी साफ है कि उस इलाके में ऐसे अपने होटल चल रहे हैं। और उसी इलाके में क्यों, जब वहां ऐसा हो रहा है, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि ऐसा राष्ट्रीय राजधानी के अन्य इलाकों में भी चल रहा होगा! अग्निकांड का शिकार हुआ होटल एक बड़े प्राइवेट अस्पताल के पास है। उस अस्पताल में इलाज कराने आए लोगों के परिजन आस-पास के ऐसे ठिकानों पर ठहरते हैं।

भारत- खासकर दिल्ली कथित मेडिकल टूरिज्म का प्रमुख स्थल है, जहां मध्य, पश्चिम एवं दक्षिण एशिया, अफ्रीका और कुछ यूरोपीय देशों के मरीज भी इलाज कराने आते हैं। इस हादसे की खबर उन देशों में कैसा माहौल बनाएगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। अभद्रता, महिलाओं से दुर्व्यवहार, गंदगी और बढ़ते प्रदूषण के कारण पर्यटन उद्योग के बड़े स्थल के रूप में उभरने की भारत की महत्त्वाकांक्षा पहले ही चोटिल हो चुकी है। अब ये धारणा बनी कि मरीज या उनके परिजनों के लिए यहां सुरक्षित स्थितियां नहीं हैं, तो मेडिकल टूरिज्म भी प्रभावित हो सकता है। मगर अपने यहां मानवीय त्रासदी और उनके दूरगामी परिणामों की आखिर चिंता किसे है!

## आज का विचार

जो लोग खुद को बदलने की कोशिश करते हैं, वही असल में जीवन में कुछ बड़ा करते हैं।

# राम का नाम बदनाम ना करो-राम मंदिर,आस्था,प्रबंधन और जवाबदेही के बीच उठते सवाल-राम-राम जपना,चढ़ावे का मालअपना?



विनोद कुमार सिंह

भारत की पहचान केवल उसकी भौगोलिक सीमाओं,भाषाई विविधता या सांस्कृतिक विरासत से नहीं होती,बल्कि उसकी गहरी धार्मिक चेतना और आस्था से भी होती है।यहाँ मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थल नहीं हैं,बल्कि समाज की भावनाओं,विश्वासों और सांस्कृतिक निरंतरता के केंद्र भी हैं। करोड़ों लोग अपने आराध्य के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए मंदिरों में दान,दक्षिणा,चढ़ावा और सेवा अर्पित करते हैं। यह दान केवल आर्थिक लेन-देन नहीं होता,बल्कि भक्त और भगवान के बीच विश्वास का एक आध्यात्मिक सेतु होता है। यही कारण है कि जब किसी धार्मिक संस्था,ट्रस्ट या मंदिर के प्रबंधन को लेकर प्रश्न उठते हैं, तब मामला केवल प्रशासनिक या आर्थिक नहीं रह जाता,बल्कि सीधे-सीधे आस्था, विश्वास और जवाबदेही से जुड़ जाता है।

ऐसे समय में लोकजीवन में प्रचलित एक पुरानी कहावत अचानक चर्चा के केंद्र में आ जाती है- राम-राम जपना,चढ़ावे का माल अपना। यह कहावत किसी धर्म, देवता या आस्था का उपहास नहीं करती,बल्कि उन प्रवृत्तियों पर व्यंग्य करती है जो धर्म और नैतिकता की बात तो करती हैं, किंतु व्यवहार में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व से दूर दिखाई देती हैं। आज जब अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन चुका है,तब यह कहावत कुछ असहज किंतु आवश्यक प्रश्न भी खड़े करती है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण केवल एक धार्मिक परियोजना नहीं था। यह स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े जन आंदोलनों में से एक था।दशकों तक चले संघर्ष,सामाजिक विमर्श, राजनीतिक बहसों और न्यायिक प्रक्रिया के बाद जब मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ, तब देश के कोने-कोने से लोगों ने इसे अपनी व्यक्तिगत आस्था का विषय मानकर सहयोग दिया। गाँवों से लेकर महानगरों तक,भारत से लेकर विदेशों तक,करोड़ों लोगों ने आर्थिक और भावनात्मक रूप से इस अभियान में भागीदारी की।

किसी ने एक रुपया दिया,किसी ने लाखों रुपये का दान किया। अनेक श्रद्धालुओं ने सोना,चाँदी,हीरे,मोती और बहुमूल्य रत्न अर्पित किए। कई परिवारों ने पीढ़ियों से संभालकर रखे गए आभूषण रामलला को समर्पित कर दिए। महिलाओं ने अपने विवाह के गहने तक दान कर दिए।बुजुर्गों ने अपनी जीवनभर की बचत का हिस्सा भगवान के चरणों में अर्पित किया। यह केवल आर्थिक योगदान नहीं था,बल्कि श्रद्धा,समर्पण और विश्वास की अभिव्यक्ति थी।

राम मंदिर आंदोलन की सबसे बड़ी विशेषता यही रही कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी दिखाई दी। गरीब,मध्यमवर्गीय और संपन्न - सभी ने अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दिया। यही कारण है कि मंदिर से जुड़ा प्रत्येक संसाधन केवल संपत्ति नहीं,बल्कि करोड़ों लोगों के विश्वास का प्रतीक माना जाता है।लोगों ने यह मानकर दान दिया कि उनका योगदान भगवान राम के भव्य मंदिर और उससे जुड़े धार्मिक-सांस्कृतिक उद्देश्यों की पूर्ति में लगेगा।भारतीय संस्कृति में दान और चढ़ावे की परंपरा अत्यंत प्राचीन है।मंदिरों को सदियों से समाज ने केवल पूजा स्थलों के रूप में नहीं,बल्कि लोककल्याण के केंद्र के रूप में भी देखा है।इतिहास गवाह है कि अनेक मंदिरों ने शिक्षा,चिकित्सा,सामाजिक सहायता और सांस्कृतिक संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्रद्धालु जब मंदिर में चढ़ावा चढ़ाते हैं,तब वे केवल धन नहीं देते, बल्कि संस्था के प्रति अपना विश्वास भी सौंपते हैं।यही विश्वास किसी भी धार्मिक संस्था की सबसे बड़ी पूँजी होता है।यही कारण है कि जब चढ़ावे में प्राप्त बहुमूल्य वस्तुओं, आभूषणों और रत्नों के संबंध में किसी प्रकार की अनियमितता,चोरी अथवा अभिलेखीय विसंगतियों की चर्चा सामने आती है,तो समाज में स्वाभाविक रूप से चिंता उत्पन्न होती है।पिछले कुछ समय से विभिन्न माध्यमों में ऐसी खबरें और आरोप चर्चा का विषय बने कि श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई कुछ बहुमूल्य वस्तुओं के संबंध में प्रश्न उठे हैं।कुछ शिकायतों में यह आशंका व्यक्त की गई कि चढ़ावे में प्राप्त मूल्यवान वस्तुओं के रिकॉर्ड और वास्तविक स्थिति को लेकर पारदर्शिता अपेक्षित स्तर की नहीं है।इन चचाओं ने मामले को सार्वजनिक विमर्श का विषय बना दिया और जाँच एजेंसियों की संभावित भूमिका को लेकर भी प्रश्न उठने लगे।यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि किसी भी आरोप को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आरोप,जाँच और न्यायिक निष्कर्ष तीन अलग-अलग चरण होते हैं।केवल आरोपों के आधार पर किसी संस्था या व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। साथ ही जब मामला करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हो, तब उठ रहे प्रश्नों को केवल अफवाह कहकर खारिज कर देना भी उचित नहीं माना जा सकता।जनविश्वास बनाए रखने के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों अनिवार्य हैं।राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं,बल्कि राष्ट्रीय भावना, सांस्कृतिक चेतना और सभ्यतागत स्मृति का प्रतीक है। इसीलिए उससे जुड़े प्रत्येक निर्णय,प्रत्येक व्यवस्था और प्रत्येक संसाधन पर समाज की निगाह रहती है। श्रद्धालु यह जानना चाहते हैं कि उनके द्वारा समर्पित धन और बहुमूल्य वस्तुओं का संरक्षण किस प्रकार किया जा रहा है,उनका लेखा-जोखा कैसे रखा जा रहा है,क्या स्वतंत्र ऑडिट की व्यवस्था है,क्या समय-समय पर सार्वजनिक रिपोर्ट जारी की जाती है तथा क्या चढ़ावे का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित और सत्यापित रूप में उपलब्ध है।ये प्रश्न किसी धर्म, व्यक्ति या संस्था विशेष के विरोध में नहीं हैं।वास्तव में ये प्रश्न उन करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास की रक्षा से जुड़े हैं जिन्होंने राम मंदिर निर्माण को अपना व्यक्तिगत और सांस्कृतिक दायित्व मानकर सहयोग दिया था।लोकतांत्रिक समाज में पारदर्शिता को अविश्वास का प्रतीक नहीं,बल्कि विश्वास को और अधिक मजबूत करने का माध्यम माना जाता है।यहीं पर राम मंदिर निर्माण और उसके संचालन से जुड़ी प्रबंधन व्यवस्था तथा प्रबंधन समिति की भूमिका चर्चा के केंद्र में आ जाती है।किसी भी बड़े धार्मिक संस्थान की विश्वसनीयता केवल उसकी भव्यता से निर्धारित नहीं होती। उसके प्रशासनिक मानक,वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है।यदि प्रबंधन व्यवस्था पारदर्शी,व्यवस्थित और उत्तरदायी दिखाई देती है, तो श्रद्धालुओं का विश्वास स्वतः बढ़ता है।यदि कहीं अस्पष्टता या सूचना का अभाव दिखाई देता है,तो प्रश्न उठना स्वाभाविक हो जाता है। जब किसी संस्था को जनता का व्यापक समर्थन और संसाधन प्राप्त होते हैं,तब उसके साथ जवाबदेही भी जुड़ जाती है।श्रद्धालु यह अपेक्षा करते हैं कि मंदिर से जुड़े सभी आर्थिक और प्रशासनिक कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित हों। यदि कहीं कोई शिकायत या संदेह उत्पन्न होता है, तो उसका समाधान तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर किया जाए। यही किसी भी प्रतिष्ठित संस्था की साख को मजबूत करने का सबसे प्रभावी तरीका है।भारत का संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था यह स्पष्ट करती है कि कोई भी संस्था कानून से ऊपर नहीं है।चाहे वह धार्मिक संस्था हो,सामाजिक संगठन हो, राजनीतिक दल हो अथवा कोई बड़ी कॉरपोरेट इकाई–सभी के लिए कानून समान है। इसलिए यदि किसी प्रकार की शिकायत सामने आती है,तो जाँच एजेंसियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।हालाँकि जाँच एजेंसियों की भूमिका को लेकर भी संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक है। किसी संस्था के विरुद्ध जाँच होना अपराध सिद्ध होने का प्रमाण नहीं होता। जाँच का उद्देश्य दोषी ठहराना नहीं,बल्कि सत्य तक पहुँचना होता है।यदि सब कुछ व्यवस्थित और पारदर्शी है, तो जाँच संस्था की विश्वसनीयता को और मजबूत कर सकती है। यदि कहीं कोई त्रुटि या अनियमितता है, तो उसका सामने आना भी आवश्यक है।यही कानून के शासन का मूल आधार है।दुर्भाग्य से समाज में अक्सर दो चरम स्थितियाँ देखने को मिलती हैं।एक वर्ग बिना किसी निष्कर्ष के ही आरोपों को सत्य मान लेता है। दूसरा वर्ग केवल भावनाओं के आधार पर हर प्रश्न को साजिश घोषित कर देता है।दोनों ही दृष्टिकोण स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श के लिए उचित नहीं हैं।सत्य तक पहुँचने का मार्ग तथ्यों, प्रमाणों और निष्पक्ष जाँच से होकर गुजरता है।भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति में मयार्दा,न्याय और सत्य के सर्वोच्च प्रतीक माने जाते हैं। रामराज्य की अवधारणा केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि सुशासन का आदर्श भी है। रामराज्य का अर्थ ऐसी व्यवस्था से है जहाँ शासन पारदर्शी हो,न्याय निष्पक्ष हो और जनता का विश्वास सर्वोपरि हो। वहाँ राजा स्वयं भी नैतिक जवाबदेही से मुक्त नहीं था। यही कारण है कि भगवान राम आज भी केवल धार्मिक श्रद्धा के विषय नहीं,बल्कि आदर्श शासन और नैतिक नेतृत्व के प्रतीक माने जाते हैं।यदि राम के नाम पर निर्मित किसी संस्था या व्यवस्था में पारदर्शिता की माँग उठती है,तो उसे विरोध के रूप में नहीं,बल्कि रामराज्य के आदर्शों के अनुरूप सुधार की प्रक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए।

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# डांसिंग गर्लः जिसे ढककर हम खुद को उजागर कर बैठे



प्रो. आरके जैन अरिजीत

इतिहास बदलने के लिए बड़े फैसलों की जरूरत नहीं होती; कभी-कभी एक छोटी-सी शेडिंग ही काफी है। सिंधु घाटी सभ्यता की कांस्य प्रतिमा "डांसिंग गर्ल" आज इसी कारण विवाद में है। मोहनजोदड़ो से प्राप्त लगभग 4500 वर्ष पुरानी (2500-2300 ईसा पूर्व) यह प्रतिमा भारतीय पुरातत्व की महत्वपूर्ण धरोहरों में गिनी जाती है। एक हाथ कमर पर रखे आत्मविश्वास से खड़ी यह किशोरी केवल कलाकृति नहीं, बल्कि उस सभ्यता की सहजता, कलाबोध और आत्मविश्वास का प्रमाण है। हाल ही में एनसीईआरटी की कक्षा 9 की कला शिक्षा पुस्तक मधुरिमा में उसके नग्न धड़ को शेडिंग से ढक दिया गया। मामूली दिखने वाला यह बदलाव राष्ट्रीय बहस का विषय बन गया। सवाल प्रतिमा का नहीं, उस दृष्टि का है जिससे हम अपने अतीत को देख रहे हैं। क्या हम इतिहास को उसके वास्तविक रूप में स्वीकार कर रहे हैं, या उसे अपने समय की नैतिक कसौटियों के अनुरूप बदल रहे हैं? डांसिंग गर्ल केवल प्रतिमा नहीं, एक सभ्यता का आत्मविश्वास है। लॉस्ट-वैक्स तकनीक से बनी यह 10.5 सेंटीमीटर कांस्य मूर्ति दिखाती है कि सिंधु सभ्यता धातु-कला, सौंदर्य-बोध और रचनात्मकता में कितनी विकसित थी। उसकी मुद्रा उस समाज की सहजता का प्रमाण है, जहाँ शरीर संकोच का विषय नहीं था। दशकों तक यह प्रतिमा एनसीईआरटी की पुस्तकों में बिना बदलाव प्रकाशित होती रही और लाखों विद्यार्थियों ने इसे इतिहास के प्रमाण के रूप में देखा। ऐसे में अचानक इसे "उम्र के अनुकूल" बनाने की जरूरत क्यों महसूस हुई? क्या इतिहास को इतिहास की तरह दिखाना अब पर्याप्त नहीं है? यह बदलाव केवल चित्र का नहीं, बल्कि उस सोच का है जो अतीत को उसकी वास्तविकता से नहीं, बल्कि वर्तमान की असहजताओं से परिभाषित करती है।

यह बदलाव केवल संपादन नहीं, इतिहास की पुनर्रचना जैसा है। इतिहासकार मिशेल डैनिनो ने इसकी कड़ी आलोचना करते हुए इसे "सेंसरशिप" और "फर्जी कलाकृति" का निर्माण बताया। उनका तर्क था कि किसी ऐतिहासिक वस्तु का मूल रूप बदलने पर विद्यार्थी वास्तविक इतिहास नहीं, बल्कि उसका संपादित संस्करण देखते हैं–यह बौद्धिक अन्याय है। उन्होंने इसे प्राचीन भारत पर विक्टोरियन नैतिकता थोपने की कोशिश भी कहा।

विडंबना यह है कि जिस सभ्यता ने कला को सहज स्वीकार किया, उसके प्रतीकों पर आज कृत्रिम शालीनता लादी जा रही है। जबकि इतिहास का काम सुविधा के अनुसार बदलना नहीं, बल्कि असुविधाजनक सच्चाइयों से रूबरू कराना है।

## शनिवार का राशिफल

**मेष** – परिवार में खुशी का माहौल रहेगा, कोई अच्छा कार्य मन को सुख देगा, मित्रों से सहयोग मिल जाएगा, केमिकल, रिसर्च के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-72

**वृषभ** – दुख से निकल सकेंगे, आत्मविश्वास भी बढ़ेगा, नौकरी नहीं थी तो अच्छा ऑफर मिलेगा, स्किन, थायरायड, नस की समस्या आ सकती हैं, होम्योपैथिक दवा ले सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-63

**मिथुन** – लम्बी दूरी की यात्रा सम्भव है, बड़ा खर्चा भी करेंगे शौक पूरा होगा, नौकरी में थोड़ी मुश्किल आ सकती है, गलती करने से बचें। भाग्य प्रतिशत-58

**कर्क** – आर्थिक विकास होगा, अच्छी खरीदारी करेंगे, परिवार और मित्रों में समय बितेगा, प्रेम की इच्छा पूरी हो सकती है मनचाहा साथी मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-63

**सिंह** – हर काम पर बारीकी से नजर रखेंगे, बहोत अधिक बातचीत विचारों को उलझा सकती है, भागदौड़ रहेगी अपने कार्य को जल्दी पूरा करेंगे। भाग्य प्रतिशत-67

**कन्या** – चांदी के व्यवसाय से लाभ होगा, उच्च शिक्षा का लाभ मिलेगा आमदनी भी बढ़ेगी, भाई बहनो से ज्यादा मतभेद ना करें, मेहनतकश रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-68

**तुला** – अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, किसी पद के लिए आपका नाम आगे आ सकता है, प्रेम समबन्ध बनेंगे अच्छे भी होंगे, ईश्वर का धन्यवाद देंगे। भाग्य प्रतिशत-70

**वृश्चिक** – उन्नति करेंगे, प्रसन्नता रहेगी, कला, फोटोग्राफी कपड़े का व्यवसाय चलेगा, केटरिंग, या मण्डप बुक हो सकता है, सौंदर्य पर ध्यान देंगे। भाग्य प्रतिशत-82

**धनु** – नौकरी में कुछ परेशानी आ सकती है, शत्रु पक्ष को ठंडा भी कर देंगे, कुछ ऐसा करके दिखा सकेंगे जिससे लोग आपके विषय में बात करे। भाग्य प्रतिशत-63

**मकर** – प्रेम समबन्ध में सम्भलकर रहे, कला, साहित्य, गायन, लेखन से लाभ होगा, मानसिकता अच्छी रहेगी, धन वृद्धि से खुश रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-62

**कुंभ** – कोई जरूरी कार्य होने से मन में संतुष्टी रहेगी, घर में महत्वपूर्ण लोग भी आ सकते हैं, पिता से धन मिले तो सोच समझकर खर्च करें। भाग्य प्रतिशत-67

**मीन** – घर में लग्जरी का सुख बढ़ेगा, पत्नि से अहंकार टकरा सकता है इसलिए शांति बरतें, लोगों से कार्य मिलेगा और धन मिलेगा प्रॉफिट में रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-74



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# 21 जूनः फादर्स डेः दुनिया की नजरों में मुस्कुराती,भीतर पिता से ताकत लेती बेटी

कभी-कभी जीवन का सबसे बड़ा संघर्ष बाहर नहीं, भीतर शुरू होता है–जहाँ निर्णयों की भीड़ में आत्मविश्वास मौन हो जाता है और रिश्तों की अपेक्षाएँ मन पर दबाव बनकर धीरे-धीरे कसने लगती हैं। विवाह के बाद स्त्री-जीवन में यह भार और गहरा हो जाता है–कभी शब्दों में, कभी मौन में, कभी जिम्मेदारियों के नाम पर, तो कभी ह्लसमझदारीह्व की कठोर परिभाषाओं में। बाहर से सब सामान्य लगता है, पर भीतर हर दिन एक नई परीक्षा जैसा होता है, जिसका प्रश्नपत्र बदलता रहता है और उत्तर पहले से तय मान लिए जाते हैं। ऐसे में अपनी इच्छाओं और दूसरों की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना भी एक निरंतर संघर्ष बन जाता है।

**पिता का अदृश्य सहारा**

ऐसे समय में सबसे बड़ा सहारा कोई सामने खड़ा व्यक्ति नहीं, बल्कि भीतर बसा वह अदृश्य संस्कार होता है जो पिता ने बिना औपचारिक उपदेश के अपने आचरण से दिया होता है।

उनके शब्द जीवन गढ़ने वाले सूत्र थे–धैर्य रखो, सब अच्छा होगा,अपने मन की राह पर अडिग रहो,कर्म ही पहचान है, सहनशीलता को ताकत बनाओ, ईश्वर पर विश्वास रखो,बड़ों का सम्मान और छोटों से स्नेह रखो,सत्य और ईमानदारी थामे रहो, और कठिन समय में हिम्मत मत छोड़ो। विवाह के बाद जब जीवन जिम्मेदारियों और संघर्षों से भरता है, तब यही सूत्र भीतर से उठकर व्यक्ति को स्थिर रखते हैं, सही निर्णय की शक्ति देते हैं और कठिन मोड़ों पर टूटने से बचाकर आगे बढ़ने का साहस देते हैं।

**आत्मसम्मान का कवच**

विवाह के बाद स्त्री के सामने सबसे बड़ा संघर्ष केवल बदलती परिस्थितियों का नहीं, बल्कि अपनी पहचान को बनाए रखने का होता है–अनेक भूमिकाओं और अपेक्षाओं के बीच स्वयं को पीछे छूटने से बचाने का। ऐसे समय में पिता की शिक्षा एक अदृश्य कवच बनकर साथ रहती है। जब निर्णय भावनाओं में उलझता है, तब उनकी सिखाई तर्कशीलता मार्ग दिखाती है; जब रिश्ता दबाव बनता है, तब उनके संस्कारों से उपजा आत्मसम्मान दृढ़ करता है। यह कोई बाहरी सहारा नहीं, बल्कि भीतर का अनुशासन और चेतना है।

**जीवन में संतुलन की सीख**

गृहस्थ जीवन की सबसे कठिन परीक्षा संघर्ष नहीं, बल्कि संतुलन है–सपनों और जिम्मेदारियों के बीच, मौन और अभिव्यक्ति के बीच, धैर्य और प्रतिरोध के बीच। ऐसे में पिता की सीख केवल मार्गदर्शन नहीं, बल्कि भीतर का संतुलन बन जाती है।

उन्होंने सिखाया कि झुकना कमजोरी नहीं, पर टूटना स्वीकार्य नहीं; समझौता जीवन का हिस्सा है, पर आत्मसम्मान कभी समझौते की वस्तु नहीं बन सकता। यही दृष्टि विवाह में स्त्री को केवल रिश्ते निभाने वाली नहीं, बल्कि स्वयं को अक्षुण्ण रखने वाली शक्ति देती है।



कृति आरके जैन

**मौन में पिता की स्मृति**

कई बार जीवन ऐसे मोड़ पर आता है, जहाँ रिश्तों में शब्द बोझ बन जाते हैं और मौन और भारी हो जाता है।

ऐसे क्षणों में पिता की स्मृति सहारे की तरह नहीं, बल्कि भीतर गूँजती शांत चेतना की तरह होती है–जो याद दिलाती है कि हर प्रतिक्रिया आवश्यक नहीं, पर हर निर्णय विवेकपूर्ण होना चाहिए। तब वह बेटी, जो अब पत्नी बन चुकी है, अपने भीतर उस परिचित स्वर को फिर सुनती है–सब कुछ बचाना, पर सबसे पहले स्वयं को मत खोना।

**स्थिरता का जीवन-सूत्र**

जब सामाजिक अपेक्षाएँ, पारिवारिक दायित्व और व्यक्तिगत आकांक्षाएँ एक साथ सामने खड़ी हो जाती हैं, तब जीवन मानो तीन दिशाओं में खिंचते हुए संघर्ष का रूप ले लेता है। ऐसे समय में पिता की शिक्षा सबसे गहरी भूमिका निभाती है, क्योंकि वह केवल भावनाओं को नहीं, बल्कि विचारों को भी स्थिरता प्रदान करती है। पिता ने यह नहीं सिखाया होता कि कठिनाइयों में टूट पड़ना या हार मान लेना है, बल्कि यह कि कठिनाइयों के बीच भी स्वयं को समझना, पहचानना और अपने भीतर की आवाज को सुनना कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

**परीक्षाओं की पूर्व-तैयारी**

समय के साथ यह गहराई से समझ आने लगता है कि पिता केवल एक व्यक्ति नहीं थे, वे जीवन की हर अनदेखी परीक्षा के लिए की गई एक तैयारी थे। विवाह के बाद जब परिस्थितियाँ नए प्रश्न और नई चुनौतियाँ सामने रखती हैं, तब उनकी सीखें किसी पुस्तक के पन्नों की तरह नहीं खुलतीं, बल्कि भीतर की चेतना बनकर सक्रिय हो उठती हैं। हर कठिन निर्णय के क्षण में उनका कोई वाक्य, कोई दृष्टिकोण, कोई मूल्य या फिर उनका मौन ही अदृश्य शक्ति बनकर साथ खड़ा दिखाई देता है।

**अनुपस्थिति में उपस्थिति**

धीरे-धीरे यह बोध और गहरा होता जाता है कि पिता भले ही इस दुनिया में नहीं हैं, पर उनकी सबसे सशक्त उपस्थिति उनकी अनुपस्थिति में ही जीवित है। वे अब केवल एक आवाज नहीं, बल्कि विवेक बन चुके हैं; वे अब सलाह नहीं, बल्कि निर्णयों की स्पष्टता हैं; वे अब साथ चलने वाले व्यक्ति नहीं, बल्कि भीतर का आत्मबल हैं। विवाह के संघर्षों में जब परिस्थितियाँ और लोग समझौतों की सीमाएँ बढ़ाने लगते हैं, तब पिता की सीख भीतर एक अंतिम मयार्दा-रेखा खींच देती है–जिसके आगे आत्मसम्मान कभी मौन नहीं रहता।

समय के साथ यह स्पष्ट हो जाता है कि पिता केवल एक संबंध नहीं थे, बल्कि जीवन की अदृश्य रीढ़ थे।

उनके बिना भी जीवन आगे बढ़ता है, पर उनके संस्कार हर कठिन मोड़ पर संभाल लेते हैं और गिरने नहीं देते। चाहे संघर्ष कितने भी जटिल हों, पिता की सीख यही दृढ़ता देती है–टूट जाना कोई विकल्प नहीं, और स्वयं को खो देना किसी भी समस्या का समाधान नहीं। यही उनकी सबसे गहरी विरासत है, जो आँसुओं में नहीं, बल्कि साहस और आत्मबल बनकर जीवनभर साथ रहती है।

# भारतीय किसान यूनियन (असली अराजनीतिक) के अधिवक्ता प्रकोष्ठ में इरशाद अली एडवोकेट बने जिला संयोजक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** भारतीय किसान यूनियन (असली अराजनीतिक) अधिवक्ता प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी धर्मेंद्र सिंह एडवोकेट ने इरशाद अली एडवोकेट को जनपद बुलंदशहर का जिला संयोजक मनोनीत किया है। इस मनोनयन पर अधिवक्ता समुदाय एवं संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने इरशाद अली एडवोकेट को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी धर्मेंद्र सिंह एडवोकेट ने आशा व्यक्त की कि इरशाद अली अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा जनपद के गांव-गांव तक किसानों, मजदूरों एवं आम जनमानस के बीच भारतीय किसान यूनियन (असली अराजनीतिक) की नीतियों और उद्देश्यों को पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन के विस्तार पर विशेष बल देते हुए कहा कि किसान एवं मजदूर वर्ग की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाना आवश्यक है। इस अवसर पर ठाकुर राजेश एडवोकेट, अमित पालीवाल, पंकज राठौर सहित अनेक अधिवक्ता एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नवमनोनीत जिला संयोजक को शुभकामनाएं देते हुए संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

# नलकूप के गुल की मरम्मत की कार्य योजना हो चुकी स्वीकृत, शीघ्र होगा कार्य शुरू : राजेंद्र कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- नलकूप खंड (उत्तर) बुलंदशहर के राजकीय नलकूप पर किसान चौपाल का किया गया आयोजन
- जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नलकूप विभाग के कर्मचारियों द्वारा चलाया जा रहा - सरकार आपके द्वारा अभियान

**बुलंदशहर।** जनपद के गांव दरियापुर ब्लॉक बुलंदशहर में नलकूप खंड उत्तर बुलंदशहर के अधिशासी अभियंता राजेंद्र कुमार द्वारा किसान चौपाल का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विभाग के मुख्य अभियंता नलकूप पश्चिम वी.वी.कृष्णा द्वारा की गई। जिन्होंने किसने की समस्या सुनी और उनका त्वरित हर संभव समाधान किया तथा किसानों का अवगत कराया कि नलकूप की गुलकी मरम्मत की कार्य योजना स्वीकृत हो चुकी है और कार्य अतिसर्ग शुरू हो जाएगा विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805450 विद्युत विभाग के टोल फ्री नंबर 18001803002 की भी जानकारी दी उन्होंने विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को बताया जिसके तहत सरकारी ट्यूबवेल की गूलो पाइप लाइन के मरम्मत के कार्य को कराया जा रहा है और आगामी योजना के बारे में बताया गया।



मुख्य अभियंता ने लाभान्वित किसानों के साथ उनकी फसल खेती के तरीके पशुधन की भी चर्चा की तथा गांव के बड़े स्तर पर विलायती गाजर की कांटेक्ट खेती होती है जो उनकी आय का बहुत बड़ा स्रोत है और उसे खेती को संभव बनाने में गांव का यह राजकीय नलकूप 21 एसकेबी पूरे क्षेत्र में एकमात्र साधन है जिसमें पानी के समुचित उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह सरकारी नलकूप नहरे के साथ-साथ किसानों को निरंतर सिंचाई देते हैं और यह सरकारी ट्यूबवेल सिंचाई का एकमात्र साधन है जो वर्षों भर निर्भर नहीं करता अभी ज्यादातर किसान धान की फसल लगाने वाले हैं आने वाले दिनों में पानी की आवश्यकता बहुत पढ़ने वाली है इससे पूर्व भी नलकूप विभाग के उच्च अधिकारियों ने सरकार आपके द्वारा एवं किसान चौपाल के माध्यम से किसानों से जुड़े रहने उनकी समस्याएं सुनने और निस्तारण किया जो पहल की है उससे किसानों में काफी उत्साह है।

इस मौके पर कुंवर पाल यादव नरेंद्र कुमार सरफराज धर्मवीर सिंह सोनू कुमार मोहम्मद शादाब खान राजकुमार छतर सिंह अकरम अली सुदेश कुमार धर्मपाल सिंह धर्मेंद्र सिंह सूर्यकुमार प्रवेश कुमार लालकृष्ण यादव किसान मौजूद रहे। जिनमें अतिरिक्त नलकूप विभाग के सहायक अभियंता बी कुमार मुकेश कुमार गगन कौशिक अवर अभियंता रामविलास सिंह रवि कुमार जिलेदार मुनेश शर्मा एवं अन्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसानों की मेहनत और व्यापारियों का सम्मान, टांडा दिल्ली बस सेवा शुरू होने से बढे क्षेत्र की शान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**टांडा, रामपुर (आनन्द शर्मा )।** रामपुर की तहसील टांडा एक महत्वपूर्ण कृषि प्रधान क्षेत्र होने के साथ-साथ टांडा से कई व्यापारिक गतिविधियां भी संचालित हैं ! टांडा क्षेत्र के गांवों के किसान ज्यादातर खेती के कार्य के ऊपर ही निर्भर हैं । यहां गेहूं,धान,मैंथा, शिमला मिर्च आदि फसलें बडे पैमाने पर किसान उगाते हैं !

सूत्रों से मिली जानकारी को सही मानें तो नगर टांडा में लगभग 35 छोटी - बडी राईस मिलों का संचालन होना पता चला है, क्या इससे साबित नहीं होता कि यहां धान का आयात किस पैमाने पर होता होगा और चावल का निर्यात अन्य शहरों सहित दिल्ली क्षेत्र में भी जरुर होता होगा ! चावल और अन्य का व्यापारिक हव है तो व्यापारी आते भी होंगे और यहां से दिल्ली बगैरा अन्य शहरों में जाते भी होंगे ! नगर टांडा और आसपास के गांवों के कुछ जिम्मेदार लोगों का कहना रहा कि व्यापारियों और आम जनता को दिल्ली आने - जाने के लिए बस आदि की सीधी व्यवस्था नहीं है, पहले मुरादाबाद जाना पडता है और वहां से दिल्ली बगैरा के लिए रेल या सरकारी

## टांडा से दिल्ली जाने में उठाना पडता है जोखिम

बस से जाना - आना पडता है जिससे सुरक्षा की दृष्टि से परेशानी के साथ साथ जोखिम भी उठाना पडता है ! इतना ही नहीं स्वास्थ्य संबंधी समस्या के समाधान के लिए सीधी बस सेवा न होने से बडी दिक्कत होती है,अमीर के पास संसाधन होते हैं और नहीं भी हैं तो जुटा पाने में सक्षम होता है किन्तु गरीब मजदूर करे तो क्या,यहां से दिल्ली के लिए सरकारी बस सेवा शुरू हो जाए तो कम से कम उसका लाभ तो उठा सकता है ! पता चला है कि टांडा से बाजपुर और मुरादाबाद के प्राईवेट बसों का संचालन बडे पैमाने पर है लेकिन सरकारी बस सेवा उपलब्ध नहीं है, जिससे व्यापारी ही नहीं आमजन भी परेशान हैं ! उक्त प्रकरण पर बेबाक राय रखते हुए व्यापारी नेता निलेश वर्मा,मुडिया रसूलपुर के पूर्व प्रधान हासिम अली अंसारी, किसान सतीश शर्मा, प्रेमपाल सिंह,करखेडा के पूर्व प्रधान धर्मपाल सिंह, जयप्रकाश चौहान, मुरारी सिंह, धर्मपाल सिंह जाटव, बबलू चौहान, नाजिम खान व हरिओम शर्मा आदि का कहना रहा कि सांसद व विधायक का ध्यान इस विकराल समस्या की ओर न जाना क्या साबित नहीं करता कि आमजन की समस्याओं के प्रति वो कितने सजक हैं !

सभी का कहना रहा कि टांडा तहसील क्षेत्र के विकास के लिए टांडा से दिल्ली के लिए सीधी सरकारी बस सेवा शुरू की जाए !

# मुरादनगर की ऐतिहासिक धरोहर सराय पर दबंग अवैध कब्जा धारकों का अभी भी है कब्जा बरकरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** नगर की ऐतिहासिक पहचान मानी जाने वाली सैकड़ो साल पुरानी इमारत सराय पर हुए अवैध कब्जों को लेकर एक बार फिर मामला चर्चा में आ गया है। लगातार शिकतों के बावजूद आज तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी या विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

इस संबंध में मुरादनगर निवासी पूर्व सभासद एवं महंत डॉ. विजयपाल हितकारी ने मुख्यमंत्री सहित शासन और प्रशासन के उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि मुरादनगर की ऐतिहासिक सराय, जिसका निर्माण शेरशाह सूरी के शासनकाल में हुआ था, देश की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। यह संपत्ति पुरातत्व विभाग के अधीन बताई जाती है, लेकिन वर्तमान में इस ऐतिहासिक सराय पर दबंग लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे होने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि सराय परिसर एवं उसके आसपास बड़े-बड़े मकानों और दुकानों का निर्माण कर लिया गया है तथा कई स्थानों पर मोबाइल टॉवर भी स्थापित कर दिए गए हैं, जिससे ऐतिहासिक धरोहर का मूल स्वरूप प्रभावित हो रहा है। शिकायत के अनुसार नगर पालिका परिषद मुरादनगर द्वारा अवैध कब्जा धारकों को नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि नोटिस जारी होने के बाद भी कार्रवाई न होना प्रशासनिक उदासीनता को दशार्ता है, तथा इससे अवैध कब्जाधारकों को संरक्षण मिलने की आशंका भी पैदा होती है। महंत डॉ. विजयपाल हितकारी ने शासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, सराय परिसर से सभी अवैध कब्जे हटाए जाएं, अवैध निमार्णों एवं मोबाइल टावरों की वैधता की जांच कराई जाए तथा कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है। अब देखना यह होगा कि शासन इस शिकायत पर क्या कदम उठाता है और मुरादनगर की इस ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने के लिए क्या कार्रवाई की जाती है।

# भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर प्यास बुझाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कुंदरकी (मुरादाबाद)।** क्षेत्र के गांव चक फाजलपुर में भीषण गर्मी और भारी तपिश को देखते हुए, दावत-ए-इस्लामी हिंद के वेलफेयर विभाग 'गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन'ने राहगीरों के लिए ठंडा शर्बत पिलाकर प्यास बुझाई। संस्था के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ अजहर अत्तारी ने कहा कि (GNRF) ने जनता की सेवा के लिए अलग-अलग जगहों ठंडे पानी के स्टॉल (सबील) लगाने की शुरूआत की है।इस मुहिम का मकसद मुसाफिरों, मजदूरों और राहगीरों को कड़ी धूप में राहत देना और उन्हें पानी की कमी से बचाना है। ये स्टॉल शहर के मुख्य इलाकों में लगाए गए हैं, जहाँ हर किसी के लिए ठंडे पानी की सुविधा बिल्कुल मुफ्त है।

इस मुहिम की खास बातें: सही जगह का चुनाव: ये स्टॉल बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजारों के पास लगाए गए हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका फायदा उठा सकें। साफ-सफाई का ख्याल: GNRF के सेवादार (वॉलंटियर्स) यह ध्यान रखते हैं कि पानी साफ और फिल्टर्ड हो ताकि लोगों की सेहत बनी रहे।

सेवा के लिए मौजूद: हर स्टॉल पर GNRF की टीम सुबह से शाम तक लोगों को पानी पिलाने के लिए मौजूद रहती है।"इस चिलचिलाती गर्मी में बाहर निकलने वाले लोगों के लिए पानी सबसे बड़ी जरूरत है। हमारा मकसद इंसानियत की सेवा करना है ताकि कोई भी शख़्स प्यासा न रहे।"गौरतलब है कि गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (GNRF) पूरे देश में भलाई के कामों, मुसीबत में लोगों की मदद करने, मुफ्त इलाज और पेड़ लगाने जैसे कामों में हमेशा आगे रहता है। इस अवसर पर मुहम्मद अरकान कादिरी, मुहम्मद उस्मान, सालिम, मौलाना मंसूर, आजम, अजीम, राजा, नाजिम, जीशान, अकरम दानिश आदि मौजूद रहे।

# मुरादनगर टू रावली सुराना रोड पर स्थित सरकारी जमीन पर बने मकानों पर पी.डब्लू.डी.का आखरी नोटिस चस्पा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)** नगर के रावली सुराना रोड पर सड़क चौड़ी करण में बाधा बन रहे अवैध



निमार्णों को लेकर लोक निर्माण विभाग (PWD) ने अपना रुख बेहद सख्त कर लिया है। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि 15 मई को दी गई पहली चेतावनी के बाद, अब यह उनका दूसरा और बिल्कुल अंतिम नोटिस है।? दरअसल, इस पूरे इलाके में यातायात को सुगम बनाने के लिए मुरादनगर-रावली-सुराना रोड को चौड़ा करने का काम किया जाना है। वर्तमान में 7 मीटर चौड़ी इस सड़क को एक किलो मीटर से 5 किलो मीटर तक के दायरे में 10 मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव है। ढहऊ के नियमों के मुताबिक, सड़क के बिल्कुल बीचों-बीच (सेंटर पॉइंट) से दोनों तरफ 33-33 फुट (यानी कुल 66 फुट) की जमीन पूरी तरह से सरकार की है।

इस 66 फुट के दायरे में आने वाले किसी भी मकान या दुकान के बढ़े हुए हिस्से को अवैध अतिक्रमण माना गया है।

# निवाड़ी गौशाला पर आज गौ माता रूहापजा पिला कर जल से स्नान कराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर।** जलती गर्मी से निजात दिलाने के लिए आज नगर पंचायत निवाड़ी में गौशाल मेंइकठ्ठा होकर जल पीलवाया संजय त्यागी जिला मंत्री अनिल त्यागी चेयरमैन अनुज त्यागी पूर्व सभासद राजीव त्यागी पूर्व चेयरमैन संजीव त्यागी मण्डल अध्यक्ष सचिन त्यागी अभिषेक त्यागी सचिन त्यागी भारत बीज भंडार शिव कुमार त्यागी।



**योग सप्ताह** योग की सतत साधना से ही स्वस्थ और दीघार्यु जीवन का मार्ग प्रशस्त : भालचन्द्र त्रिपाठी

# नियमित योग से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नयन संभव: मुख्य विकास अधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह के अंतर्गत

## योग सप्ताह के पंचम दिवस विकास भवन सूरजपुर में संपन्न हुआ प्रेरणादायी योग साधना शिविर

पंचम दिवस पर जनपद गौतम बुद्ध नगर के विकास भवन, सूरजपुर में एक गरिमामय एवं प्रेरणास्पद योग साधना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी श्री भालचन्द्र त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं सान्निध्य में संपन्न हुआ, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य संवर्धन का संकल्प लिया। शिविर में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक कुलभूषण धर दुबे एवं मनीष धर दुबे और सविता शर्मा ने प्रतिभागियों को विविध योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने योग के वैज्ञानिक, आध्यात्मिक एवं जीवनोपयोगी पक्षों पर प्रकाश डालते हुए इसे दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया।



इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वंदना रानी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. प्रीति सिंघल, जनपद के आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट तथा अन्य विभागीय कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। मुख्य विकास अधिकारी श्री भालचन्द्र त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय ऋषि परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक एकाग्रता एवं आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करती है। उन्होंने जनपदवासियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करें तथा योग को केवल एक औपचारिक आयोजन तक सीमित न रखकर जीवन की सतत साधना बनाएं। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को रोगमुक्त, ऊजार्वान एवं अनुशासित जीवन की ओर अग्रसर करता है तथा वर्तमान समय की तनावपूर्ण जीवनशैली में योग एक प्रभावी जीवन-पद्धति के रूप में स्थापित हो चुका है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. वंदना रानी एवं डॉ. प्रीति सिंघल ने कहा कि योग स्वस्थ, निरामय एवं दीघार्यु जीवन का सशक्त आधार है। उन्होंने नागरिकों से प्रतिदिन योगाभ्यास करने तथा आगामी 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता प्रदान करने का आह्वान किया।

# अनाज मंडी कर्मचारी को रिश्वत के प्रकरण में सचिव व कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति शिकारपुर का कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र कुमार दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ दबोचा था। जबकि इसी प्रकरण में आरोपी मंडी सचिव फरार हो गया। कोतवाली में आरोपी मंडी सचिव अर्जुन सिरोही और कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सफाई ठेकेदार के 1.20 लख रुपए के भुगतान के बदले रिश्वत मांगी गई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यज्ञ दत्त शर्मा ने बताया कि एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर मयंक कुमार अरोड़ा की तहरीर पर आरोपी मंडी सचिव अर्जुन सिंह और कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जितेंद्र कुमार को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया जबकि सचिन अर्जुन सिरोही फरार हैं । पुलिस सचिव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस बार-बार दबिश दे रही है। गौर तलब है कि बृहस्पतिवार की दोपहर गांव सलेमपुर निवासी मंडी समिति के पूर्व सफाई ठेकेदार विनोद गिरी की शिकायत पर कई गाड़ियों में भरकर आई एंटी करप्शन टीम ने मंडी समिति कार्यालय के आसपास जाल बिछा दिया। निश्चित समय पर कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र कुमार को रिश्वत लेते हुए दबोच लिया गया था। एंटी करप्शन टीम की पूरी कार्रवाई इतनी गोपनीय रही कि अनाज मंडी में मौजूद करीब पांच दर्जन व्यापारियों, सैकड़ों किसानों और पल्लेदारों को कानों कान भनक नहीं लगी। टीम कंप्यूटर ऑपरेटर को लेकर कोतवाली पहुंची।


# कार्यालय नगर पंचायत छतारी जनपद बुलन्दशहर

पत्रांक 174(1)/न0पं0छतारी/2026-27 दिनांक 19.06.2026

## ई-निविदा सूचना

पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से 15वें वि0आ0 की संस्तुति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेत Tied Grant (निर्दिष्ट अनुदान) की प्रथम किश्त व द्वितीय किश्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत प्रस्ताव पर सक्षम स्तर से स्वीकृति उपरान्त नगर पंचायत छतारी में कूडा स्थल पर एकत्रित कूडे का निस्तारण का कार्य (लिगेसी वेस्ट) हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आर्नलाइन निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जा रही है।

| | |
|---|---|
| **बेवसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय** | 20.06.20.26 समय प्रातः 10:00 बजे |
| **निविदा डाउनलोड / अपलोड की प्रारम्भ तिथि व समय** | 20.06.2026 समय प्रातः 10.05 बजे से |
| **ई-निविदा डाउनलोड / अपलोड की अंतिम तिथि व समय** | 08.07.2026 को सायः 05:00 बजे तक |
| **कार्यो की निविदा स्केन अर्नेस्टमनी एवं निविदा शुल्क की मूल्य की प्रति नगर पंचायत कार्यालय में जमा करने का समय** | 09.07.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक |
| **निविदा खोले जाने की तिथि / समय (कार्यालय नगर पंचायत छतारी)** | 09.07.2026 समय अपराहन 02:00 बजे से |

निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तों की भली भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एवं www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**(अरविन्द कुमार मिश्र)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत छतारी
जनपद-बुलन्दशहर

**(हाजी सलीम)**
अध्यक्ष
नगर पंचायत छतारी
जनपद-बुलन्दशहर

# मुख्यमंत्री के दौरे से पहले बीडीए ने विकास परियोजनाओं की रफ्तार तेज की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे से पहले बीडीए ने विकास परियोजनाओं की रफ्तार तेज कर दी है। उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय ने मोर्चा संभालते हुए शहर की प्रमुख योजनाओं का निरीक्षण किया और जहां भी लापरवाही, देरी या बाधाएं मिलीं, वहां अधिकारियों और ठेकेदारों को मौके पर ही सख्त निर्देश जारी किए।

बीडीए उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय ने इंडस्ट्रियल टाउनशिप में भूमि अर्जन की स्थिति, परियोजना की प्रगति और सामने आ रही बाधाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने और प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही परियोजना को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने की संभावनाओं पर गंभीरता से मंथन किया गया, ताकि बरेली में बड़े उद्योगों, निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकें।

**पीएम आवास के लाभार्थियों को जल्द मिलेगा कब्जा**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निजी बिल्डरों द्वारा बनाए जा रहे आवासों का भी निरीक्षण किया गया। बीडीए उपाध्यक्ष ने पात्र लाभार्थियों को जल्द आवंटन और कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही आवासीय परिसरों को अधिक सुविधाजनक और जनोपयोगी बनाने के लिए आवश्यक सुधार कार्यों पर जोर दिया। साइंस पार्क और बॉक्स विलेज परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने ठेकेदारों और अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य की रोजाना निगरानी की जाए और समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए।



**मुख्यमंत्री कंपोजिट स्कूल पर भी फोकस**

निमार्णाधीन मुख्यमंत्री कंपोजिट स्कूल परियोजना का निरीक्षण करते हुए उन्होंने गुणवत्ता की समीक्षा की और कार्य में आवश्यक वैल्यू एडिशन के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय का निर्माण जल्द पूरा हो ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं समय पर मिल सकें। अल्प आय वर्ग (एलआईजी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) के लिए प्रस्तावित आवासीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपाध्यक्ष ने निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का कार्य जल्द शुरू होना चाहिए ताकि जरूरतमंद परिवारों को आवास का लाभ मिल सके।

**रुद्र वनम पार्क को बनाया जाएगा भव्य आकर्षण**

नाथ नगरी की पहचान से जुड़ी रुद्र वनम पार्क योजना का भी निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री की विशेष रुचि वाली इस परियोजना को और अधिक भव्य, दिव्य और आकर्षक स्वरूप देने के लिए अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। महादेवपुरम आवासीय योजना की समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष ने इसे अधिक आकर्षक, सुव्यवस्थित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने पर जोर दिया। अधिकारियों को योजना में आवश्यक सुधार और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

**पानी, सीवर और जलनिकासी परियोजनाओं पर भी नजर**

ग्रेटर बरेली योजना के तहत निमार्णाधीन ओवरहेड वाटर टैंक की धीमी प्रगति पर ठेकेदार को फटकार लगाई गई। बीसलपुर रोड पर बन रहे नाले और निमार्णाधीन एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का भी निरीक्षण किया गया। उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सभी परियोजनाएं तय समयसीमा में पूरी हों और ट्रीटेड वाटर का अधिकतम उपयोग हरित क्षेत्रों, सिंचाई और अन्य जनोपयोगी कार्यों में किया जाए।

# राहुल गांधी देश के उन नेताओं में से हैं जो सत्ता से अधिक जनता की आवाज को महत्व देते हैं: ओमकार सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं ।** आज पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुन्नाला सागर की अध्यक्षता में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 56 वां जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यालय पर कार्यक्रम में कार्यकताओं ने केक काटा, गोष्ठी की और जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यातिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कॉर्डिनेटर ओमकार सिंह मौजूद रहे।गोष्ठी में राहुल गांधी के राजनीतिक जीवन, विचारधारा और जनसरोकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कॉर्डिनेटर ओमकार सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देश के उन नेताओं में से हैं जो सत्ता से अधिक जनता की आवाज को महत्व देते हैं।




उन्होंने किसानों, युवाओं, मजदूरों, छात्रों और आम नागरिकों के मुद्दों को लगातार मजबूती से उठाया है और कठिन राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद राहुल गांधी ने अपने विचारों और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर ने कहा कि राहुल गांधी का राजनीतिक सफर केवल एक नेता का नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय और देश की एकता में विश्वास रखने वाले करोड़ों लोगों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेश राठौर शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जाहिद सिद्दीकी शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नरेश पाल शर्मा शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हरीश कश्यप, शेयर कांग्रेस कमेटी के महासचिव, नूर सबा ने कहा की राहुल गांधी जी की राजनीति का केंद्र हमेशा आम आदमी, उसका सम्मान और उसके अधिकार रहे हैं। गोष्ठी में वक्ताओं ने राहुल गांधी की शिक्षा, सामाजिक दृष्टिकोण और राजनीतिक योगदान पर भी प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव इगलास हुसैन किया।

कार्यक्रम के समापन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को फल वितरित किए। कार्यकताओं ने मरीजों का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। अस्पताल परिसर में मौजूद अन्य लोगों को भी फल बांटे गए।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश मीडिया कांग्रेस के महासचिव शशांक राठौर, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुकेश बाबू शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सूरजपाल सिंह सोलंकी एडवोकेट, शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव शमीम अहमद खान उर्फ फौजी शहर कांग्रेस कमेटी के सचिव रईस अहमद, शहर सचिव श्रीमती आसमां बी, फरीद अहमद श्याम कुमार, प्रेमपाल, सूरज शाक्य ओमवीर सिंह खटिक आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुहर्रम की तैयारियों को लेकर थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

- ताजियों की ऊंचाई 12फिट से अधिक नही होनी चाहिए: क्षेत्राधिकारी
- कानून व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें,अमन शांति से मनाए मुहर्रम का त्योहार : स्तुति सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** गुरुवार को थाना बहजोई में आगामी पर्व मुहर्रम की तैयारियों के संबंध में थाना स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में थाना इंचार्ज एवं क्षेत्राधिकारी मौजूद रही,थाना क्षेत्र के अधिकांश धर्मगुरु व ग्राम प्रधान मौजूद रहे, क्षेत्राधिकारी ने कहा कि ऊचे ताजियों से हमेशा दुर्घटना होती है ताजियों और डीजे की ऊंचाई 12फिट से अधिक नही होनी चाहिए। ताजिया एंव अलम के गुजरने वाले मार्गो की स्थिति, विधुत तारों की ऊंचाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में पीस कमेटी के सदस्यों से जानकारी एवं सुझाव प्राप्त किए, क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह ने कहां की शान्ति पूर्वक अपने त्योहार को मनाओ और डीजे की ध्वनि शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रहे।

# योग दिवस: सम्भल के सभी जन सेवा केंद्रों पर कल मनेगा महाउत्सव, तैयारियां पूरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (मोनू सिंह)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विशेष अवसर पर सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (CSC-SPV) द्वारा सम्भल सहित उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में स्थित जन सेवा केंद्रों के माध्यम से राज्यव्यापी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान को लेकर सम्भल जनपद के चिन्हित वीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) और अन्य सभी जन सेवा केंद्र संचालकों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सीएससी जिला प्रबंधक रोहित सिंपसन ने बताया कि 21 जून को प्रातः ठीक 07:00 बजे से माननीय प्रधानमंत्री जी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सभी जन सेवा केंद्रों पर सीधा प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) किया जाएगा, जिसे स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और गणमान्य अतिथि सामूहिक रूप से देख सकेंगे। इसके तुरंत बाद भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुरूप सामूहिक योगाभ्यास आयोजित होगा, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं और महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

जिला प्रबंधक ने सभी केंद्र संचालकों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिकाधिक नागरिकों को जोड़ें, कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा आयोजन की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर समयबद्ध रिपोर्टिंग भी सुनिश्चित करें। सीएससी उत्तर प्रदेश ने सम्भल वासियों से अपील की है कि वे अपने निकटतम जन सेवा केंद्र पर पहुंचकर योग दिवस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लें और योग को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।

# लोक कल्याण मेले में स्ट्रीट वेंडरों को मिला आत्मनिर्भरता का संबल, समय से ऋण चुकाने वाले लाभार्थी सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** नगर पालिका परिषद चंदौसी के अस्थायी कार्यालय गांधी पार्क में शुक्रवार को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत लोक कल्याण मेला (स्वनिधि महोत्सव) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय और अधिशासी अधिकारी सतेंद्र प्रकाश ने किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार एक जून से 30 जून तक सभी नगरीय निकायों में स्वनिधि महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में चंदौसी में आयोजित मेले का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को आसान ऋण सुविधा, डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूकता तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। जिन लाभार्थियों ने योजना के तहत दूसरी किस्त का भुगतान कर दिया है, उनके लिए क्रेडिट कार्ड जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप यह योजना केवल ऋण उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे कारोबारियों को सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करने का माध्यम भी है। कोविड-19 महामारी के दौरान प्रभावित हुए छोटे व्यापारियों को इस योजना ने नई पूंजी देकर राहत पहुंचाई।




कार्यक्रम में सभासद लोकेश मौर्य, निशांत शर्मा, रोहित दिवाकर, विक्की प्रजापति सहित शहरी मिशन प्रबंधक दलवीर यादव, सीओ डूडा अनीता, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक सुनील कुमार, आरआई सचिन सक्सेना समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर समय से ऋण का भुगतान करने वाले लाभार्थियों को पालिकाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने सम्मानित भी।

# शिविर लगाकर किसानों के सामने आ रही परेशानियों में चर्चा की गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के द्वारा हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव मच्छराई में एक चिंतन शिविर लगाकर किसानों के सामने आ रही परेशानियों में चर्चा की गई।

चिंतन शिविर में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी का किसानों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया इस अवसर पर नरेश चौधरी ने कहा कि यही सच्चा किसान चिंतन शिविर है क्योंकि भाजपा सरकार के एजेंडे में गांव और किसान नहीं है। यदि किसान सरकार के एजेंडे में होता तो स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करके किसानों को राहत पहुंचाई जानी चाहिए थी सरकार स्वामीनाथन और किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को मरणोउपरांत भारत रत्न से तो सम्मानित किया गया लेकिन उनके विचारों को आज तक नहीं माना सरकार का यह दोहरा रवैया किसानों को परेशान करने का काम कर रहा क्योंकि जिन अच्छे विचारों के कारण भारत रत्न मिला उन विचारों को सरकार ने आज तक दरकिनार कर रखा है। ऐसी मानसिकता वाली सरकार से आने वाले चुनाव में किसान यह किनारा करने को मजबूर होगा और कहा कि एक सरकार किसान की फसलों पर एसपी तो देती है लेकिन एमएसपी पर फसलों की खरीद के गारंटी कानून बनाने से किनारा कर रही सरकार किसानों को कर्ज देने के लिए तो नए-नए कानून बना रही है लेकिन किसानों को रोजगार देने से बच रही है आज देश में महंगाई चरम पर है बेरोजगारी बढ़ती जा रही है लेकिन सरकार एक्सप्रेसवे बनाकर अपनी पीठ ठप थापा रही है क्या देश का किसान देश के लिए नहीं कमाता? किसान के बच्चे फौज में भर्ती होकर देश की सीमा पर देश की रक्षा करता है , किसान अनाज पैदा करके देश का पेट भरता इसके बाद भी किसान के सारे अधिकार सरकार ने सील कर रखे हैं किसानों को अपनी फसल बेचने की आजादी नहीं दी गई देश के हर व्यापारी को अपना सामान अपने द्वारा के रेट पर बेचने की आजादी है लेकिन किसानों को नहीं है। नरेश चौधरी ने कहा कि अब एमएसपी गारंटी कानून की लड़ाई लड़ी जाएगी। शिविर की अध्यक्षता सत्येंद्र सिंह ने की और संचालन इकबाल सैफी ने किया। इस अवसर पर तेजपाल सिंह, जसवंत सिंह, विजेंदर सिंह , होम पाल सिंह, प्रिंस चौधरी,कार्तिक चौधरी,शाबान पठान, दिलदार पठान, अंसार चौधरी, इकरार चौधरी, नवाब अली आदि किसान लोग मौजूद है।




# सावधान: चालान करते समय फोन से बात नही करा सकोगें अब यातायात पुलिस नहीं कैमरे करेंगे चालान

- यातायात पुलिस के रोकने पर वाहन स्वामी कराते थे,बात और चालान रोकने के लिए बनाते थे दवाव
- जनपद में तीन जगह लगे कैमरे, आगे हर चोराहों पर लगेंगे कैमरे, बहुत शीघ्र शुरू करेंगे अपना कार्य।

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** सावधान हो जाओ अव नही कर सकोगे मनमानी क्योंकि शीघ्र चालान करने के लिए जनपद में तीसरी आंख शुरू होने बाली है फिर न चलेगे पावर और न चलेगी दबंगई क्योंकि तीसरी आंख किसी की नही सुनती,इस लिए कराये पूरे पेपर हैमलेट व सीट बेल्ट लगाने की डाल लो आदतें बरना पड़ेगा भारी।



यातायात प्रभारी जगरोशन ने बताया की फिलहाल में जनपद के गुन्नौर चौराहे, बहजोई के इस्लाम नगर चौराहा व संभल के वाज़िद पुरम में कैमरे लगाए जा रहे हैं उसके बाद जनपद के सभी चौराहे पर लगाये जायेंगे उन्होंने बताया की इससे घटना करने वाले वाहनों को पकड़ने के लिए भी राहत मिलेगी।

# मुहर्रम पर अजाद नगर कॉलोनी से अलम-ए-मुबारक का जुलूस बरामद,मजलिस में कर्बला के पैगाम पर डाली गई रौशनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद ।** मुहर्रम 1448 हिजरी की दूसरी तारीख को नगर में अजादारी का सिलसिला पूरी अकीदत और एहतराम के साथ जारी रहा। इस अवसर पर अजाद नगर कॉलोनी में अली गौहर एवं सलीम मेहदी के आवास से अलम-ए-मुबारक अजादारों की मौजूदगी में बरामद हुआ। नौहाख्वानी और मातम के साथ निकाला गया यह जुलूस विभिन्न मार्गों से होता हुआ इमामबाड़ा मोहम्मदिया हॉल पहुँचा। जुलूस में शामिल अजादारों ने "या हुसैन (अ.स.)", "या अब्बास (अ.स.)" की सदाओं के बीच मातम कर शोहदाए कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। पूरे मार्ग में गम-ए-हुसैन का माहौल दिखाई दिया तथा लोगों ने अलम-ए-मुबारक की ज़ियारत कर अपनी अकीदत का इजहार किया। इमामबाड़ा मोहम्मदिया हॉल पहुँचने के उपरांत अनवर अली उर्फ कम्मन की जानिब से मजलिस-ए-अजा का आयोजन किया गया। आप रिपोर्ट में यह संशोधन कर सकते हैं:

"मजलिस को अमरोहा से तशरीफ लाए मौलाना शेहवार हुसैन नकवी साहब ने खिताब किया। उन्होंने वाकेआ-ए-कर्बला, फलसफा-ए-शहादत और इमाम हुसैन (अ.स.) की अजीम कुर्बानियों पर रौशनी डालते हुए कहा कि कर्बला इंसानियत, सब्र, इस्तिकामत और हक की राह में डटे रहने का सबसे बड़ा पैगाम है। मौलाना के दर्द भरे बयान को सुनकर अजादार अश्कबार हो गए और पूरे इमामबाड़े में गम व अकीदत का माहौल तारी हो गया अनवर अली उर्फ कम्मन की जानिब से मजलिस-ए-अजा का आयोजन किया गया" मजलिस में जाकिर-ए-अहलेबैत ने फजाइल-ए-अहलेबैत (अ.स.) तथा वाकेआ-ए-कर्बला के विभिन्न पहलुओं पर रौशनी डालते हुए इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके जाँनिसार साथियों की बेमिसाल कुर्बानियों को बयान किया। उन्होंने कहा कि कर्बला इंसानियत, सब्र, इस्तिकामत और हक के लिए हर दौर में मशाल-ए-राह है तथा इमाम हुसैन (अ.स.) का पैगाम आज भी दुनिया को जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद करने का हौसला देता है।



# निरोगी तन, निर्मल मन और जागृत आत्मा का संदेश लेकर 21 जून को होगा संत निरंकारी मिशन का योग अभियान

**बुलन्द संदेश बयूरो**

**चंदौसी/दिल्ली (मयंक सक्सेना)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन द्वारा 21 जून को देशभर के 1500 से अधिक केंद्रों पर प्रातः छह बजे सामूहिक योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। यह अभियान सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में निरोगी तन, निर्मल मन और जागृत आत्मा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का संदेश ह्यस्वस्थ मन, सहज जीवन इस बात पर बल देता है कि वास्तविक समृद्धि केवल शारीरिक स्वास्थ्य में नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक जागरूकता में निहित है। मिशन योग को केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मबोध, आंतरिक शांति और विश्वबंधुत्व का माध्यम मानता है। मिशन की विभिन्न शाखाओं में स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में खुले मैदानों और पार्कों में योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें श्रद्धालु, सेवादल स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक भाग लेंगे। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि वर्ष 2015 से फाउंडेशन द्वारा योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग भारत की गौरवशाली धरोहर है, जो शरीर को स्वस्थ, मन को स्थिर और जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। मिशन का उद्देश्य लोगों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ, संतुलित और आनंदमय जीवन के लिए प्रेरित करना है।



## सैलाब — देश-विदेश से उमड़ा अजादारों का सैलाब

# तीन मुहर्रम का ऐतिहासिक जुलूस अकीदत व एहतराम के साथ निकाला गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा, महताब अमरोहवी )।** गमगीन फि जा और नम आँखों के दरमियान तीन मुहर्रम का ऐतिहासिक और पारंपरिक जुलूस इमाम बारगाह वालिया पचदरा से पूरी अकीदत के साथ निकाला गया। कर्बला के शहीदों की याद में निकाले गए इस जुलूस में चारों तरफ 'या हुसैन, या हुसैन' की सदाएं गूंजती रहीं।

इमामबारगाह से शुरू होकर यह जुलूस बेहद सलीके और तरतीब के साथ शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरा। जुलूस का गश्त बेहद प्रभाव मयी था, जिसमें अजादारी की पुरानी रिवायतों की झलक साफ देखने को मिली।जुलूस में सबसे आगे ऊँटों का एक विशाल काफिला चल रहा था, जो कर्बला के ऐतिहासिक सफर की याद दिला रहा था। काफिले के ठीक पीछे खूबसूरत आराइश और हुसैनी बाजे की मातमी धुनें माहौल को और अधिक गमगीन बना रही थीं।जुलूस में शामिल पवित्र आलम मुबारक, शबीह-ए-ताबूत और इमाम हुसैन के वफादार घोड़े की शबीह 'जुल्जनाह' के दीदार के लिए अजादारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।जुलूस के दौरान अजादार और आम लोग खसूसी नौहे पढ़ रहे थे। जिसमें कर्बला के मजलूमों के मसाइब (दुख) सुनकर हर आँख नम थी। नौहाख्वानी के साथ-साथ अजादारों ने इमाम बारगाह में सीनाजनी (मातम) की, जिससे पूरा माहौल 'हुसैन हुसैन हुसैन' की गूंज से लबरेज हो गया। इस ऐतिहासिक जुलूस में अकीदतमंदों की बहुत बड़ी संख्या ने शिरकत की। स्थानीय लोगों के अलावा, देश के विभिन्न हिस्सों से आए जायरीन और बड़ी संख्या में विदेशी अजादारों ने भी जुलूस में शामिल होकर अपनी अकीदत के फूल पेश किए। जुलूस को सफल और शांतिपूर्ण निकालने में ज़िला मजिस्ट्रेट, अमरोहा द्वारा मोहर्रम कार्यक्रम आयोजन हेतु तदर्थ कमेटी के सदस्य ज़िया एजाज, लियाकत अली,बाकर रजा नकवी,नदीम नकवी, शहजाद रजा,कासिम जैदी का सहयोग रहा।जुलूस का संचालन 'अंजुमन रजाकारान-ए-हुसैनी' द्वारा किया गया। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों और शहर की प्रमुख हस्तियों ने मुस्तैदी से अपनी ज़िम्मेदारियां निभाईं, जिसमें मुख्य रूप से गुलाम सज्जाद काइद खुर्शीद जैदी जनरल सेक्रेटरी, इमदाद आबिदी (नायब काइद)डॉ.चंदन नकवी, इकबाल खां सैयद मुज्तबा,जाफर रजा,दायम रजा, खुर्रम हसन,शाने मुज्तबा ,संचालन कर रहे थे।





इनके अलावा अंजुमन के अन्य वालंटियर्स, सामाजिक कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में अजादार जुलूस के आखिर तक साथ चलते रहे।सिकंदर रजा मुतवल्ली प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से जुलूस अपने मुकर्रर रास्तों से होता हुआ शांतिपूर्ण ढंग निश्चित समय पर संपन्न हुआ।

# 1.28 करोड़ रुपये की लागत से होगा हिंदुपुरा खेड़ा में तालाब का जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** नगर के हिंदुपुरा खेड़ा में अमृत सरोवर योजना 2.0 के अंतर्गत तालाब के निर्माण और सुंदरीकरण का कार्य शुरू हो गया है। शासन स्तर से इस योजना के लिए 1.28 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। नगर पालिका की देखरेख में चल रहे कार्य के तहत तालाब का गहरीकरण, सुदरीकरण और जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं।

नगर के हिंदुपुरा खेड़ा क्षेत्र में अमृत सरोवर योजना 2.0 के तहत तालाब के पुनर्जीवन का कार्य तेजी से चल रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना, भूजल स्तर में सुधार लाना और स्थानीय लोगों को एक बेहतर एवं स्वच्छ जल स्त्रोत उपलब्ध कराना है। योजना के लिए शासन स्तर से कुल एक करोड़ 28 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, जबकि प्रथम चरण में 28 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं। नगर पालिका परिषद की ओर से वर्ष 2025 में इस योजना का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। प्रारंभिक रूप से अमृत सरोवर योजना को हल्लू सराय मुहल्ले में लागू करने की योजना थी, लेकिन वहां स्थित शंखमाधव तीर्थ स्थल की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए योजना का स्थान बदलकर हिंदुपुरा खेड़ा स्थित तालाब को चुना गया। वर्तमान में तालाब के गहरीकरण और संरचनात्मक विकास का कार्य जारी है। तालाब से अतिरिक्त पानी की निकासी और जल संचयन क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष डिजाइन तैयार की गई है। इसके साथ ही तालाब के चारों ओर सीढ़ीनुमा बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है। पालिका क्षेत्र में यह पहला अमृत सरोवर तालाब बन रहा है।

योजना की कुल लागत 1.28 करोड़ रुपये है, जिसमें प्रथम चरण की धनराशि प्राप्त हो चुकी है। तालाब का गहरीकरण, सीढ़ीनुमा बाउंड्रीवाल निर्माण और सुंदरीकरण कराया जा रहा है। कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा।



**आदित्य प्रकाश**
**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, संभल**

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को कांग्रेस नेता अभिनव शर्मा श्याम मार्केट स्थित कार्यालय पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया।



कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी तथा राहुल गांधी के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में मौजूद शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुनील शर्मा ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राहुल गांधी के राजनीतिक योगदान, युवाओं के मुद्दों और सामाजिक सरोकारों पर उनके विचारों का उल्लेख किया।

सुनील शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मजबूत विपक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण होती है तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना लोकतंत्र को सशक्त बनाता है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहने का संकल्प भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर बृजेश कुमार सेन, सुनील शर्मा, अभिनव शर्मा, भिखारी लाल कश्यप, जहूर अहमद, राकेश कुमार सोनी, महेश दत्त शर्मा, हरिशंकर कौशिक, कल्पना सिंह, लकी कश्यप, आत्म प्रकाश शर्मा, चांदवीर चौधरी, विकास शर्मा, सनी, अजीत कुमार सिंह, विवेक राठी, विक्रांत नेहरा, आशीष शर्मा, प्रेम प्रकाश, जितेंद्र कुमार और हरि ठाकुर सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया, केक काटकर बांटी मिठाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन शुक्रवार को शहर के सेठवाड़ा स्थित कांग्रेस कार्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में किया गया, जहां कार्यकताओं ने केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाईं और मिठाई वितरित की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की मजबूती के लिए आवाज बुलंद की है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर राहुल गांधी ने आम लोगों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर रखने का कार्य किया है। उन्होंने राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और निरंतर जनसेवा की कामना की। जिला कांग्रेस महामंत्री वैद्य मनोज गौड़ ने कहा कि राहुल गांधी युवाओं, किसानों और मजदूरों के हितों के लिए





लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार, समान अवसर और बेहतर भविष्य की लड़ाई में राहुल गांधी करोड़ों युवाओं की उम्मीद बने हुए हैं। पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा कि किसानों, छात्रों, युवाओं तथा दलित एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए राहुल गांधी का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि देश और समाज के विकास में उनकी सक्रिय भूमिका सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उमेश शर्मा, बलवीर प्रधान, प्रेमशंकर शर्मा, रूपा लवानिया, गीता दिवाकर, ललिता देवी, शाहिद कुरैशी, प्रवीण ठाकुर, पुनीत बघेल, अबरार कुरैशी, आशीष अग्रवाल, कुंवर सिंह निषाद, करण निषाद, रमेश कश्यप, अशोक निषाद, विनोद दिवाकर, महेश चौबे, चंद्रप्रकाश गौर, मनीष चौधरी, राकेश शर्मा, पंकज चौधरी, नितिन वार्ष्णेय, अमित राज, अनवर फारुकी, अनिल खरे, अरनव चौधरी, अनुज कुमार, विजय सिंह लोधी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सस्टेनेबल लाइब्रेरीज पर सुभारती विश्वविद्यालय में व्याख्यान, एसडीजी लक्ष्यों से जोड़ी गई पुस्तकालय सेवाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा सस्टेनेबल लाइब्रेरीजः एलाइनिंग लाइब्रेरी सर्विसेज विद एसडीजीजह्व विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन



किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) की प्राप्ति में पुस्तकालयों की भूमिका एवं योगदान से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती पूनम त्यागी, असिस्टेंट प्रोफेसर, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, एचएलएम कॉलेज, गाजियाबाद उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि वर्तमान समय में पुस्तकालय केवल ज्ञान एवं सूचना के केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे समाज में सतत विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा सामाजिक समानता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से एसडीजी-12 (जिम्मेदार उपभोग एवं उत्पादन) को पुस्तकालयों के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि पुस्तकालय संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, डिजिटलीकरण, ई-संसाधनों के विस्तार, पेपरलेस सेवाओं, रिसोर्स शेयरिंग तथा ग्रीन लाइब्रेरी प्रथाओं के माध्यम से इस लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। श्रीमती त्यागी ने विद्यार्थियों को बताया कि डिजिटल पुस्तकालय, संस्थागत रिपॉजिटरी तथा ई-जर्नल न केवल सूचनाओं तक आसान पहुंच उपलब्ध कराते हैं, बल्कि कागज की खपत को कम करके पर्यावरणीय दबाव को भी घटाते हैं। उन्होंने कहा कि सतत पुस्तकालयों की अवधारणा केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग, ऊर्जा संरक्षण, जागरूकता निर्माण तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए ज्ञान संसाधनों के संरक्षण से भी जुड़ी हुई है। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने ग्रीन लाइब्रेरी, सतत पुस्तकालय सेवाओं, डिजिटल संसाधनों तथा एसडीजी के

## सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका : पूनम त्यागी

व्यावहारिक अनुप्रयोगों से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता ने विस्तार पूर्वक उत्तर दिया। संवादात्मक शैली में आयोजित यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा।

कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष डॉ. सुधीर त्यागी ने अतिथि वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के उभरते आयामों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें नवीन ज्ञान एवं शोध के प्रति प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सपना शर्मा ने मुख्य वक्ता श्रीमती पूनम त्यागी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. जावेद खान, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. अल्पना, श्रीमती शालिनी त्यागी एवं श्रीमती भावना जोशी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने व्याख्यान में प्रस्तुत जानकारियों के प्रति विशेष रुचि दिखाई तथा विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का सफल आयोजन विभाग की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कुल मिलाकर यह व्याख्यान अत्यंत सफल, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा।

# योग अपनाकर स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की ओर बढ़ें: डॉ.अर्पणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** राजपूताना रेजीमेंट इंटर कॉलेज में चल रहे योग सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को छात्र-छात्राओं ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को योग के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों से अवगत कराया। योग विशेषज्ञ ओमपाल सिंह और भारती शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, पवनमुक्तासन, भद्रासन तथा विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी सहायक है। मुख्य वक्ता डॉ. अर्पणा सिंह ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते तनाव और मानसिक दबाव के बीच योग सबसे प्रभावी उपाय है। योग व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच का विकास करता है।





वहीं प्रधानाचार्य राज बहादुर सिंह ने कहा कि योग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार है और इससे उनकी स्मरण शक्ति व एकाग्रता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संजय कोरी, राजीव कुमार शर्मा, रविंद्र गुप्ता, पवन अग्रवाल, डॉ. रविंद्र कुमार, विमला गोयल तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मोहर्रम की दूसरी तारीख पर निकला दूसरा अलम जुलूस, रालोद नेता कुँवर नरेंद्र सिंह ने दिया भाईचारे का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा ( मोइनुद्दीन)।** मोहर्रम के पवित्र माह की दूसरी तारीख पर शहर के किया मंडी क्षेत्र से मोहर्रम कमेटी के तत्वावधान में दूसरा अलम जुलूस पूरे धार्मिक उत्साह और अकीदत के साथ निकाला गया। देर रात निकले इस जुलूस में बड़ी संख्या में अलमदारों, अखाड़ेदारों एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने भाग लिया। जुलूस के दौरान या हुसैन की सदाओं से पूरा क्षेत्र गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की।

जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर गुजरा, जहां जगह-जगह लोगों ने अलम का स्वागत किया। मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं का संचालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से कार्यक्रम को संपन्न कराया। युवाओं और बुजुर्गों ने इमाम हुसैन के बताए सत्य, न्याय, त्याग और इंसानियत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय





लोकदल के वरिष्ठ नेता एवं क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि कुँवर नरेंद्र सिंह विशेष रूप से जुलूस में शामिल हुए। उनके पहुंचने पर मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों एवं मोहर्रम कमेटी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। कुँवर नरेंद्र सिंह ने कहा कि मोहर्रम का संदेश इंसानियत, बलिदान और अन्याय के खिलाफ संघर्ष का संदेश है। हजरत इमाम हुसैन ने मानवता और सत्य की रक्षा के लिए जो कुबार्नी दी, वह पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि मथुरा सदियों से गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी प्रेम और सामाजिक सौहार्द की मिसाल रहा है। सभी धर्मों और समुदायों के लोगों को मिल-जुलकर भाईचारे और एकता को मजबूत करना चाहिए। समाज में प्रेम, सद्भाव और पारस्परिक सम्मान ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और हमें इन्हें आपसी सहयोग एवं सम्मान के साथ मनाना चाहिए।

जुलूस के दौरान उपस्थित लोगों ने सामाजिक एकता, भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के वरिष्ठ नागरिकों, अखाड़ेदारों, अलमदारों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में भी मोहर्रम से संबंधित धार्मिक कार्यक्रम पूरी श्रद्धा, अनुशासन और परंपरागत तरीके से आयोजित किए जाएंगे। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा तथा पूरे मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# सीवर लाइन डालने के चलते नाला हुआ ओवर फ्लो, दिल्ली मेरठ रोड पर हुआ भयंकर जलभराव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** सीवर लाइन डालने के चलते नाला ओवर फ्लो होने के चलते दिल्ली मेरठ रोड पर डीसीपी ग्रामीण कार्यालय के सामने जलभराव हो गया। जलभराव होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिशासी अधिकारी जल्द समस्या का समाधान करने की बात कह रहे है। दिल्ली मेरठ रोड पर नमो भारत स्टेशन के पास से खंड विकास कार्यालय तक सड़क पर दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। नमो भारत स्टेशन के पास ही डीसीपी ग्रामीण का कार्यालय भी है। पानी भरने के कारण लोगों को नमो भारत स्टेशन व डीसीपी ग्रामीण कार्यालय तक जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को गंदे पानी से होकर अपने प्रतिष्ठानों तक जाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि नगर की मलिक नगर कॉलोनी में सीवर लाइन डालने का काम चल रहा है। जिस कारण नाला ओवर फ्लो होने के कारण सड़क पर पानी भर रहा है। अधिशासी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नाला निर्माण के चलते पानी भर रहा है। एक दो दिन में समस्या का समाधान हो जाएगा।

# व्यापारियों को मिला नया नेतृत्व, कन्हैयालाल गोयल को सौंपी जिले की कमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल (पंजी.) उत्तर प्रदेश ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वरिष्ठ व्यापारी एवं समाजसेवी कन्हैयालाल गोयल को मथुरा जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी मनोनयन पत्र के बाद व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई।



कन्हैयालाल गोयल लंबे समय से व्यापारिक हितों की आवाज उठाने के साथ-साथ सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। व्यापारियों के बीच उनकी मजबूत पकड़ और संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गोयल विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा वे भारतीय जनता पार्टी में जिला कोषाध्यक्ष के रूप में भी दायित्व निभा चुके हैं। सामाजिक सरोकारों से जुड़े आयोजनों, सामूहिक विवाह समारोहों, धार्मिक अनुष्ठानों तथा जनहित कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है।

संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल मथुरा में और अधिक प्रभावी भूमिका निभाएगा तथा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मजबूती से कार्य करेगा। मनोनयन की सूचना मिलते ही व्यापारियों, समाजसेवियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

**कन्हैयालाल गोयल की प्रमुख पहचान**

1.वरिष्ठ व्यापारी एवं पूर्व पार्षद 2.भाजपा में जिला कोषाध्यक्ष रह चुके हैं
3.सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता 4.सामूहिक विवाह एवं जनकल्याण कार्यक्रमों से जुड़े
5.भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के मथुरा जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए हैं।

# कांठ में डिजिटल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन पांचवें दिन भी रहा जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** डिजिटल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन कांठ का आंदोलन आज लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा ' तहसील में समस्त रजिस्ट्री कार्य पूर्णतः बंद रखा गया तथा किसी भी प्रकार के रजिस्ट्रीकरण संबंधी कार्य को नहीं होने दिया गया। उल्लेखनीय है कि बार एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया था आंदोलन की अवधि में यदि कोई अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक अथवा अन्य व्यक्ति रजिस्ट्री कार्य कराता अथवा उसमें सहयोग करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध बार एसोसिएशन द्वारा कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही ऐसे व्यक्ति पर ?21,000 (इक्कीस हजार रुपये) का आर्थिक दण्ड अधिरोपित किए जाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया।




आंदोलन में शहजाद रफीक खान, इकबाल खान, यशवीर सिंह, सुगम पवार, चरण सिंह सैनी, वैभव बिश्नोई, नन्ने खां, सुनील प्रजापति, हरपाल सिंह, पुष्पेंद्र धामा, सुधीर कुमार बिश्नोई, विजयवीर सिंह, मोहम्मद अय्यूब, चंद्रपाल सिंह, जसवीर जस्ती, भूपेंद्र सिंह, महबूब खां, सुधीर बिश्नोई, चरण सिंह ढाका, कोमल सिंह, रंजीत सिंह, सुशील बिश्नोई, अफसर खान, चरण सिंह देशवाल, चौधरी सुनील कुमार,अतुल कुमार साजिद खान, लक्ष्मण पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता तहसील बार एसोसिएशन काठ के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने की तथा संचालन महासचिव दीपक बिश्नोई ने किया।

# योग साधना से स्वस्थ जीवन का संदेश, शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** भारत विकास परिषद् विकास रत्न शाखा एवं मुखर्जी पुस्तकालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर के तीसरे दिन योग साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हिंदू कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित शिविर में योग एवं प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। योग प्रशिक्षिका मणिका मित्तल ने उपस्थित साधकों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है तथा कई बीमारियों से बचाव संभव है।

योग विशेषज्ञ सुशील अग्रवाल ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि संतुलित और स्वस्थ जीवन जीने की कला है। उन्होंने एक्यूप्रेशर पद्धति की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। शाखा सचिव डॉ. सतीश वर्धन ने कहा कि योग व्यक्ति के तन और मन दोनों को सशक्त बनाता है। शिविर के समापन पर शाखा अध्यक्ष बिशन दयाल गोयल ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित योग अपनाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

**योग महोत्सव** योग महोत्सव के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की

# स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम के साथ सुभारती विश्वविद्यालय में सप्ताह व्यापी योग महोत्सव का शुभारम्भ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 16 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित किए जा रहे सप्ताह व्यापी योग महोत्सव का उत्साहपूर्ण शुभारम्भ किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ह्लस्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगह्व को केंद्र में रखते हुए आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वास्थ्य, ऊर्जा, मानसिक संतुलन एवं समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है। योग महोत्सव के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान अभ्यासों का अभ्यास करते हुए योग के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक लाभों को समझा। कार्यक्रम के दौरान शारीरिक फिटनेस, मानसिक एकाग्रता, भावनात्मक संतुलन तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला गया। यह योग महोत्सव शारीरिक शिक्षा






विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. निशांत द्वारा किया गया। उन्होंने विभिन्न योगाभ्यासों का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उनके प्रेरणादायी एवं संवादात्मक सत्र ने उपस्थित प्रतिभागियों को नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शारीरिक शिक्षा विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. परवीन कुमार, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. निशांत, श्री शुभम राठी, श्री शरद पंवार एवं श्री संजित टी. के. का विशेष योगदान रहा। उनके समर्पण, टीम भावना एवं सामूहिक प्रयासों के परिणामस्वरूप उद्घाटन सत्र का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित हुआ।इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज के प्रति स्वास्थ्य एवं कल्याण संबंधी गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं सकारात्मक नेतृत्व के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया।योग महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में विविध योग सत्र, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, ध्यान अभ्यास, फिटनेस गतिविधियों एवं अन्य कल्याणकारी आयोजन किए जाएंगे। इस पहल के माध्यम से शारीरिक शिक्षा विभाग विश्वविद्यालय समुदाय में स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक सजगता, सकारात्मक सोच एवं समग्र व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ कर रहा है। योग महोत्सव का यह आयोजन न केवल योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बन रहा है, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के प्रति समाज को प्रेरित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

# जाम्भाणी साहित्य जीवन मूल्यों, नैतिकता एवं उत्कृष्ट चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम : डॉ.छाया रानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नगर में आयोजित जाम्भाणी संस्कार शिविर-2026 के द्वितीय दिवस पर ज्ञान, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का प्रेरणादायी संगम देखने को मिला। बौद्धिक सत्र में दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, मुरादाबाद की प्रोफेसर डॉ. छाया रानी ने कहा कि जाम्भाणी साहित्य केवल साहित्य नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, नैतिकता एवं उत्कृष्ट चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। गुरु जाम्भोजी की वाणी मानवता को सत्य, सदाचार, करुणा और कर्तव्य परायणता का मार्ग दिखाती है तथा समाज में नैतिक चेतना का संचार करती है।आचार्य सत्यदेवानन्द ने अपने उद्बोधन में कहा कि सद्गुरु जाम्भोजी की वाणी का मूल उद्देश्य मानव मात्र का उत्थान एवं लोककल्याण है। उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत आज भी समाज को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। स्वामी रामेश्वरानन्द जी ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु जाम्भोजी का दर्शन प्रकृति और प्राणी मात्र के संरक्षण का संदेश देता है। वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए उनकी शिक्षाओं को





अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

योगाचार्य सुभाष बिश्नोई समाज के पावन अष्ट धामों के धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला "गुरु जाम्भोजी के आदर्श, संस्कार और युवा पीढ़ी का भविष्य" विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तकनीकी क्रांति के इस दौर में युवाओं को आधुनिक ज्ञान के साथ-साथ अपने संस्कारों, संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक का सदुपयोग ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। सभी वक्ताओं के प्रेरणादायी विचारों से उपस्थित बच्चों एवं श्रद्धालुओं में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार हुआ। सभी ने गुरु जाम्भोजी के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने तथा समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्रातःकाल योगाभ्यास से हुआ। बच्चों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन, अनुशासन एवं आत्मसंयम का संदेश दिया गया। तत्पश्चात जाम्भाणी परंपरा अनुसार हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया तथा हवन उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में संत समाज से स्वामी रामेश्वरानंद जी, आचार्य सत्यदेवानंद जी, स्वामी जगदेवानंद जी, राजू राम महाराज जी एवं स्वामी ऋषिदानन्द जी का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सीपी सिंह , मास्टर धर्मपाल सिंह , प्रदीप बिश्नोई एडवोकेट (मुरादाबाद), योगेश कुमार बिश्नोई एडवोकेट राजकुमार सेवक, अशोक बिश्नोई (लालापुर), विकास (संदलीपुर), राजीव बिश्नोई (लालापुर) एवं विष्णुदास (नवादा) उपस्थित रहे। महिलाओं में रेखा बिश्नोई, सुमन बिश्नोई एवं विजयलक्ष्मी बिश्नोई सहित अनेक श्रद्धालु महिलाएँ उपस्थित रहीं।

## क्रिकेट मैच में विवाद, युवक का सिर फोड़ा, रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** मझौली खास गांव में 16 जून की रात क्रिकेट मैच देखने गए मोहम्मद जैद का हसन व उसके पिता इमरान से विवाद हो गया। आरोप है कि दोनों ने जैद के सिर में ईंट मारकर घायल कर दिया। पीड़ित के पिता राशिद खां की तहरीर पर कुंदरकी पुलिस ने हसन और इमरान के खिलाफ मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक लड़की को बहला-फुसलाकर ले गया, रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** क्षेत्र के एक ग्राम से युवती को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है कि 16 जून की रात करीब 11 बजे संभल जिले के सौंदन गांव निवासी जसवीर उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी ।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाना मैनाठेर में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 16 जून की सुबह करीब साढ़े चार बजे गांव का ही युवक उनकी 26 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं भगाकर ले गया। काफी तलाश के बाद भी बेटी का पता नहीं चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिलारी में 21 जून को होगा भव्य योग कार्यक्रम, योग परिवार संगठन ने की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** योगशाला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग परिवार संगठन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 21 जून को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।



**21 जून को प्रातः 5:30 बजे से कार्यक्रम**

निर्णय लिया गया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को नगर पालिका परिषद बिलारी में प्रातः 5:30 बजे से भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में योग प्रदर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की सहभागिता रहेगी।

**पालिकाध्यक्ष व ईओ को दिया आमंत्रण**

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु योग परिवार संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों अधिकारियों को सम्मान स्वरूप पुस्तक एवं पुष्प भेंट कर कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों को योग कार्यक्रम से जोड़ने पर जोर दिया।

# मुरादाबाद के निर्यातकों ने उठाई "आधुनिक मशीनरी लगाने" की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और तेजी से बदलती तकनीक के बीच जिले के निर्यातकों ने उद्योगों के आधुनिकीकरण करने की मांग की है।उनका कहना है कि नई मशीनरी और ऑटोमेशन अपनाए बिना उत्पादन बढ़ाना, गुणवत्ता सुधारना और वैश्विक बाजार में टिके रहना अब मुश्किल होता जा रहा है। उनका कहना है कि विदेशों में खरीदार अब बेहतर गुणवत्ता, कम समय में डिलीवरी और प्रतिस्पर्धी कीमतों की मांग कर रहे हैं। ऐसे में पारंपरिक तकनीक और पुरानी मशीनों के सहारे उद्योग चलाना कठिन होता जा रहा है। चीन, वियतनाम और अन्य देशों में अत्याधुनिक मशीनों के जरिए बड़े पैमाने पर कम लागत में उत्पादन हो रहा है। निर्यातक हस्तशिल्प उत्पाद बनाने के लिए मैनुअल और पारंपरिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उत्पादन लागत बढ़ती है और समय भी ज्यादा लगता है।

लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता का कहना है कि सरकार से मांग की है कि उद्योगों में आधुनिक मशीनरी लगाने के लिए जिले में स्किल डेवलपमेंट सेंटर बनाया जाए और नई टेक्नोलॉजी की मशीनरी लगाई जाए ताकि इनका फायदा निर्यातकों को मिल सके।आईआईए





हैंडीक्रॉफ्ट डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन सुरेश कुमार गुप्ता का कहना है कि उद्योगों को नई तकनीक से जोड़ना जरूरी है, तभी जिले का निर्यात कारोबार वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत पहचान बनाए रख सकेगा।

## आकाश कोरियन ताइक्वांडो अकादमी का 7 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर 22 जून से प्रारंभ होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर में स्थित आकाश कोरियन ताइक्वांडो अकादमी का 7 दिवसीय ग्रीष्मकालीन ताइक्वांडो शिविर 22 जून से 29 जून तक चलेगा ' शिविर में ताइक्वांडो ट्रेनिंग (बेसिक से एडवांस),आत्मरक्षा की दमदार तकनीकें,फिटनेस, स्टैमिना और लचीलापन,अनुशासन और आत्मविश्वास में वृद्धि, आदि के बारे में विस्तार से बताया जाएगा' यह जानकारी आज शाम शिविर के आयोजन हर्ष शर्मा ने दी है।




# नीट परीक्षा: मुरादाबाद में बनाए गए 22 केंद्र,10,600 विद्यार्थी पंजीकृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नीट यूजी 2026 की




पुनर्परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी ओर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डीआईओएस रितु तोमर का कहना है कि मुरादाबाद जनपद में परीक्षा के लिए 22 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 10600 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।उन्होंने बताया कि परीक्षा कक्षों में ड्यूटी के लिए 1050 शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की अध्यक्षता में बैठक हुई है। इसमें अभ्यर्थियों को सुरक्षित, व्यवस्थित और तनावमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। डीआईओएस ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न करने अथवा अनुचित साधनों का प्रयोग कराने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।गर्मी को देखते हुए परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, ओआरएस, मेडिकल टीम और यातायात प्रबंधन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने निर्देश दिए हैं।

# डींगरपुर में 'रात्रि ग्राम चौपाल' आयोजित, विधायक ने 4 परिवारों को लिया गोद, दो दिव्यांगों को दी स्कूटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारतीसैफी)।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डींगरपुर, में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार की "रात्रि में ग्राम चौपाल" कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन फीता काट कर विधायक रामवीर सिंह ठाकुर ने किया।

**कार्यक्रम के मुख्य बिंदु:**

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ने ग्रामीणों के साथ सहभागिता कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

**लाभार्थियों को मिला लाभ:**

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को उनके नए आवासों की प्रतीकात्मक चाबियां प्रदान की गईं। साथ ही पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए गए।

**4 परिवारों को लिया गोद, दिव्यांगों को मिली स्कूटी:**

विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के चार परिवारों को गोद लिया। इनमें जटपुरा गांव निवासी मनीषा, जैतपुर पट्टी गांव निवासी ननकी , अहलादपुर गांव निवासी मजहबी और अल्लापुर भीकन गांव निवासी अफसाना का परिवार शामिल है। विधायक ने इन परिवारों के भरण पोषण और बच्चों की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी ली है।

इसके अलावा क्षेत्र के मिलक वहांपुर निवासी दिव्यांग राजू और मधुपुरी गांव निवासी रॉकी सैनी को स्कूटी भेंट की गई।





**अधिकारियों की मौजूदगी:**

कार्यक्रम में जिलाधिकारी मुरादाबाद डॉ. राजेंद्र पेंसिया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद सतपाल अंतिल की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों अधिकारियों के साथ क्षेत्र की जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों पर सार्थक चर्चा हुई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख नगमा जिलानी, गुलाम जिलानी, संजय कश्यप, बबलू जाटव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष भारत के विकास, आत्मनिर्भरता और जनविश्वास के स्वर्णिम अध्याय हैं। सरकार की मंशा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

# जिला अस्पताल में बंद पड़ी "मानसिक रोग ओपीडी" मरीजों को करना पड़ रहा है निजी अस्पतालों का रुख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला अस्पताल में अप्रैल से मानसिक रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की ओपीडी बंद पड़ी है। मनोरोग चिकित्सक का अनुबंध समाप्त होने के बाद से नए विशेषज्ञ की तैनाती नहीं हो सकी है, जिससे मानसिक रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत काउंसिलिंग के आधार पर व्यवस्था चल रही है, जबकि दवाओं और उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। ऐसे में इलाज के लिए पहुंच रहे लोगों को दवाओं का पूरा परामर्श नहीं मिल पाता है। जिला अस्पताल में मानसिक रोग विभाग में प्रतिदिन करीब 56 नए मरीज पहुंचते हैं। 100 से अधिक मरीज फालोअप के लिए आते हैं। विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने के कारण जूनियर




रेजिडेंट (जेआर) के भरोसे मरीजों को दवाएं दी जाती हैं, लेकिन कई मरीजों का कहना है कि उनकी दवाओं में बदलाव या बीमारी की गंभीरता का सही आकलन नहीं हो पा रहा है। मानसिक अवसाद, चिंता, अनिद्रा और अन्य मनोरोग संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

# मुरादाबाद में "16 विद्यालय चल रहे एक शिक्षक" के भरोसे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों की कमी के चलते मर्ज होने की कगार पर पहुंच गए हैं। शहर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय उड़पुरा, गलशहीद, कटघर पूर्वी और फैजगंज में शिक्षक नहीं होने के कारण इनके विद्यार्थियों को दूसरे विद्यालयों में भेजा गया है जबकि इन विद्यालयों में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 50 से ऊपर है। यही हाल ग्रामीण में है जहां कई विद्यालयों में एक ही शिक्षक हैं। विभाग के अनुसार मार्च में कई विद्यालयों में शिक्षकों का रिटायरमेंट हो गया है। ऐसे में समायोजन की व्यवस्था अभी अटकी हुई है।नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है लेकिन विभाग अब तक शिक्षकों की व्यवस्था नहीं कर सका है। शिक्षकों के




अभाव में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की संभावना है ' इन विद्यालयों में हैं एकल शिक्षकः कन्या दांग, पीटीसी, मुफ्ती टोला, पटेल नगर, कन्या प्राथमिक विद्यालय भोगपुर मटोनी, फजलपुर, कुंदनपुर, सिकंदरपुर टीगरी, आदर्श नगर, असालतपुर कदीम, भूड़ा, गाड़ी खाना, कटघर ईस्ट, कटघर वेस्ट, लकड़ी वालान और लाइनपार में एक ही शिक्षक के भरोसे विद्यालयों का संचालन हो रहा है। ऐसे में एक शिक्षक को कई कक्षाओं को संभालने की जिम्मेदारी है।

# स्कूलों में उपस्थिति:"प्रेरणा पोर्टल के आंकड़े बने" गवाह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति शिक्षा विभाग के लिए चुनौती बनी हुई है। प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज शिक्षा विभाग के बेसिक और माध्यमिक के मिड-डे मील संचालित विद्यालयों के पंजीकरण के आंकड़े इस ओर संकेत कर रहे हैं कि नामांकन की तुलना में विद्यालयों में पहुंचने वाले बच्चों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। मार्च और अप्रैल 2026 के आंकड़ों में जिले में औसतन केवल दो-तिहाई नामांकित विद्यार्थियों ने ही मध्याह्न भोजन खाया, जिससे विद्यालयों में उपस्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।जिले के 1,531 विद्यालयों में मार्च 2026 में 1.61 लाख नामांकित विद्यार्थियों के सापेक्ष 1.06 लाख बच्चों को मिड-डे मील परोसा गया। इस प्रकार उपलब्धि 65.94 प्रतिशत रही। अप्रैल में 1.31 लाख नामांकन के मुकाबले 90,354 विद्यार्थियों ने मध्याह्न भोजन खाया ऐसे में आंकड़ा बढ़कर 68.61 प्रतिशत तक पहुंचा।

मार्च-अप्रैल के आंकड़ों ने बताया दो तिहाई बच्चे ही आ रहे स्कूल विद्यार्थियों के विद्यालय नहीं पहुंचने के कारण यह अंतर आ सकता है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय अभी खुले ही हैं। विभाग की ओर से नामांकन और उपस्थिति बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अवकाश के बाद विशेष अभियान चलाया जाएगा।

कुंदरकी व मुरादाबाद देहात क्षेत्र की स्थिति दोनों माह में कमजोर है। अप्रैल में कुंदरकी द्वितीय क्षेत्र की उपलब्धि 53.10 प्रतिशत रही। मूंढापांडे, ठाकुरद्वारा व भगतपुर में भी उपलब्धि 70 प्रतिशत से नीचे रही है।

**रहस्य** रहस्य से पर्दा उठाने में जुटी पुलिस, कब्र से बॉडी निकाल हो पोस्टमार्टम तो उजागर हो सकती है सच्चाई

# 11 जून को हुई जसीम की मौत बनी संदिग्ध, हुई मौत, आत्महत्या या हुई हत्या बना रहस्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर ।** थाना कोतवाली टांडा के अंतर्गत पुलिस चौकी दढियाल के मौहल्ले किन्नर में गत 11 जून 2026 को गांव अकबराबाद निवासी मौहम्मद हनीफ अंसारी के पुत्र जसीम अंसारी की अचानक हुई मौत संदेहात्मक होती जा रही है, हालांकि मृतक जसीम का मुस्लिम रीति-रिवाज के मुताबिक सगे सबंधियों की मौजूदगी में 12 जून 2026 को दफन हो चुका है लेकिन मृतक के भाई मोवीन द्वारा 14 जून 2026 को थाना टांडा पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर आशंका होती है कि मृतक जसीम की मौत हुई या की गई उसकी हत्या ? बात यहीं खत्म नहीं होती,शक और भी मजबूत होता है जब पुलिस को मिली तहरीर का अवलोकन ध्यान से किया जाए तो देखिए 11जून 2026 को दोपहर बाद 1.17 बजे जसीम अपने भाई को फोन करता है कि बाहर जा रहा हूं दुकान पर नहीं आऊंगा, थोडी देर बाद जसीम की पत्नी सलमा 1.43 बजे मोवीन को फोन करती है लेकिन मोवीन से कुछ कहती नहीं,बस जसीम का नाम लेकर दरबाजा खोलो बोलती, चिल्लाती सुनी गई तो कुछ अनहोनी की हुई आशंका को भांप दुकान बंद कर मोवीन घर पहुंचा तो घर के दरबाजे पर बैठी नाते की मुवानी फूलजहां पत्नी अमीर अहमद निवासी अकबराबाद ने बताया कि बहुत देर से आवाज दे रही हूं, किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला ,तभी जसीम की पत्नी सलमा ने दरवाजा खोला, बकौल मोवीन घर की दुसरी मंजिल पर जिस ढंग में बैठे जसीम को देखा,हाथ पैर फूल गए,आनन - फानन जसीम को मामी फूलजहां सहित अन्य की मदद से डाक्टर के पास ले गए, उसके मना करने पर अन्यत्र ले गए वहां डाक्टर ने जसीम को मृत घोषित कर दिया , आनन-फानन में सगे संबंधियों की उपस्थिति में 12 जून को मृतक जसीम का दफन कर दिया गया ! इस घटित घटना को देख परिजनों का



सदमे में आना लाजमी रहा होगा और वही हुआ भी लेकिन बाद में सभी औरपहलुओं पर सोच - विचार करने के बाद मृतक के भाई मोवीन के द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर तो निष्कर्ष यही प्रतीत होता है कि परिजनों को शायद संदेह हो गया है कि जसीम की न मौत हुई है और न उसने आत्महत्या की है बल्कि जिस तरह से कमरे के अंदर वह दरबाजे के सहारे बैठा था और उसके गले में बंधा दुपट्टे का एक छोर दरबाजे के हैंडल में बंधा था उससे तो यही लगता है कि जसीम की हत्या करने के बाद आत्महत्या साबित करने का षड्यंत्र रचा गया हो क्योंकि फांसी लगाकर आत्महत्या की होती तो मृतक जसीम का शरीर फंदे से लटका हुआ होता और उसके पैर जमीन से ऊपर रहे होते इतना ही नहीं दरबाजा अंदर से बंद रहा होता ! लेकिन नहीं ऐसा नहीं हुआ, घर में पत्नी की मौजूदगी में कमरे में पति की इस तरह से मौत होना संदिग्ध तो प्रतीत है होती है ,सच कुछ भी रहा हो ! पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है, तहरीर के आधार पर जांच करने में जुटी है, पता चला है कि मृतक जसीम की पत्नी के मौबाइल नंबर पुलिस ने लिए हैं ,हो सकता है कि कॉल डिटेल निकलवाई जाए तो शायद पता चल सके कि आखिर माजरा है तो क्या ? वैसे मृतक के परिजन मौत से पर्दा उठाने के लिए मृतक का मृत शरीर कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम कराने तक का मन बना चुके है , देखते हैं पुलिस का रवैया रहता है क्या ? वैसे सवाल तो बनता है कि उक्त ऐसा कुछ यदि हुआ और दृश्य देखने को मिला तो आनन-फानन में मृतक का दफन किया गया तो वजह रही क्या, पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी गई और अब ऐसी क्या जल्दी है कि उसी के द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर पर की जा रही पुलिस जांच आने का इंतजार नहीं कर पा रहा है ? सुना है कि मोवीन के द्वारा जिलाधिकारी रामपुर को एक ऐसी अर्जी दी है कि जिसे देख कर असमंजस स्थिति बनी है कि आखिर मोवीन चाहता क्या है ? अब यह तो समय ही बताएगा कि पुलिस जांच में तथ्य निकल कर आता है क्या ?

## कुन्दरकी पुलिस ने 13 साल पुराने मामले में दो वारंटी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कुंदरकी पुलिस ने दो वारंटी नरेंद्र और



सतपाल निवासी ग्राम हाशा नगला को गिरफ्तार किया। दोनों 2013 के मारपीट मामले में वांछित थे। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर दिया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# टाइगर प्रिंट ड्रेस में दिशा पाटनी ने दिए दिलकश पोज


अभिनेत्री दिशा पाटनी अपने स्टाइलिश लुक और खूबसूरती को लेकर खूब सुर्खियां बटोरती हैं। उनकी फिटनेस के फैंस कायल हैं। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वे बोल्ड पोज देती दिख रही हैं।

दिशा पाटनी 34 वर्ष की हो गई हैं। अपने हालिया पोस्ट में उन्होंने कुछ दिलकश फोटोज शेयर किए हैं।दिशा टाइगर प्रिंट की वेस्टर्न ड्रेस पहने दिख रही हैं। उन्होंने अलग-अलग अंदाज में स्टाइलिश पोज दिए हैं।दिशा पाटनी ने बिल्ली के साथ भी पोज दिए हैं। उनका यह अंदाज देख कोई उन्हें शेरनी कह रहा है तो कोई उन्हें जंगली बिल्ली बता रहा है।कुछ नेटिजंस उनके पोस्ट पर मौनी रॉय को लेकर कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे है, तस्वीरों में मौनी रॉय भी होनी चाहिए थीं। बता दें कि दिशा और मौनी रॉय बेस्ट फ्रेंड हैं।

दिशा के करियर की बात करें तो उन्होंने शुरूआत साल 2015 में आई तेलुगु फिल्म लोफर से की थी। इसमें उन्होंने मौनी नाम की एक लड़की का रोल निभाया था। साल 2016 में दिशा ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म एम.एस. धोनीः द अनटॉल्ड स्टोरी थी।

# ग्राम चिकित्सालय- 2 में मेरा किरदार नई जिम्मेदारियों और बड़ी चुनौतियों का सामना करेगा: आकांक्षा रंजन कपूर

अभिनेत्री आकांक्षा रंजन कपूर अपने वेब शो ग्राम चिकित्सालय के दूसरे सीजन की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने शो के नए सीजन में अपने किरदार के सफर को लेकर खुलकर बात की। साथ ही बताया कि इस बार क्या खास है। अभिनेत्री ने बताया कि दूसरे सीजन में उनका किरदार गार्गी पहले से अधिक जिम्मेदारियों का सामना करता नजर आएगा। साथ ही, उसे कई कठिन और जटिल फैसले भी लेने पड़ेंगे, जो उसके किरदार के साथ कहानी को और भी दिलचस्प बनाएंगे। इस बारे में बात करते हुए आकांक्षा रंजन कपूर ने कहा, डॉ.



गार्गी का किरदार निभाने का सबसे संतोषजनक पहलू यह रहा कि दर्शकों ने उससे गहरा जुड़ाव महसूस किया और भरपूर प्यार दिया। पहले सीजन में गार्गी को एक ईमानदार, सरल और जमीन से जुड़ी हुई महिला के रूप में दिखाया गया था और मुझे लगता है कि दर्शकों ने उसकी इसी सच्चाई से खुद को जोड़ा। यह देखकर खुशी होती है कि लोगों का यह प्यार और अपनापन दूसरे सीजन में उसके किरदार के और बड़े सफर का हिस्सा बना है। उन्होंने आगे कहा, दूसरे सीजन में गार्गी पहले से कहीं अधिक जिम्मेदारियों का सामना करती नजर आएगी। उसे कई जटिल फैसले लेने पड़ते हैं और ऐसी चुनौतियों से गुजरना पड़ता है, जो उसके सिद्धांतों और विश्वासों की वास्तविक परीक्षा लेती हैं। एक कलाकार के तौर पर ऐसे शो का हिस्सा बनना बेहद संतोषजनक है, जो गहराई वाली कहानियां प्रस्तुत करता है और अपने किरदारों को विकसित होने का पूरा अवसर देता है।ग्राम चिकित्सालयइ के पहले सीजन को झारखंड के भाठकांडी गांव में ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था के यथार्थवादी और संवेदनशील चित्रण के लिए काफी सराहना मिली थी। पहले सीजन में आकांक्षा रंजन कपूर ने स्थानीय डॉक्टर डॉ. गार्गी के किरदार को प्रभावशाली ढंग से निभाया। शो की कहानी का बड़ा हिस्सा अब उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमता नजर आएगा, जिससे आकांक्षा रंजन कपूर की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। ग्राम चिकित्सालय का दूसरा सीजन 23 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा।

# पेड्डी की कमाई में 13वें दिन आई गिरावट, मैं वापस आऊंगा-हॉन्टेड 3 डी चमकी, कंगना की फिल्म ने तोड़ा दम

वीकेंड पर दबाकर कमाई करने वाली फिल्में अक्सर वीकडेज में मंदी की मार झेलती हैं. सिनेमाघरों में मौजूद हालिया रिलीज सभी फिल्मों का भी कुछ ऐसा ही हाल है. बीते शुक्रवार को रिलीज हुई चार फिल्मों में से हॉन्टेड 3 डी और मैं वापस आउंगा ही बॉक्स ऑफिस पर ठीक परफॉर्म कर रही है. बाकी की गवर्नर और भारत भाग्य विधाता का हाल बुरा है. इन सबके बीच राम चरण की पेद्दी कमाई में गिरावट के बावजूद अभी भी बॉक्स ऑफिस पर बढ़त बनाए हुए है. लेकिन वरुण धवन की है जवानी तो इश्क होना है कमाई के लिए संघर्ष कर रही है. चलिए यहां जानते हैं मंगलवार को इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म किया है?

राम चरण की पेद्दी की कमाई में वीकडेज में फिर गिरावट देखी जा रही है. बावजूद इसके ये सिनेमाघरों में मौजूद सभी फिल्मों से ज्यादा कलेक्शन कर रही है.

बता दें कि सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक




रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को इसने 3.45 करोड़ कमाए हैं। इसी के साथ भारत में इसकी 13 दिनों की नेट कमाई अब 223.55 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं इम्तियाज अली निर्देशित और दिलजीत दोसांझ स्टारर फिल्म मैं वापस आऊंगा की कमाई में मंडे को गिरावट देखी गई थी और इसने 1.15 करोड़ कमाए थे. वहीं मंगलवार को इसके कलेक्शन में तेजी देखी जा रही है। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मैं वापस आऊंगा ने रिलीज के 5वें दिन यानी मंगलवार को 1.65 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ इसकी भारत में 5 दिनों की नेट कमाई अब 8.30 करोड़ रुपये हो गई है.

वहीं 12 जून को रिलीज हुई सभी फिल्मों में विक्रम भट्ट निर्देशित हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डी सबसे अच्छा परफॉर्म कर रही है. हालांकि मंडे को इसकी कमाई में भी मंदी आई थी और इसने 2 करोड़ कमाए थे.

वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबित मंगलवार को रिलीज के 5वें दिन हॉन्टेड 3डी इकोज ऑफ द पास्ट ने 2 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ इस फिल्म की 5 दिनों की भारत में नेट कमाई अब 13.35 करोड़ रुपये हो गई है। इधर कंगना रनौत की भारत भाग्य विधाता बॉक्स ऑफिस पर कमाई के लिए जद्दोजहद कर रही है. मंडे टेस्ट में ये फेल हो गई थी और इसने महज 65 लाख रुपये कमाए थे। वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक रिलीज के 5वें दिन यानी मंगलवार को इस फिल्म ने 65 लाख रुपये कमाए हैं. इसी के साथ भारत भाग्य विधाता की 5 दिनों की भारत में कुल नेट कमाई अब 5.55 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं वरुण धवन स्टार और डेविड धवन निर्देशित है जवानी तो इश्क होना है भी बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ रही है. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 1.35 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ इसकी 12 दिनों की भारत में नेट कमाई अब 47.50 करोड़ रुपये हो गई है।

# मोहनलाल की दृश्यम 3 ने विदेशी बॉक्स ऑफिस लूटा, बनी मॉलीवुड की तीसरी सबसे बड़ी फिल्म

मोहनलाल स्टारर दृश्यम 3 साल की मच अवेटेड फिल्म थी. ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी की इस तीसरी इंस्टॉलमेंट को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया. वहीं 18 जून को ये ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी रिलीज हो रही है. ऐसे में अब ये दुनिया भर के सिनेमाघरों में अपनी कमाई का सफर खत्म करने वाली है. वहीं ओवरसीज में तो फिल्म का थिएट्रिकल रन तकरीबन खत्म सा ही हो गया है. चलिए यहां जानते हैं दृश्यम 3 ने ओवरसीज में कितना कलेक्शन किया है?

मोहनलाल की मलयालम क्राइम थ्रिलर फिल्म दृश्यम 3 इंटरनेशनल लेवल पर ब्लॉकबस्टर रही है. इसने अपने थिएट्रिकल रन के दौरान मिडिल ईस्ट, नॉर्थ अमेरिका (यूएसए और कनाडा) और यूके (यूके-आयरलैंड) में जबरदस्त परफॉर्म किया है.



वहीं लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक मिडिल ईस्ट रीजन से इसने $6.47 मिलियन से ज्यादा की कमाई हुई है, जोकि इंडियन करेंसी के हिसाब से 61.17 करोड़ से ज्यादा है. नॉर्थ अमेरिका क्षेत्र से इसकी कमाई $1.97 मिलियन से ज्यादा है जो भारतीय रुपयों में 18.61 करोड़ से ज्यादा है. वहीं यूके में इसने $1.42 मिलियन से ज्यादा कमाए हैं, जो भारतीय रुपयों में 13.41 करोड़ से ज्यादा है. कुल मिलाकर, दृश्यम 3 ने अपनी रिलीज के 26 दिनों में ओवरसीज बॉक्स ऑफिस पर 111.7 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की है। यह एक शानदार आंकड़ा है, जिससे यह एल2ः एम्पुरान (142.25 करोड़ रुपये) के बाद मोहनलाल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। दृश्यम 3 111.7 करोड़ रुपये की कमाई के साथ फिलहाल ओवरसीज बॉक्स ऑफिस पर तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है और यह इसी पायदान पर अपना सफर खत्म करेगी. वहीं दूसरी पोजिशन हासिल करने के लिए, इसे लोकाह चैप्टर 1 झ्र चंद्रा के 119.9 करोड़ रुपये को मात देनी होगी. इसके लिए इसे 8.2 करोड़ रुपये और कमाने होंगे. लेकिन मोहनलाल की इस फिल्म का सफर लगभग खत्म हो चुका है, इसलिए लोकाह चैप्टर 1 झ्र चंद्रा को पछाड़ना अब इसके लिए नामुमकिन है।

# ऑनलाइन हैंडबैग खरीदने जा रही हैं? इन 5 बातों का रखें खास ध्यान



हैंडबैग एक ऐसा फैशन का सामान है, जो न केवल महिलाओं की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि उनके लुक को भी खास बनाता है। जब आप ऑनलाइन हैंडबैग खरीदने जा रही हैं तो कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि आपका चयन सही हो और आपको संतुष्टि मिले। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे जरूरी सुझाव देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप ऑनलाइन हैंडबैग का सही चयन कर सकती हैं।

**सही आकार चुनें**

जब आप ऑनलाइन हैंडबैग खरीदें तो सबसे पहले उसके आकार पर ध्यान दें। यह तय करें कि आपको छोटे, मध्यम या बड़े आकार का बैग चाहिए। छोटे आकार के बैग रोजमर्रा के उपयोग के लिए बेहतर होते हैं, जबकि बड़े आकार के बैग यात्रा या शॉपिंग के लिए उपयुक्त होते हैं। मध्यम आकार के बैग्स ऑफिस या कॉलेज जाने के लिए अच्छे होते हैं। इस तरह आप अपनी जरूरत के हिसाब से सही आकार चुन सकती हैं।

**सामग्री का चयन करें**

हैंडबैग की सामग्री भी बहुत अहम होती है। चमड़ा, कैनवास, नायलॉन आदि अलग-अलग सामग्रियों में उपलब्ध होते हैं। चमड़े के बैग्स लंबे समय तक चलते हैं और स्टाइलिश दिखते हैं, लेकिन इनकी देखभाल ज्यादा करनी पड़ती है। कैनवास बैग्स हल्के होते हैं और आसानी से साफ किए जा सकते हैं, जबकि नायलॉन पानी से बचाने वाले होते हैं और बारिश में भी सुरक्षित रहते हैं। अपनी जरूरतों और पसंद के अनुसार सही सामग्री का चयन करें।

**रंगों का मेल देखें**

आपका हैंडबैग आपके कपड़ों के साथ मेल खाना चाहिए ताकि आपका लुक पूरा लगे। अगर आप रोजमर्रा की पोशाक पहनती हैं तो काले, भूरे या बेज रंग के बैग्स अच्छे रहते हैं क्योंकि ये लगभग सभी रंगों के साथ जाते हैं, वहीं अगर आप पार्टी के लिए तैयार होती हैं तो चमकीले रंग जैसे लाल, नीला या हरा रंग का बैग चुन सकती हैं जो आपके लुक को और भी खास बनाएंगे।

**स्टाइल पर ध्यान दें**

स्टाइल भी बहुत जरूरी होता है जब बात फैशन की आती है। फ्लैप बंद, जिपर बंद या मैग्नेटिक बंद जैसे अलग-अलग स्टाइल उपलब्ध होते हैं। फ्लैप बंद बैग्स क्लासिक लुक देते हैं जबकि जिपर बंद बैग्स आधुनिक दिखते हैं। मैग्नेटिक बंद बैग्स जल्दी खोलने बंद करने में आसान होते हैं। अपने स्टाइल और सुविधा के अनुसार सही बंद स्टाइल चुनें ताकि आपका हैंड बैग न केवल उपयोगी हो बल्कि आपकी व्यक्तिगत शैली को भी दर्शाए।

**ग्राहक समीक्षा पढ़ें**

ऑनलाइन खरीदारी करते समय ग्राहक समीक्षा पढ़ना बहुत जरूरी है ताकि आपको उत्पाद की गुणवत्ता और प्रदर्शन का सही अंदाजा हो सके। अच्छी रेटिंग वाले उत्पादों को प्राथमिकता दें और नकारात्मक समीक्षाओं पर ध्यान दें ताकि किसी भी तरह की निराशा से बचा जा सके। इन सभी बातों का ध्यान रखते हुए आप आसानी से अपने लिए सबसे अच्छा हैंड बैग चुन सकती हैं जो आपकी जरूरतों और पसंद के हिसाब से फिट बैठेगा।

# ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स से परेशान? तो छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है चावल का यह घरेलू उपाय

आज के समय में साफ और चमकदार त्वचा हर कोई चाहता है, लेकिन धूल, मिट्टी, पसीना और बढ़ते प्रदूषण की वजह से चेहरे पर कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। इनमें ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स सबसे आम परेशानी हैं। ये



छोटे-छोटे दाने अक्सर नाक, ठुड्डी और माथे के आसपास दिखाई देते हैं। इनकी वजह से चेहरा साफ दिखने के बजाय बेजान नजर आने लगता है। कई लोग इन्हें हटाने के लिए महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदते हैं, लेकिन कुछ आसान घरेलू तरीके भी त्वचा की सफाई में मदद कर सकते हैं। ऐसा ही एक तरीका चावल से तैयार किया गया स्क्रब है, जो चेहरे पर जमा गंदगी को साफ करने में सहायक माना जाता है। त्वचा के रोमछिद्रों में जब प्राकृतिक तेल (सीबम), धूल-मिट्टी और मृत कोशिकाएं जमा हो जाती हैं, तब ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स की समस्या उत्पन्न होती है। जब रोमछिद्र खुले होते हैं और यह जमा गंदगी हवा के संपर्क में आती है, तो ऑक्सीकरण के कारण इसका ऊपरी हिस्सा काला पड़ जाता है, जिसे ब्लैकहेड्स कहते हैं। इसके विपरीत, जब यह गंदगी त्वचा के भीतर ही बंद रह जाती है, तो वह सफेद दाने के रूप में उभरती है, जिसे व्हाइटहेड्स कहा जाता है। इसलिए इनसे बचने के लिए चेहरे की नियमित सफाई बहुत जरूरी होती है।

चावल को त्वचा के लिए फायदेमंद माना जाता है क्योंकि इसके दाने त्वचा पर जमा गंदगी को धीरे-धीरे हटाने में मदद करते हैं। जब चावल को हल्का दरदरा पीसा जाता है, तो उसके छोटे-छोटे कण चेहरे की ऊपरी परत पर जमी मृत त्वचा को साफ करने का काम करते हैं। इससे त्वचा पहले से ज्यादा साफ और ताजा महसूस होती है।

इस स्क्रब को बनाने के लिए सबसे पहले थोड़ा चावल लेकर उसे मिक्सर में हल्का पीस लें। ध्यान रखें कि चावल पूरी तरह पाउडर न बन जाए। इसके बाद इसमें थोड़ा कच्चा दूध मिलाएं। दूध त्वचा को मुलायम रखने में मदद करता है और चेहरे पर जमी गंदगी की पकड़ ढीली करता है। फिर इसमें थोड़ा गुलाब जल मिला लें। गुलाब जल त्वचा को ठंडक और ताजगी देने के लिए जाना जाता है। इन तीनों चीजों को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें।


जब यह पेस्ट तैयार हो जाए तो इसे चेहरे पर लगाएं। इसके बाद हल्के हाथों से गोल-गोल घुमाते हुए कुछ मिनट तक मसाज करें। नाक के आसपास के हिस्से पर थोड़ा ज्यादा ध्यान दें, क्योंकि ब्लैकहेड्स सबसे ज्यादा वहीं दिखाई देते हैं। चावल के छोटे कण त्वचा की ऊपरी परत पर जमी गंदगी और अतिरिक्त तेल को हटाने में मदद करते हैं। मसाज करने के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें। स्क्रब करने के बाद त्वचा को नमी की जरूरत होती है, इसलिए मॉइस्चराइजर लगाने से त्वचा मुलायम बनी रहती है।

# दौलत वैद द्वारा निर्देशित नाटक "शकुनि" का मंचन होगा 23 जून को एनएसडी दिल्ली में

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दिल्ली/बुलंदशहर** । वरिष्ठ नाट्य निर्देशक एवं परिकल्पक केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी से पुरस्कृत दौलत राम वैद द्वारा निर्देशित नाटक शकुनि का मंचन 23 जून 2026 को राष्ट्रीय नाटयविद्यालय दिल्ली अभिमंच प्रांगण में होने जा रहा है जिसकी प्रस्तुति एवं निर्देशन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के जाने माने रंगकर्मी एव सम्मानित कलाकारों केप्रदर्शन कला उत्सव के अंतर्गत होने जा रही है और प्रस्तुत शकुनि नाटक का निर्देशन जाने माने रंग कर्मी एवं नाटक निर्देशक दौलत राम वैद द्वारा किया जा रहा है नाटक निर्देशक दौलत राम वैद ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि 2022 -23 के संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कलाकारों के द्वारा यह नाटक किया जा रहा है जिसमें जाने माने रंग कमी श्रीवर्धन त्रिवेदी शकुनि का किरदार कर रहे हैं। इस नाटक की प्रस्तुति करता एवं निर्देशक दौलत वैद ने आगे बताया कि इस नाटक को देखने के लिए देश के जाने-माने रंगकर्मी और उपस्थित रहेंगे उन्होंने बताया कि प्रवेश पूर्णत निशुल्क है। फोन पर हुई वार्ता के अनुसार दौलत राम वैद ने विलियम शेक्सपियर के उन शब्दों को दोहराया जिसमें उन्होंने कहा सारी दुनिया एक रंग मंच है आज रंगमंच को फिर से मानवता का मंच बनाना होगा दौलत वैद ने राज कपूर की फिल्म अनाड़ी के उस कालजयी गीत को गुनगुनाते हुए कहा कि किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार किसी के वास्ते हो तेरे दिल में प्यार जीना इसी का नाम है। वैद ने कहा कि यह गीत एक सच्चे कलाकार का जीवन सूत्र है। नेपाल में शकुनि नाटक के मंचन के बारे में जब जानकारी की तो उन्होंने बताया कि यह नाटक नेपाल में भी पिछले दिनों मंचन किया गया था जहां लोगों ने इसकी बहुत प्रशंसा की इस नाटक के प्रस्तुति करता एवं निर्देशक दौलत वैद ने लोगों से आग्रह किया है कि इस नाटक को देखने के लिए वह पहुंचे और नाटक का आनंद ले इसकी प्रस्तुति एनएसडी के जाने-माने कलाकारों द्वारा की जा रही है।

**नेपाल में शकुनि नाटक के मंचन के बारे में जब जानकारी की तो उन्होंने बताया कि यह नाटक नेपाल में भी पिछले दिनों मंचन किया गया था जहां लोगों ने इसकी बहुत प्रशंसा की**




# उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन पहुंचे लद्दाख,अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

**श्रीनगर (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन तीन दिन के दौरे पर शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख पहुंचे. वह यहां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेंगे. उप राष्ट्रपति का स्वागत लेह के कुशोक बकुला रिनपोछे एयरपोर्ट पर लेफ्टिनेंट गवर्नर विनय कुमार सक्सेना ने किया। इस अवसर पर लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद कारगिल के मुख्य कार्यकारी पार्षद डॉ. मोहम्मद जाफर अखून, लद्दाख से लोकसभा सांसद मोहम्मद हनीफा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे.

अधिकारियों ने बताया कि उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन तीन दिन के दौरे पर लेह में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समेत कई कार्यक्रम में भाग लेंगे. इस कार्यक्रम में युवा, सशस्त्र बलों के कर्मचारी और विभिन्न संगठनों के सदस्य योग के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के संदेश को बढ़ावा देने में भाग लेंगे.



इसको लेकर एलजी सक्सेना ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, " उपराष्ट्रपति की अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 से पहले उपस्थिति अत्यंत प्रेरणादायक है. योग की शाश्वत परंपरा के उत्सव की तैयारी के बीच उनका मार्गदर्शन और नेतृत्व हमें अधिक स्वस्थ, संतुलित और सामंजस्यपूर्ण जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। एक अधिकारी ने बताया कि इस दौरे के दौरान, उप-राष्ट्रपति 20 जून को सीमावर्ती गांव लुकुंग जाएंगे, जहां वे स्थानीय स्वयं सहायता समूहों से बातचीत करेंगे और 'वाइब्रेंट विलेजेजइ कार्यक्रम के तहत सीमा क्षेत्र में जारी विकासात्मक पहलों की समीक्षा करेंगे. वह युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे। केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए कई राज्यों में मंत्रियों को भेजा है. इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मेन थीम स्वस्थ उम्र बढ़ाने के लिए योग है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां भाजपा ने ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटा दिया है।

# नेपाल दूतावास एवं GTTCI ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 का किया आयोजन, योग के माध्यम से स्वास्थ्य, सद्भाव और वैश्विक एकता का दिया संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** स्थित नेपाल दूतावास और ग्लोबल ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल ऑफ इंडिया (GTTCI) के संयुक्त तत्वावधान में 19 जून 2026 को नेपाल दूतावास, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजनयिकों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, योग विशेषज्ञों और विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया तथा योग, ध्यान और समग्र स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. गौरव गुप्ता, फाउंडर प्रेसिडेंट–GTTCI और डॉ. सुरेंद्र थापा, चार्ज डी अफेयर्स (CdA), नेपाल दूतावास के प्रेरणादायक मुख्य वक्तव्य के साथ हुई। अपने संबोधन में उन्होंने योग को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देने वाली एक सार्वभौमिक परंपरा बताया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि योग विभिन्न संस्कृतियों और देशों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर निकारागुआ के चार्ज डी अफेयर्स और पापुआ न्यू गिनी के राजनयिक सहित कई गणमान्य अतिथियों एवं अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रसिद्ध योग प्रशिक्षक सुश्री मानसी गुलाटी द्वारा विशेष योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न योग आसनों एवं अभ्यासों के माध्यम से शारीरिक संतुलन, लचीलापन और मानसिक एकाग्रता का अनुभव किया। कार्यक्रम में श्री नवरत्न अग्रवाल, डायरेक्टर झ बीकानेरवाला द्वारा ध्यान सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें आंतरिक शांति और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुश्री पूनम पर्ल द्वारा सूर्य नमस्कार का विशेष प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त अंतरिक्ष स्पेशल किड्स बैंड द्वारा एक विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसने कार्यक्रम में सकारात्मकता, समावेशिता और प्रेरणा का संदेश दिया। इस आयोजन में Gopal's56 हॉस्पिटैलिटी पार्टनर के रूप में सहयोगी रहा, जिसने कार्यक्रम की आतिथ्य व्यवस्था को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।






कार्यक्रम का समापन योग के माध्यम से स्वास्थ्य, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ। यह आयोजन नेपाल दूतावास और GTTCI के संयुक्त प्रयासों का प्रतीक रहा, जो एक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण विश्व की दिशा में योगदान दे रहे हैं।

# अब पीएसी का भी मनोबल बढ़ा रही डीजी आलोक सिंह की नेतृत्व कुशलता, किया शस्त्रों का निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** पीएसी के महानिदेशक (डीजी) आलोक सिंह ने एसएसएफ मुख्यालय 32वीं वाहिनी पहुंच विशेष सुरक्षा बल के शस्त्रों, बम निरोधक दस्ते के उपकरणों तथा वीवीआईपी सुरक्षा में प्रयुक्त विभिन्न आधुनिक उपकरणों का निरीक्षण कर उच्च स्तर की व्यावसायिक दक्षता बनाए रखने, नवीन तकनीकों एवं उपकरणों की निरंतर जानकारी निरंतर प्राप्त करने तथा स्वयं को अपडेट रखने हेतु प्रेरित भी किया।

कुल मिलाकर सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध लगभग 65 वर्ष पुराने देश और समाज के हित में शानदार इतिहास वाले प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी यानी पीएसी का गौरव पहले से अब और ज्यादा बढ़ने की दिशा में सफलता पूर्वक अग्रसर है, जिसकी वजह है, पीएसी के वर्तमान मुखिया यानी डीजी आलोक सिंह की कर्तव्य निष्ठा, उनकी ईमानदारी और उनकी नेतृत्व कुशलता। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की सहायता में भी सदैव अव्वल रहे राष्ट्रपति तक के गोल्ड और प्लेटिनम समेत सभी तरह के मेडलों और पुरस्कारों के रुप में अनेक दुर्लभ उपलब्धियों के भी प्रसंसनीय धारक पी ए सी के डायरेक्टर जनरल (डीजी ) के पहले कानपुर जोन के सफल एडीजी और इसके भी पहले यूपी में कमिश्नरेट पुलिस के गठन की शुरूआत में नोएडा के भी पहले सर्वोत्तम पुलिस कमिश्नर भी रहे भारत के कर्तव्यनिष्ठ और इमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक सराहनीय और अनुकरणीय कार्यशैली वाले व्यवहार कुशलता के भी धनी, शिवत्व स्वभाव वाले सुप्रसिद्ध वरिष्ठ आईपीएस डीजी आलोक सिंह का पुलिस विभाग में सेवा की शुरूआत से लेकर विशुद्ध ईमानदारी से पूर्ण अबतक का जुझारू इतिहास यह साबित करता है कि उनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा ने पीड़ितों के हित में कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में हर तरह के अपराधियों और माफिया के खिलाफ आज तक वही किया जो देश और समाज के हित में रहा।

अगर आईपीएस के रूप में उनकी सराहनीय सेवाओं की शुरूआत से लेकर पीएसी के महानिदेशक होने के पहले तक के कार्यकाल की बात करें तो कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में माफिया अपराधियों के खिलाफ योगी सरकार की मंशा के अनुरुप जनहित के हर मुद्दे पर सफलता के पर्याय आलोक सिंह के पास आने वाला कोई भी पीड़ित आजतक निराश नहीं लौटा। वह चाहे पहले पुलिस कमिश्नर के रूप में उनका नोएडा का कार्यकाल हो यह फिर ए डीजी के रूप में कानपुर जोन का कार्यकाल। पीड़ितों के हित में और अपराधियों के खिलाफ कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में वह हर दृष्टिकोण से सदैव अव्वल ही रहे हैं। जिससे इस आशय के सत्य भी उद्घाटित होता है कि इस संसार में मानव शरीर धारी दुष्ट राक्षसों से पीड़ित लोगों की रक्षा और उनकी सहायता करने के लिए परमेश्वर शंख, चक्र और गदा लेकर नहीं बल्कि किसी ना किसी महामानव को ही अपना माध्यम बनाता है। जिसका लोकहित में निरंतर निरत आलोक सिंह जैसे कर्मयोगियों से भी नाता है। इस दृष्टिकोण से जनहित में विशुद्ध ईमानदारी का नाम आलोक सिंह है। दबाव में नहीं झुकने वाली निडरता का नाम डीजी आलोक सिंह है। पीड़ितों की हर संभव सहायता का नाम आलोक सिंह है।

अपराधियों के उनके कर्मों का फल देने की कर्तव्य निष्ठा का नाम आलोक सिंह है। वही आलोक जो प्रकाश का भी पर्याय है। कर्तव्य के प्रति निष्ठा का वही प्रकाश जो अन्याय, अत्याचार और शोषण के अंधकार को मिटाता है। मतलब परमेश्वर देश, कालखंड और परिस्थितियों के अनुरूप योगी ,मोदी ही नहीं बल्कि आईपीएस आलोक सिंह भी बन जाता है और आखिरी क्षण तक जनहित में अपना कर्तव्य भी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाता है।



# भारत के सीमेंट ब्रांडों पर आधारित पुस्तक "ABC of Cement Brands in India: Past, Present & Future" का लोकार्पण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा** । भारतीय सीमेंट उद्योग के वरिष्ठ विशेषज्ञ एवं लेखक डॉ. के.एन. झा द्वारा लिखित पुस्तक "ABC of Cement Brands in India: Past, Present & Future" का भव्य लोकार्पण आज नोएडा में आयोजित एक समारोह में किया गया। पुस्तक का लोकार्पण श्रीमती मंजू देवी कनोडिया, श्री विशाल कनोडिया एवं श्री गौतम कनोडिया (संस्थापक, कनोडिया समूह) द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय सीमेंट उद्योग के प्रख्यात विशेषज्ञ एवं पूर्व महानिदेशक, राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन निर्माण सामग्री परिषद (NCB), डॉ. के. मोहन तथा प्रसिद्ध टेक्नो-लीगल सलाहकार एवं कॉर्पोरेट एडवाइजर श्री विजय सरदाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. के. मोहन ने कहा कि भारत का सीमेंट उद्योग देश के आर्थिक एवं आधारभूत संरचना विकास के साथ निरंतर विकसित हुआ है और आज यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक उद्योग बन चुका है। तकनीक, गुणवत्ता, स्थिरता (Sustainability) और ब्रांड निर्माण के क्षेत्र में हुए परिवर्तन इस उद्योग की सफलता की कहानी बताते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. झा की यह पुस्तक सीमेंट उद्योग के विकास को ब्रांडों के दृष्टिकोण से समझने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री विजय सरदाना ने कहा कि यह पुस्तक सीमेंट उद्योग से जुड़े पेशेवरों, निवेशकों, नीति-निमार्ताओं, शोधकताओं, सलाहकारों एवं विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ सिद्ध होगी। पुस्तक में यह बताया गया है कि किस प्रकार ब्रांड बनाए जाते हैं, विकसित होते हैं, समय के साथ स्वयं को पुनर्स्थापित करते हैं तथा कुछ ब्रांड प्रतिस्पर्धा में पीछे भी रह जाते हैं।




लेखक डॉ. के.एन. झा ने पुस्तक की विषय-वस्तु पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसमें वर्ष 1914 से लेकर वर्तमान समय तक भारतीय सीमेंट उद्योग की विकास यात्रा का विस्तृत विवरण दिया गया है। पुस्तक में उन 80 से अधिक सीमेंट ब्रांडों का भी विश्लेषण किया गया है जो समय के साथ बाजार से विलुप्त हो गए। साथ ही उन अग्रणी उद्योगपतियों और प्रमोटरों के योगदान को भी रेखांकित किया गया है जिन्होंने अपने ब्रांडों को चार दशकों से अधिक समय तक सफलतापूर्वक स्थापित एवं प्रासंगिक बनाए रखा। उन्होंने बताया कि पुस्तक में बहुराष्ट्रीय, सार्वजनिक क्षेत्र तथा उभरते हुए निजी सीमेंट ब्रांडों की यात्रा और चुनौतियों का भी विस्तार से वर्णन किया गया है। अंतिम अध्याय में भारतीय सीमेंट उद्योग के भविष्य, नवाचार, हरित प्रौद्योगिकी एवं सतत विकास (Sustainable Development) की संभावनाओं पर विशेष चर्चा की गई है। इस अवसर पर सीमेंट उद्योग के अनेक वरिष्ठ पेशेवर एवं अधिकारी, जिनमें बाबूलाल सिंह, आशुतोष शुक्ला एवं आर.एन. मालू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। लेखक के बारे में डॉ. के.एन. झा सीमेंट उद्योग के एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ हैं और उन्हें इस क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है।

# नगर पंचायत ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर जुर्माना वसूला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर शुक्रवार को नगर में सरकारी सड़क को कब्जे से मुक्त करने के लिए नगर में अतिक्रमण अभियान चलाया गया' सरकारी सड़क पर कब्जा करने वालों से 22000 का जुर्माना भी वसूला गया। अभियान चलाया गया अतिक्रमण न किये जाने हेतु लाउडस्पीकर के साथ लगातार चेतावनी देते हुए पुलिस बल के सहयोग से नगर पंचायत कांठ में विशेष अभियान चलाकर मुख्य बाजार में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया।

साथ ही पॉलिथीन भी जब्त की गई जिसमें अतिक्रमण कर्ताओ के विरूद्ध 22000 रू0 का जुर्माना वूसलने के साथ-साथ सामग्री भी जब्त की गयी तथा भविष्य में अतिक्रमण न किये जाने की अपील की गयी। आगे भी समय-समय पर अवैध अतिक्रमण हटाओं एवं पॉलिथीन मुक्त किये जाने हेतु अभियान चलाया जाता रहेगा एवं नागरिकों से सहयोग करने की अपील की गई है। अतिक्रमण अभियान में अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल, वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार, नितिन विश्नोई, इमरान अहमद, निशान्त कुमार, आफाक, मौ0 आलम, जयपाल व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।





**शानदार भागीदारी** वैश्विक खरीदारों, उद्योग जगत के नेताओं और नीति निमार्ताओं की मजबूत भागीदारी

# भारत बिल्डकॉन 2026 के दूसरे दिन व्यापारिक गतिविधियों में जबरदस्त तेजी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (सज्जाद बाकर)।** भारत के बिल्डिंग मैटेरियल्स और कंस्ट्रक्शन उद्योग की प्रमुख प्रदर्शनी भारत बिल्डकॉन 2026 , वन नेशन, वन एक्सपो के दूसरे दिन यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में उद्योग जगत की शानदार भागीदारी देखने को मिली। प्रदर्शनी में देश-विदेश के खरीदारों, आर्किटेक्ट्स, डेवलपर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स, निमार्ताओं, व्यापारियों, नीति निमार्ताओं, सलाहकारों और उद्योग संगठनों की बड़ी उपस्थिति दर्ज की गई।

**अंतरराष्ट्रीय सहभागिता, उद्योग सम्मेलन और बिजनेस मीटिंग्स ने भारत को वैश्विक बिल्डिंग मैटेरियल्स हब के रूप में और मजबूत किया**

प्रदर्शनी के दूसरे दिन व्यापक बिजनेस इंटरैक्शन, खरीदार-विक्रेता बैठकें, उत्पाद प्रदर्शन और ज्ञान-विनिमय सत्र आयोजित किए गए, जिससे भारतीय निमार्ताओं को अपने बाजार का विस्तार करने और वैश्विक व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुए। भारत बिल्डकॉन के निदेशक विशाल आचार्य ने कहा, पहले दो दिनों में मिला जबरदस्त प्रतिसाद भारत के विनिर्माण क्षेत्र में वैश्विक विश्वास को दशार्ता है। अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और व्यापार प्रतिनिधिमंडलों की उपस्थिति भारतीय कंपनियों को निर्यात बढ़ाने का सीधा अवसर प्रदान कर रही है। भारत बिल्डकॉन के निदेशक जितेंद्र कथीरिया ने कहा, इस तरह के बड़े आयोजन केवल प्रदर्शनी तक सीमित नहीं रहते बल्कि विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, परिवहन और सेवा क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं।

यहां हो रही हजारों व्यापारिक बैठकें भविष्य में महत्वपूर्ण व्यावसायिक समझौतों का रूप ले सकती हैं। भारत का निर्माण और बिल्डिंग मैटेरियल्स क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक बनकर उभर रहा है।




# इमामबाड़ा नाजिम साहब में मर्सियाख्वानी: काज़िम अबरार ने बयां किए हजरत अब्बास की शहादत के मसायब

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** इमामबाड़ा नाजिम साहब में 'इदारा ए तहफ्फुज मर्सियाख्वानी' के तत्वाधान में आयोजित मर्सियाख्वानी मजलिसों के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए तीसरी मजलिस का आयोजन किया गया। इस मजलिस को जाने-माने मर्सियाख्वाह काज़िम अबरार रिजवी ने खिताब किया।

उन्होंने हजरत अब्बास (अ.स.) की शहादत और उनके मसायब पर आधारित दर्दनाक मर्सिया पेश कर मोममीन की आँखों को नम कर दिया।

**मर्सिया के कुछ चुनिंदा बंद इस प्रकार रहे:**

जल्वागर खुद-ए-हुसैन इब्ने अली है सर पर;
देखो जेब-ए-तन रोशन है कबा-ए-शब्बर;
तरकश जाफर-ए-तय्यार है, हम्जा की सिपर;
डाब में वह है लगी तेग-ए-जनाब-ए-हैदर
नीयत फत्ह से शमशीर-ओ-सिपर बाँधी है
किस के सरवर की हिमायत में कमर बाँधी है



**अगली मजलिस की सूचना**

इदारा के ज़िम्मेदारों के मुताबिक, इसी सिलसिले की अगली मजलिस 4 मुहर्रम को आयोजित की जाएगी। इस मजलिस में मशहूर मर्सियाख़्वान मोहसिन अब्बास रिजवी बारगाहे हुसैनी में अपना मर्सिया पेश करेंगे। मजलिस में भारी संख्या में अजादारों के शामिल होने की उम्मीद है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267